समाज कार्य परिभाषा कोश

(वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग)
केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय
शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
1978

प्रकाशक

मुद्रक : प्रबन्धक, भारत सरकार मुद्रणालय, फरीदाबाद द्वारा मुद्रि

प्रस्तावना

मानविकी तथा सामाजिक विज्ञानों के लगभग सभी विषयों में शब्दावली निर्माण का काम पूरा हो जाने के बाद 1970 में यह आवश्यक समझा गया कि अन्तिम रूप से निश्चित की गई शब्दावली को स्थायित्व देने के लिए प्रत्येक विषय में परिभाषा कोशों का निर्माण किया जाय। परिभाषा से शब्दावली सुस्थिर बनती है। प्रस्तुत कोश इसी उद्देश्य से तैयार किया गया है।

इस कोश में समाज कार्य के लगभग 1000 शब्दों की परिभाषाएँ हैं। समाज कार्यकर्ता की क्षेत्रगत आवश्यकताओं को ध्यान मे रख कर इस कोश में ऐसे शब्दों का भी समावेश कर लिया गया है जिनका व्यावहारिक महत्त्व है और जिनसे परिचित होना किसी भी समाज कार्यकर्ता के लिए आवश्यक है।

हिन्दी में समाज कार्य पर परिभाषा कोश तैयार करने का शायद यह पहला प्रयास है। आशा है, यह कोश समाज कार्यकर्ता के लिए उपयोगी सिद्ध होगा और साथ ही इससे विद्यार्थियों और अध्यापकों की आवश्यकता भी बहुत-कुछ पूरी हो सकेगी।

हरवंश लाल शर्मा
अध्यक्ष

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय
शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार
नई दिल्ली
मई, 1977

सम्पादन परामर्श मंडल

1. प्रो० हरवंश लाल शर्मा,
   अध्यक्ष, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
2. श्री जीवन नायक,
   प्रमुख, सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी ब्यूरो
   वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग (प्रबंध सम्पादक)

विशेष परामर्श

1. डा०राजाराम शास्त्री,
   कुलपति, काशी विद्यापीठ, वाराणसी
2. डा० चन्द्र प्रकाश गोयल,
   अध्यक्ष, समाजकार्य विभाग, काशी विद्यापीठ, वाराणसी।
3. डा० बालेश्वर नाथ श्रीवास्तव, काशी विद्यापीठ, वाराणसी।
4. श्री श्याम बिल्लौरे, स्कूल आवू सोशल वर्क, इंदौर।
5. श्री रमाशंकर शुक्ल, काशी विद्यापीठ, वाराणसी।
6. श्री गिरीश कुमार, काशी विद्यापीठ, वाराणसी।
7. डा० बालेश्वर पांडे, काशी विद्यापीठ, वाराणसी।

सम्पादन

द्वारका नारायण माथुर, समाज कार्य एकक, वै० त० श० आयोग

लेखन

देव नारायण पांडेय, समाज कार्य एकक, वै० त० श० आयोग

प्रकाशन

श्री रामेश्वर प्रसाद मालवीय	अपर निदेशक
डा० वल्लभ दत्त	सहायक निदेशक
श्रीमती निर्मल चोपड़ा	अनुसंधान सहायक
श्री वेद व्रत गुप्त	वरिष्ठ प्रूफ रीडर
श्री नानक चन्द	प्रूफ रीडर
श्री मनोहर लाल	कलाकार

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

1. प्रो० हरबंश लाल शर्मा	अध्यक्ष
2. प्रो० जय कृष्ण, कुलपति रुड़की विश्वविद्यालय, रुड़की	सदस्य
3. डा० आर० सी० मेहरोत्रा, कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली	सदस्य
4. डा० पी० एन० वाही, भूतपूर्व महानिदेशक, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली	सदस्य
5. प्रो० एस० के० मुखर्जी, कुलपति, राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, पूसा (बिहार)	सदस्य
6. डा० नगेन्द्र, प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली	परामर्शदाता

A

abandoned child — **परित्यक्त बालक**

वह बालक जिसे माता-पिता या संरक्षकों ने छोड दिया हो या जिसे उसके अभिभावकों ने अपने खर्चे पर बहुत समय से किसी आश्रयदायी संस्था में रख दिया हो ।

abnormal — **अपसामान्य**

सामान्य से भिन्न । शारीरिक, मानसिक तथा अन्य वैयक्तिक गुणो का औसत स्तर सामान्य माना जाता है । यदि कोई व्यक्ति साधारण या औसत से कम है तो वह अपसामान्य होता है ।

abreaction — **भावविरेचन**

व्यक्ति की दमित भावनाओं को निकालने की प्रक्रिया जिसमें वह अपने मूल अनुभवों के आधार पर काल्पनिक जगत में पुनः निवास करने की अभिव्यक्ति करता है । प्राय : यह शब्द मनोचिकित्सा में प्रयुक्त होता है ।

absconder — **भगोड़ा, फरार**

ऐसा व्यक्ति जो अपराध करके कानूनी पकड़ से बचने के लिए छिप जाये या भाग जाय ।

absenteeism — **अनुपस्थितता**

1. स्वेच्छा अथवा अनिच्छा से कर्मचारी का अपने नियत काम पर न पहुंचना ।

2. कर्मचारियो में आदतन काम से अनुपस्थित रहने की प्रवृत्ति ।

abulia — **संकल्प-अक्षमता**

व्यक्ति के अन्दर स्वतंत्र-निर्णय की शक्ति तथा स्वैच्छिक क्रियाशीलता के उपक्रम का ह्रास हो जाना ।

acceptance — **स्वीकरण, स्वीकृति**

किसी व्यक्ति की समस्याओं का सहानुभूतिपूर्वं अंकन तथा सामाजिक कार्यकर्ता और सेवार्थी वृत्तिक सम्बन्धो में परस्पर तालमेल की स्थिति ।

accident prevention — **दुर्घटना निवारण**

सरकार, नियोजक अथवा श्रम प्रबंधक समितियों द्वारा उद्योगजनित क्षतियों और दुर्घटनाओं में कमी करने के लिये किये गये प्रयास ।

accident proneness — **दुर्घटना प्रवणता**

व्यक्तियों अथवा श्रमिकों में अधिक दुर्घटनाएं करने की प्रवृत्ति । विशेष अध्ययनों एवं प्रबंधकों के प्रेक्षणों से इस तथ्य की पुष्टि होती है कि अधिकांश औद्योगिक दुर्घटनाएं कुछ ही कर्मचारियों से होती हैं और इसका कारण होता है उनके व्यक्तित्व के कुछ विशेषकों में ।

acclimation (acclimatization) — **पर्यनुकूलन**

नवीन सामाजिक परिस्थितियों के साथ मानसिक और सामाजिक अनुकूलन करना ।

accused — **अभियुक्त**

वह व्यक्ति जिस पर कोई अपराध करने का अभियोग लगाया गया हो ।

achievement — **उपलब्धि**

1. कार्य निष्पादन संबंधी प्रवीणता जिसका मापन मानक कृत्यों अथवा परीक्षणों द्वारा किया जाता है ।

2. कार्य-सिद्धि अथवा किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये किया जाने वाला कार्य ।

achievement test — **उपलब्धि परीक्षण**

व्यक्ति द्वारा किसी कार्य या अध्ययन से संबंधित किसी एक क्षेत्र या अनेक क्षेत्रों में अर्जित (वस्तुतः प्रदर्शित) कौशल, ज्ञान और अनुभव को मापने के लिए बनाया गया एक मानकीकृत परीक्षण ।

acquittal — **दोषमुक्ति**

न्यायालय द्वारा अभियुक्त का दोष मुक्त हो जाना ।

action research — **क्रियानिष्ठ अनुसंधान**

किसी व्यापक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बनाए गये कार्यक्रमों के प्रभाव का वैज्ञानिक पद्धति द्वारा मूल्यांकन करना, जैसे गंदी बस्तियों के सुधार, पूर्वग्रह तथा तनावों को दूर करने के कार्यक्रमों का वैज्ञानिक अध्ययन और मूल्यांकन ।

activity — **सक्रियता, क्रिया कलाप**

1. मानसिक अथवा शारीरिक रूप से क्रियाशील होने की अवस्था ।

2. संगठित, पर्यवेक्षित तथा सामान्यतः मनोरंजनात्मक कार्यक्रम, जैसे खेलकूद, नाटक, नृत्य आदि ।

activity group therapy — क्रियाकलाप समूह-चिकित्सा

सामूहिक क्रियाकलापों के माध्यम से मनश्चिकित्सक अथवा सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा समूह को दी जाने वाली चिकित्सा जिसमें समूह के सदस्यों को अपनी भावनाओं, विचारों तथा योग्यताओं को मुक्तरूप से समूह में अभिव्यक्त करने तथा स्वीकार्य व्यवहार प्रतिमान को सीखने का अवसर प्राप्त होता है ।

adaptability — अनुकूलनशीलता, अनुकूलनक्षमता

परिवर्तित अथवा परिवर्तनशील परिस्थितियों के प्रति सदुपयुक्त अनुक्रियाएं करने की प्रवृत्ति या योग्यता ।

adaptation — अनुकूलन

परिवेश के परिवर्तनों के अनुसार अपने को समायोजित करने तथा योग्य बनाने की प्रक्रिया ।

addict — व्यसनी

ऐसा व्यक्ति जो मादक वस्तुओं, औषध आदि का अधिक मात्रा में निरन्तर सेवन करने का आदी हो गया हो ।

addicting drug — व्यसन भेषज

ऐसी औषधियां जिनका सेवन करने के लिए कोई व्यक्ति अभ्यस्त हो जाये और उन्हें छोड़ न सके तथा उसमें उनके उपयोग की मात्रा बढाने की प्रवृत्ति प्रबल हो ।

adjudication — अधिनिर्णय, अधिनिर्णयन

किसी विवाद के गुण दोष का विवेचन करके उस पर अंतिम निर्णय देना ।

adjustment — समायोजन

व्यक्ति अथवा समूह द्वारा अपने पर्यावरण के साथ इस प्रकार का सामंजस्यपूर्ण संबंध स्थापित करना कि वह अपनी आवश्यकताओं तथा शारीरिक और सामाजिक अपेक्षाओं की पूर्ति संतोषप्रद ढंग से कर सके ।

administrative behaviour — प्रशासनिक व्यवहार

सामाजिक नीति के अनुसार सामाजिक सेवाएं प्रदान करने के लिए किए गये समस्त कार्य ।

adolescence — किशोरावस्था, कैशोर्य

यौवनारंभ और प्रौढावस्था के बीच की अवस्था (सामान्यत: 12 से 18 वर्ष की आयु) जब व्यक्ति का शारीरिक और संवेगात्मक विकास तीव्र गति से होता है और इनमें परस्पर परिपूरकता और परिपक्वता का अभाव होता है ।

adolescent court — किशोर-न्यायालय

ऐसा न्यायालय जिसमें किशोर अभियुक्तों के मामलों का अधिनिर्णय होता है।

adolescent labour — किशोर श्रमिक

ऐसा श्रमिक जो अभी किशोरावस्था (16 से 21 वर्ष की आयु) का ही हो।

adoption — गोद लेना, दत्तक ग्रहण

वह वैधानिक और सामाजिक प्रक्रिया जिसके द्वारा किसी और की संतान को कोई व्यक्ति अपनी संतान के रूप में अपना लेता है। इसमें अपनाने वाला व्यक्ति तथा बच्चे के परस्पर वे ही अधिकार व उत्तरदायित्व होते हैं जो सामान्यतः वास्तविक माता-पिता व संतान के होते हैं।

adoptive home — दत्तक गृह

किसी बच्चे को उसके वास्तविक माता-पिता के अधिकार और उत्तरदायित्व से न्यायालय द्वारा मुक्त कराके किसी अन्य व्यक्ति अथवा संस्था को सौंपना। इस व्यक्ति या संस्था और बच्चे के पारस्परिक अधिकार और उत्तरदायित्व वही होते हैं जो वास्तविक माता-पिता और संतान के बीच होते हैं।

adult education — प्रौढ़ शिक्षा

प्रौढ़ व्यक्तियों को साक्षरता, नागरिकता, स्वास्थ्य, मनोरंजन तथा व्यवसाय संबंधी दी जाने वाली शिक्षा जिससे वे अपने जीवन व कार्य क्षेत्र में उन्नति कर सकें।

adultery — जारकर्म, परस्त्रीगमन

पति का अपनी पत्नी के अतिरिक्त किसी अन्य स्त्री अथवा पत्नी का अपने पति के अतिरिक्त किसी पुरुष के साथ यौन संबंध रखना।

affect — भाव

भावनाओं अथवा संवेगों की वह अवस्था जो किन्हीं विचारों अथवा विचार-ग्रंथियों से संयुक्त हो।

affiliation — संबंधन

दो या दो से अधिक समूहों में वैधानिक और औपचारिक रूप से सहकारी संबंध स्थापित होने की प्रक्रिया अथवा स्थिति।

after care — उत्तर सेवा

समाजकार्य सेवाएं जो सेवार्थी को उसके उपचारक संस्था से छुट्टी मिलने के बाद की जाने वाली देख-भाल के लिए प्रदान की जाती हैं।

after care home — **उत्तर सेवा गृह**

वह गृह या स्थान जहा सेवार्थी की देखभाल, सुधार अथवा उपचार संस्था से मुक्त होने के बाद किया जाता है ।

after care programme — **उत्तर सेवा कार्यक्रम**

किसी सुधार अथवा उपचार संस्था मे सेवा प्राप्त व्यक्तियो के पुनर्वास एव पुनर्स्थापन हेतु संस्थागत अथवा असंस्थागत देखभाल एवं कल्याण के कार्यक्रम ।

agency — **अभिकरण**

व्यक्ति समूह अथवा समुदाय के कल्याणार्थ वह संस्था जिसका उद्देश्य मानवीय, भौतिक अथवा संवेगात्मक सहायता करना तथा पारिस्थितिक परिवर्तन अथवा सेवा का संगठन व संचालन करना होता है ।

agent — **अभिकर्ता**

किसी अभिकरण अथवा वृत्तिक संस्था का कार्यकर्ता जिसके द्वारा संस्था के निर्धारित उद्देश्यों एवं कार्यों का संपादन होता है । ऐसा व्यक्ति प्राय: सामाजिक एवं संस्थागत परिवर्तनों के लिए उत्तरदायी समझा जाता हैं ।

aggression — **आक्रमण**

1. व्यक्ति का ऐसा व्यवहार जो शत्रुतापूर्ण, विनाशकारी या क्षतिकारक हो सकता है ।

2. प्राय : कुण्ठा के कारण उत्पन्न और एक प्रेरक की तरह काम करने वाली शत्रुता या विरोध की भावना ।

agitation — **1—क्षोभ 2—आंदोलन**

1. किसी लक्ष्य की प्राप्ति होने पर व्यक्ति के अन्दर उत्पन्न मनोदैहिक उत्तेजना की स्थिति (मनोरंजन के संदर्भ में) ।

2. परिवर्तन के लिए संगठित प्रयास (सामुदायिक संगठन तथा सामाजिक संक्रिया के संदर्भ में) ।

alcoholism — **मद्यव्यसन, अतिमद्यपता**

व्यक्ति की अत्यधिक मद्यपान करने की विकृत प्रवृत्ति जिससे वह अपनी सामाजिक और मानसिक समस्याओं से अपने को मुक्त अनुभव कर सके ।

alienation — **विसंबंधन**

सम्बन्ध अथवा आत्मीयता लोप की स्थिति जब व्यक्ति परिवेश में स्वयं

को एकाकी, अपरिचित अथवा सत्ताहीन समझता है और समाज में मूल्यहीनता तथा विघटन की स्थिति अनुभव करता है ।

almoner — **दानाध्यक्ष**

वह व्यक्ति जिसकी देख-रेख में दान वितरण का कार्य किया जाये । आरम्भ में चर्च द्वारा ही इस अधिकारी की नियुक्ति की जाती थी ।

almonry — **दानशाला**

1. वह स्थान विशेष जहां पर दानाध्यक्ष अपना कार्यालय बनाकर दान के वितरण का कार्य करता है ।

2. वह स्थान जहां दरिद्रों तथा अनाथों का अनुपोषण किया जाता है ।

ambivalence — **उभयभाविता, द्वैधवृत्ति**

किसी वस्तु या व्यक्ति के प्रति मन में एक साथ ही अनुकूल और प्रतिकूल दोनों प्रकार की परस्पर विरोधी भावनाओं का होना ।

ambiversion — **उभयमुखता**

पूरी तरह से आत्मलीन और बाह्य परिस्थितियों से अछूता बने रहने और बाह्य परिस्थितियों में ही लीन रहकर आत्मविमुख होने की दो उग्र प्रवृत्तियों की मध्यवर्ती प्रवृत्ति जो व्यक्तित्व के लिए संतुलनकारी होती है ।

amelioration — **सुधार**

किसी व्यक्ति अथवा समूह की स्थिति को उन्नत करना अथवा उसके दोषों का निराकरण करना । व्यक्ति अथवा सामाजिक स्थिति को किसी मानक स्तर तक उन्नत करने के लिए किये गये कार्य ।

amnesia — **स्मृति लोप, स्मृति भ्रंश**

व्यक्ति की वह मानसिक अवस्था जिसमें वह पूर्ण अथवा आंशिक रूप से अपनी स्मृति खो चुका हो ।

amoral — **निर्नैतिक, नीति निरपेक्ष, नीतिबाह्य**

व्यक्ति के वे क्रियाकलाप जिन्हें नैतिक-अनैतिक की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता ।

anal stage — **गुदावस्था**

बालक के मनो लैंगिक विकास की दूसरी अवस्था (1½ वर्ष से 3 वर्ष की अवस्था) जिसमें उसे गुदप्रदेश अथवा मलोत्सर्ग सम्बन्धी प्रक्रिया में काम विषयक आनंद की अनुभूति होती है तथा मलरोध और मलत्याग दोनों ही में सुख मिलता है ।

analysis **विश्लेषण**

किसी घटना, वस्तु अथवा प्रत्यय के विभिन्न घटकों या गुणों का सम्यक प्रकार से अध्ययन करने की वैज्ञानिक पद्धति ।

analysis of transference **अन्यारोपण विश्लेषण**

वह प्रक्रिया जिसके अन्तर्गत सेवार्थी की अन्य परिस्थितियों से संबन्धित भावनायें स्वाभाविक रूप से प्रतिस्थापित होकर वैयक्तिक कार्यकर्ता के सामने अभिव्यक्त होती हैं । फैंज अलेक्ज़ेण्डर और हेलेन रास के अनुसार प्रतिस्थापन शब्द का एक व्यापक अर्थ होता है तथा इसके अन्तर्गत भावनाओं का एक व्यक्ति से विस्थापित होकर दूसरे व्यक्ति में प्रतिस्थापित होने की अवधारणा ही नहीं आती वरन् रोगी द्वारा उपचारकर्ता के प्रति व्यक्त की गयी समस्त तर्कहीन प्रतिक्रियायें भी आती हैं ।

anaphrodisiac **कामोपशामक**

कोई भी औषधि अथवा खाद्य पदार्थ जिसका सेवन काम वासना के दमन अथवा न्यूनीकरण के लिए किया जाता है ।

anomie **अप्रतिमानता**

समाज की वह अवस्था जिसमें सामाजिक समूहों का ह्रास तथा सामाजिक संस्थाओं और संबंधो में विघटन हो ।

antagonism **विरोध, प्रतिद्वंद्विता**

दो शक्तियों, वस्तुओं, व्यक्तियों अथवा समूहों का पारस्परिक विरोधी दिशा में कार्य करना या होना ।

antipathy **विद्वेष**

दूसरे व्यक्ति या समूह के प्रति द्वेष-भाव रखने की सामाजिक मनोवृत्ति ।

antisocial personality **समाजविरोधी व्यक्तित्व**

एक प्रकार का व्यक्तित्व विकार जिसके लक्षण हैं शीघ्र क्रुद्ध हो जाना, अनुभवों से लाभ उठा सकने की असमर्थता और निर्नैतिक व्यवहार आदि ।

anxiety **दुश्चिंता**

किसी आंतरिक उद्दीपन से उत्पन्न दुखद और भयमूलक रागात्मक अनुभव की दशा जिसमें चेतना का गुण दुखद अनुभव में चेतना के गण से अलग और विशिष्ट होता है ।

application **अनुप्रयोग**

1. किसी सिद्धांत के आधार पर तथ्य की खोज अथवा तथ्यों को आधार मानकर किसी सिद्धांत का प्रतिपादन करना ।

2. किसी सिद्धात को सामने रखकर व्यावहारिक समस्याओं का समाधान ढूंढना ।

approach-approach conflict **उपागम-उपागम-द्वंद्व**

समान रूप से आकर्षक एवं अनुकूल प्रतीत होने वाले दो लक्ष्यों अथवा वस्तुओं की प्राप्ति में एक साथ अभिप्रेरित होने की स्थिति जिनका व्यक्ति के लिये समान महत्व होता है और वह दोनों ही को पाना चाहता है । जैसे, किसी व्यक्ति को दो ऐसी नियुक्तियों का साथ-साथ मिल जाना जिन दोनों को वह समान रूप से चाहता है । ऐसी स्थिति में यह निर्णय करना कठिन हो जाता है कि वह किसे स्वीकार करे और किसे छोड़ दे ।

approach-avoidance conflict **उपागम-परिहार द्वंद्व**

किसी एक ही वस्तु या व्यक्ति के प्रति व्यक्ति के मन में एक साथ होने वाली परस्पर विरोधी सावेगिक अनुभूति । एक ही वस्तु के प्रति स्वीकारात्मक एवं अस्वीकारात्मक वृत्तिजन्य द्वंद्व के कारण व्यक्ति उस चीज को पाना भी चाहता है किन्तु किन्ही सामाजिक या वैयक्तिक कारणवश उनसे दूर भी रहना चाहता है और इस प्रकार वह असमाधेय द्वंद्वपूर्ण स्थिति में फंसा रहता है ।

aptitude **अभिक्षमता**

किसी विषय को सीखने की सहज क्षमता । किसी विषय के प्रति विशेष प्रकार का मानसिक रुझान या स्वाभाविक रुचि, जैसे सगीत, गणित या यात्रिकी में ।

arbitration **विवाचन**

ऐसी व्यवस्था जिसमें दो व्यक्तियो अथवा दलो के आपसी विवाद को दोनो पक्षो की अनुमति से किसी निष्पक्ष व्यक्ति अथवा निकाय को सौप देना जिसका निर्णय दोनो पक्षो को अनिवार्यतः मान्य होता है ।

arbitration award **विवाचन पंचनिर्णय**

विवाचक अथवा विवाचन अधिकरण का वह अन्तिम निर्णय जिसे मानने के लिये दोनों पक्ष बाध्य होते हैं ।

arbitration board — **विवाचन बोर्ड**

दो या अधिक व्यक्तियों का एक निकाय जो प्रबंध मण्डल तथा श्रमिकों के बीच विवाद की सुनवाई करके अपना निर्णय देता है ।

arbitration clause — **विवाचन धारा**

सामूहिक समझौते की इस आशय की धारा कि भविष्य मे उत्पन्न होने वाले विवादों को विवाचन द्वारा सुलझाया जायगा ।

arbitration tribunal — **विवाचन मंडल**

दो या दो से अधिक व्यक्तियों का एक निकाय जो प्रबंध मंडल तथा श्रमिकों के बीच विवाद की सुनवाई करके अपना निर्णय देता है ।

area agreement — **क्षेत्रीय करार**

एक ऐसा समझौता जिसकी शर्तें किसी बहुत बड़े क्षेत्र के नियोजकों और कर्मचारियों पर लागू होती हैं ।

area sampling — **क्षेत्रीय प्रतिचयन**

एक प्रकार की सर्वेक्षण कार्यप्रविधि जिसमे विभिन्न भौगोलिक प्रदेशों का प्रतिनिधित्व कराने के लिये विभिन्न क्षेत्रों में से बड़ी सावधानी से चुने गये प्रत्येक क्षेत्र के कुछ विशिष्ट वर्गों के समस्त सदस्यों को उपयुक्त स्थान दिया जाता है ।

array — **पंक्ति-व्यूह**

सहसंबंध प्रदर्शक स्तंभ के किसी एक ही पंक्ति में मापों अथवा प्राप्तांकों का वितरण ।

arson — **आगजनी**

किसी व्यक्ति के घर, इमारत अथवा अन्य किसी ज्वलनशील वस्तु को ईर्ष्यावश आग लगाकर नष्ट करना । इसे एक अत्यन्त जघन्य अपराध समझा जाता है ।

association — **संघ, साहचर्य**

1. निश्चित उद्देश्यों की पूर्ति के लिये संगठित व्यक्तियों का समूह ।
2. सम्बद्ध करने, समीप लाने या संयुक्त करने की क्रिया ।

assumption — **ग्रहण, अभिग्रह, अभिग्रहीत**

किसी सिद्धांत के प्रतिपादन में किसी अन्य सिद्धांत या प्रत्यय को सत्य समझते हुये उसे आधार मानकर तर्क प्रस्तुत करना ।

attitude — **अभिवृत्ति**

सामाजिक पर्यावरण के सम्पर्क में आने पर मन में किसी वस्तु या व्यक्ति आदि के प्रति अनुकूल या प्रतिकूल प्रतिक्रिया की एक सुनिश्चित स्थायी प्रवृत्ति ।

attitude scale — **अभिवृत्ति मापनी**

व्यक्ति अथवा समूह की अभिवृत्ति को मापने का मापदंड ।

Auburn System — **आबर्न पद्धति**

आबर्न, न्यूयार्क, में उन्नीसवीं शताब्दी में प्रचलित कैदियों के साथ व्यवहार की प्रथा जिसके अन्तर्गत उन्हें रात में बन्द कोठरियों में पृथक्-पृथक् रखा जाता था और दिन में कर्मशालाओं में काम करने के लिये भेजा जाता था । उनका आपस में बातचीत करना निषिद्ध था ।

authoritarianism — **आप्तता**

1. लोगों पर नियंत्रण करने की एक प्रणाली जिसमें किसी भी दृष्टि से विशिष्ट एवं प्रभावी कोई व्यक्ति समूह के सारे लोगों के लिये स्वयं ही कार्य और कार्यविधि निर्धारित करता है तथा उनके परिणामों का मूल्यांकन करता है। इस निर्णय प्रक्रिया में वह अन्य लोगों के दृष्टिकोणों पर कोई ध्यान नहीं देता ।

2. सामाजिक संबंधों में प्राधिकार के सिद्धांत में विश्वास ।

authority figure — **आप्त व्यक्ति**

अपनी विशिष्ट प्रस्थिति या कार्य भूमिका अथवा अपने बुद्धि बल या शरीर बल की श्रेष्ठता के कारण अपने आदेशों, सुझावों और विचारों से दूसरों को प्रभावित कर सकने वाला व्यक्ति ।

autism — **स्वलीनता**

1. जगत की वास्तविकता की उपेक्षा कर केवल निजी इच्छाओं अथवा आवश्यकताओं के ही संदर्भ में सोचने या समझने की प्रवृत्ति । समस्त संसार को अपनी अभिलाषाओं के इतना अधिक निकट, उनसे इतना अधिक नियंत्रित समझना जितना कि वह वस्तुतः होता नहीं ।

2. अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिये वास्तविक प्रयास न कर मनमौजी ढंग से उनकी केवल कल्पित संतुष्टि करके ही सुख अनुभव करना ।

autoerotism — स्वरति

बिना किसी दूसरे व्यक्ति के सहभाग के स्वत काम-भावनाओं को उत्तेजित करना या रति-सुख प्राप्त करना ।

autonomy — स्वायत्तता

1. अपेक्षाकृत स्वतंत्रतापूर्वक कार्य करने का अधिकार ।

2. अपने कार्यों और व्यवहारों पर नियंत्रण द्वारा अपने पर नियंत्रण करना ।

autosexuality — आत्मकामुकता

किसी विलिंगी व्यक्ति या अन्य किसी भी साधन के बिना स्वयं ही किसी तरह मैथुन सुख प्राप्त करने की विपर्यस्त काम प्रवृत्ति । स्वरति का एक अति संकुचित रूप ।

auto-sexual perversion — आत्म-कामुक विपर्यास

अपने ही शरीर को क्रीड़ा का आधार बना कर की जाने वाली यौन क्रियाएं या अंग-संचालन ।

auto-suggestion — आत्मसंसूचन

1. व्यक्ति के अपने ही अंदर से उत्पन्न अथवा उसके निजी व्यक्तित्व से ही अंतःप्रेरित संसूचन ।

2. अंतःप्रेरित विश्वास द्वारा अभीष्ट लक्ष्यसिद्धि होने तक कुछ शाब्दिक सूत्रों को बार-बार दोहराते रहकर अपने स्वास्थ्य या व्यवहार को सुधारने की फ्रांस के कुए द्वारा प्रतिपादित तकनीक, जैसे रोज बार-बार यह सोचते या कहते रहना कि "मैं प्रतिदिन हर दृष्टि से अधिकाधिक उन्नत एवं स्वस्थ हो रहा हूँ ।"

avocation — उपव्यवसाय

अवकाश काल में अपनी रुचि का वह कार्य करना जिसे नियमित रूप मे आत्मसुख तथा अन्य लाभकारी मूल्यों के लिये किया जाता है ।

avoidance-avoidance conflict — परिहार-परिहार-द्वंद्व

किसी एक ही वस्तु या व्यक्ति के प्रति व्यक्ति के मन में एक साथ होने वाली परस्पर विरोधी सांवेगिक अनुभूति जिनमें से वह दोनों ही से समान रूप से बचना चाहता है । जैसे अध्ययन न करना पड़े और शिक्षक से डांट भी न पड़े, युद्ध न करना पड़े और कायर भी न कहलाये ।

award — पंचनिर्णय, पंचाट

प्रबन्धक तथा श्रमिक अथवा किन्हीं दो दलों में विवाद होने पर विशेष रूप से नियुक्त पंच द्वारा दिया गया निर्णय जो दोनों ही दलों को मान्य होता है ।

B

basic need — मूल आवश्यकताएं

व्यक्ति के जीवन के लिये अनिवार्य आवश्यकतायें जैसे जल, वायु, प्रकाश, भोजन, वस्त्र, आवास, औषध आदि ।

beggary — भिक्षावृत्ति

करुणा और दया की भावना से प्रेरित व्यक्तियों से अन्न और वस्तुएं प्राप्त करके जीवन निर्वाह करने की वृत्ति ।

behaviour — व्यवहार, गतिविधि

व्यक्ति की दृष्टिगोचर होने वाली अनुक्रियाएं जो किन्हीं चेतन अथवा अचेतन कारणों से होती हैं ।

behaviour adjustment — व्यवहार समायोजन

पर्यावरण के साथ तालमेल स्थापित करने के उद्देश्य से व्यक्ति द्वारा स्वयं अपने म अथवा अपने व्यवहार में परिवर्तन लाने की प्रक्रिया ।

behaviour clinic — व्यवहार निदानशाला

व्यवहारगत विकारों का निदान तथा उपचार करने के लिये निर्देशन देने का स्थान ।

behaviour contagion — व्यवहार संसर्ग

किसी के व्यवहार का अनुकरण करना जबकि वह अपने व्यवहार का अनुकरण कराने के लिये कुछ भी न करे । यह समाजीकरण का एक प्रमुख तत्व है ।

behaviour disorder — व्यवहार विकार

किन्हीं विशिष्ट आंगिक लक्षणों से उत्पन्न न समझी जाने वाली आचरण-संबंधी अपसामान्यताएं । सामान्यतः यह शब्द 'टिक' जैसे विशिष्ट विकारों के बजाय व्यक्ति के सामान्य और सामाजिक समायोजन को कुप्रभावित करने वाली अपसामान्यताओं के लिये प्रयुक्त होता है ।

behaviour level — **व्यवहार स्तर**

व्यवहार का वह स्तर जो प्रतिवर्ती, आभ्यासिक तथा बौद्धिक प्रतिक्रियाओं के अनुरूप होता है । इसे प्रतिक्रिया स्तर भी कहते हैं ।

behaviour pattern — **व्यवहार प्रतिरूप**

वह आचार प्रतिमान जो किसी भी व्यक्ति अथवा समूह के व्यवहार में प्रायः प्रकट होता है ।

behaviour therapy — **व्यवहार चिकित्सा**

मनश्चिकित्सा की एक विधि जिसमें व्यक्ति को समस्यामूलक व्यवहार से मुक्त होने तथा स्वस्थ व्यवहार को अपनाने के लिये प्रेरित एवं उत्साहित किया जाता है । यह चिकित्सा पद्धति इस मान्यता पर आधारित है कि व्यक्ति का समस्यामूलक व्यवहार या असमायोजी व्यवहार सदोष अनुकूलित अनुक्रियाओं और अनुकूलित दुश्चिन्ता प्रतिक्रियाओं का परिणाम होता है ।

benefaction — **धर्मदान, उपकार**

धर्मार्थ अथवा दूसरों के हित के लिये दिया गया दान ।

beneficiary — **हिताधिकारी, लाभार्थी**

1. चर्च अथवा अन्य कल्याणकारी सेवाओं या संस्थाओं का लाभ प्राप्त करने वाला व्यक्ति ।

2. कोई भी वस्तु भेंट के रूप में प्राप्त करने, दूसरों की संपत्ति का लाभ उठाने अथवा किसी भी न्यास की आय, जीवन-बीमा या उन पर अर्जित आय प्राप्त करने वाला व्यक्ति ।

benefit — **हितलाभ, सुविधा**

1. किसी स्थिति में सुधार के लिये किये जाने वाले कार्य या दी जाने वाली सहायता ।

2. किसी भी बीमा कंपनी या मालिक, समाज-कल्याण संस्था, सरकार, श्रमिक-संघ आदि द्वारा आपात स्थिति में दिये जाने वाले लाभ, जैसे बीमारी, बेरोजगारी, दुर्घटना या मृत्यु पर देय धन या सेवाएं ।

bias — **अभिनति**

किसी स्थिति विशेष, निष्कर्ष या प्राक्कल्पना के प्रति पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण ।

bibliotherapy — पुस्तक चिकित्सा

मनश्चिकित्सा की एक विधि जिसमें मानसिक रोग के उपचार के लिये साहित्य का उपयोग किया जाता है।

birth control — संतति नियमन

बच्चों की संख्या व उनके जन्म में अंतराल के लिये ऐच्छिक नियंत्रण।

birth rate — जन्म दर

किसी एक क्षेत्र में एक वर्ष में कुल जनसंख्या के प्रति हजार व्यक्तियों पर जन्म संख्या। इसका निर्धारण निम्नलिखित सूत्र के अनुसार होता है:—

$$\text{जन्म दर} = \frac{\text{वर्ष भर में कुल जन्म संख्या} \times 1000}{\text{वर्ष में औसत जनसंख्या}}$$

bisexuality — उभयलिंगता

किसी व्यक्ति में स्त्री और पुरुष दोनो ही के मनोवैज्ञानिक तथा शारीरिक लक्षणों का होना।

black list — वर्ज्य सूची

अवांछित अथवा अमर्यादित कार्य करने वालो की सूची।

blackmail — भयादोहन

जनमत, दोषारोपण अथवा निन्दा आदि का भय दिखा कर पैसा ऐंठना अथवा इच्छा के विपरीत अन्य कार्य करने के लिए बाध्य करना।

blanket agreement — व्यापक करार

व्यापक क्षेत्र के समस्त उद्योगों अथवा कर्मचारियों पर लागू होने वाला सामूहिक समझौता।

blocking — अवरोध, अवरोधन

संबंध अथवा विचार शृंखला में रुकावट की स्थिति।

block placement — प्रखण्ड स्थापन

प्रशिक्षार्थी को कार्य सबंधी व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए उसे किसी अभिकरण के अन्तर्गत एक निश्चित अवधि तक रखना।

blue colour union — **कायिक कर्मी संघ**

अप्रशिक्षित और प्रशिक्षित कर्मियों का एक सघ । इसमें परिवीक्षण श्रेणी तथा लिपिक वर्ग के कर्मचारियो को सम्मिलित नही किया जाता है ।

borderline job — **सीमागत कार्य**

ऐसा कार्य जो सम्पादन में एकाधिक प्रकार की योग्यताओं और आवश्यकताओं के कारण विभिन्न विशेषज्ञों के क्षेत्र में आता हो ।

bootlegging — **मद्य तस्करी**

शासन द्वारा प्रतिबंधित वस्तुओं विशेषत मद्य का छिपे रूप में व्यापार ।

born criminal — **जन्मजात अपराधी**

आनुवंशिकता अथवा शारीरिक संरचना की जन्मजात विशेषता के कारण बने अपराधी ।

Borstal — **बोर्स्टल, किशोर सुधार-सदन**

वे संस्थायें जो किशोर अपराधियो को सुधारने का कार्य करती हैं । ब्रिटेन के बोर्स्टल नगर में ऐसी पहली संस्था बनी थी । बाद में इस प्रकार की सभी संस्थाओं का नाम बोर्स्टल रखा जाने लगा ।

broken family
(=broken home) — **भग्न परिवार, भग्न कुटुम्ब**

ऐसा परिवार जिसमे माता-पिता मे से किसी एक या दोनों ने घर छोड दिया हो या तलाक ले लिया हो या उनमें से किसी की मृत्यु हो गयी हो ।

budgeting — **बजट बनाना**

किसी कार्य के संपादन के लिये धन, समय अथवा साधनों आदि की अपेक्षित उपलब्धि और व्यय का विवरण तैयार करना ।

bumper strike — **प्रसारमान हड़ताल**

एक विशेष प्रकार की क्रमिक हड़ताल जिसमें मजदूर संघ एक के बाद दूसरे कारखाने में हड़ताल कराते हैं और इस हड़ताल का खर्च काम पर रहने वाले श्रमिकों के अंशदान से होता है ।

business union — व्यवसाय संघ

व्यवसाय विशेष के सदस्य कर्मचारियों को अच्छी मजदूरी दिलवाने तथा काम करने की परिस्थितियों में सुधार लाने के लिये सतत प्रयत्नशील संघ।

C

callback — पुनः साक्षात्कार

बाजार-सर्वेक्षण या जनमत-संग्रह में सूचनादाताओं द्वारा व्यक्त मतों की सुसंगति और अनुरूपता या साक्षात्कारकर्ता की ईमानदारी की जांच करने के उद्देश्य से दुबारा किये जाने वाला साक्षात्कार।

calling (=vocation) — आजीविका, व्यवसाय

व्यक्ति की वह उत्पादक क्रिया जो उसके निर्वाह का साधन हो।

capital crime — मृत्यु-दण्डयोग्य अपराध

ऐसा अपराध जिसके लिये सजा के रूप में मृत्यु-दण्ड दिया जा सकता है। सामान्यतः ऐसा अपराध जमानत योग्य भी नहीं समझा जाता।

capital punishment — मृत्युदण्ड, प्राणदण्ड, फांसी

किसी अपराध की सजा के रूप में व्यक्ति का जीवन समाप्त करना।

case — सेवार्थी, केस

ऐसा व्यक्ति, परिवार, समूह, संस्था अथवा समुदाय जो किसी अभिकर्ता अथवा सामाजिक अभिकरण की सेवा के योग्य हो।

case abstract — केस-सारांश

व्यक्ति का वह विवरण जिसमें सेवार्थी की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, निदान, किये गये उपचार, सेवार्थी में हुये परिवर्तन एवं आगामी सहायता योजना का संक्षिप्त उल्लेख होता है।

case analysis — व्यक्ति (वृत्त) विश्लेषण

व्यक्ति के व्यक्तित्व की समस्यात्मकता का ही नहीं, बल्कि उसकी सम्पूर्ण जीवन स्थिति का अध्ययन। इसके अन्तर्गत जीवन में आने वाले समस्याओं की प्रकृति, व्यक्ति के महत्वपूर्ण अन्तर्वैयक्तिक संबंधों की गुणवत्ता और उन विभिन्न समूहों में उसकी भूमिका और व्यवहार का समावेश किया जाता है जिनका वह सदस्य होता है।

case committee केस समिति

सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा अन्य सबंधित व्यक्तियों का समूह जो केस (सेवार्थी) के संबंध में अध्ययन, निदान व उपचार कार्य मे लगा हो।

case grouping केस वर्गीकरण, विषय वर्गीकरण

सेवार्थियों को आयु, शिक्षा, समस्या के स्वरूप और प्रदत्त सेवाओं आदि के आधार पर भिन्न-भिन्न वर्गों मे रखना।

case history व्यक्तिवृत्त, केसवृत्त, सेवार्थीवृत्त

किसी व्यक्ति, समूह अथवा समुदाय के सबंध मे एकत्र तथ्यों का क्रमिक विवरण।

case load केस भार

व्यक्तियों अथवा परिवारों की वह सख्या जिन्हें किसी निर्दिष्ट समय में सामाजिक कार्यकर्ता अपनी सेवाएं देता है।

case log केस अभिलेख, व्यक्ति अभिलेख

किसी 'केस' (व्यक्ति) के सबंध में की गई कार्यवाहियों के क्रमबद्ध विवरण की पुस्तिका।

case record केस-विवरण

समाज कार्य अभिकरण द्वारा या अन्य अध्ययनों के लिये उपयोग में लायी जाने वाली ऐसी लिखित सूचनाएं जो व्यक्ति, परिवार, समूह अथवा समुदाय से संबंधित होती हैं।

case study method व्यक्ति अध्ययन प्रणाली

सामाजिक शोध की एक पद्धति जिसमे व्यक्ति, समूह, संस्था अथवा समुदाय को इकाई मानकर उसका समग्र अथवा आंशिक अध्ययन किया जाता है। इस प्रकार का अध्ययन अंत:सबंधों, सगठन अथवा प्रक्रियाओं को समझने के लिये अधिक उपयोगी होता है।

case work केस कार्य

दे० Social case work.

case work method — केस अध्ययन प्रणाली

समाज कार्य की एक विधि जिसमें प्रशिक्षित सामाजिक कार्य-कर्ता सामाजिक अभिकरण के माध्यम से व्यक्ति की सहायता इस उद्देश्य से करता है कि वह अपनी समस्या को स्वयं समझे और उसका स्वतः समाधान करे तथा सामाजिक समायोजन की क्षमता बढ़ाते हुए सुखी जीवन-यापन के लिये समर्थ हो सके ।

case work process — केस अध्ययन प्रक्रिया

सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा व्यक्ति को उसकी समस्याओं का समाधान एवं सामाजिक दायित्वों का निर्वाह प्रभावशाली ढंग से करने के लिए सक्षम बनाने का क्रमबद्ध प्रयास । इसमें व्यक्ति एवं उसकी समस्याओं का अध्ययन, निदान और उपचार के लक्ष्यों का निर्धारण, उपचार तथा मूल्यांकन सम्मिलित हैं ।

case work-setting — व्यक्तिगत समाज-कार्य परिवेश

वह समग्र स्थिति जिसमें व्यक्तिगत समाज कार्य की कला और विज्ञान का प्रयोग किया जाता है । इसमें अभिकरण का परिवेश, कार्य-कर्ता, सेवार्थी तथा उसका पर्यावरण जिसमें वह अपनी समस्या का सामना करता है, सेवार्थी और कार्यकर्ता की पारस्परिक अंतर्क्रिया, समस्या से संबंधित सामुदायिक समाधान और व्यक्तिगत समाजकार्य की अवधारणा, सिद्धान्त एवं कुशलताएं सम्मिलित होती हैं ।

case work techniques — केस अध्ययन तकनीक

वैयक्तिक सेवा कार्य की सहायता प्रक्रिया में प्रयुक्त वे युक्तियां जिनके द्वारा सेवार्थी में परिवर्तन लाया जाता है । स्पष्टीकरण, अन्तर्दृष्टि विकास, आलम्बन, पर्यावरण परिवर्तन आदि इस प्रविधि के अंग हैं ।

castration — शिश्नकर्तन

मध्यकाल में दण्ड देने की एक विधि जिसके अन्तर्गत यौन संबंधी अपराध करने वालों या परस्त्रीगामियों की जननेंद्रिय को काट दिया जाता था ।

castration anxiety — शिश्नलोप दुश्चिंता

व्यक्ति की यह चिंता कि उसकी जननेंद्रिय का लोप हो गया है ।

castration complex **शिश्नलोप मनोग्रंथि**

लड़कों में अपने जननांगो के लुप्त हो जाने का दमित एवं निर्मूल भय और लड़कियों में अपराध दुश्चिता से भरी यह मनोतरंग कि उनके भी कभी शिश्न था और अब लुप्त हो गया है ।

casual crowd **सांयोगिक जनसंकुलन, सांयोगिक भीड़**

किसी क्षणिक प्रसंग के आकर्षण से अभिप्रेरित होकर एकत्र होने वाले लोग जो शीघ्र ही तितर-बितर हो जाते हैं और जिनमें संगठित होने की भावना बहुत कम होती है ।

casual interview **आकस्मिक साक्षात्कार**

अल्पकालिक तथा विशेष प्रयोजन रहित वे सक्षिप्त साक्षात्कार जिनका प्रयोग सामाजिक कार्यकर्ता विभिन्न लोगों के साथ अपने व्यावसायिक उत्तरदायित्वों के निर्वाह के लिये करता है ।

caucus **काकस, गुट-बैठक**

प्रधान बैठक से पूर्व कार्यवाही सबधी योजना तैयार करने के लिये औपचारिक रूप से बुलायी गयी बैठक ।

chain gang **बंदी दल**

एक वार्डर के निरीक्षण में कारागार की चहारदीवारी से बाहर कार्य करने वाले बंदियों का दल । बीसवी शताब्दी के पूर्वार्ध तक कारागार से बाहर श्रम करने वाले प्रत्येक कैदी के एक पैर को बेड़ी की एक लम्बी जजीर से बाँध देने का प्रचलन था जिससे कैदी भाग न सके ।

character analysis **चरित्र-विश्लेषण**

प्रशिक्षण के प्रयोजन से किसी सुसमायोजित व्यक्ति का मनोविश्लेपण ।

character disorder **चरित्र विकार**

व्यक्ति में ऐच्छिक व्यवहार की अस्थिरता और असबद्धता का दोष ।

characterology **चरित्र-विज्ञान**

1. मनोविज्ञान की वह शाखा जिसमें व्यक्तित्व और चरित्र का अध्ययन किया जाता है ।

2. रंग-रूप आदि दृश्य शारीरिक लक्षणों के आधार पर व्यक्ति के निजी विशेषकों का निदान ।

charity organization society — चैरिटी आर्गेनाइजेशन सोसाइटी

समाज कार्य का एक स्वैच्छिक संगठन जिसका उद्देश्य जन-कल्याण संस्थाओं के प्रयासों का समायोजन तथा आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य एवं अन्य सेवाएं प्रदान करना है।

chemotherapy — रसायनचिकित्सा

औषधियों या रासायनिक द्रव्यों, जैसे प्रशांतक औषधियों द्वारा तंत्रिकातापी या मनस्तापी रोगियों का उपचार।

child care — शिशु पालन, शिशु देखभाल

परिवार अथवा संस्थागत बच्चों के बहुमुखी विकास के लिये आवश्यक एवं उपलब्ध साधनों का उपयोग।

child guidance — बाल निर्देशन

बाल व्यवहार एवं विज्ञान के विशेषज्ञों के दल द्वारा विशेषकर मान्य अभिकरण के माध्यम से बच्चे के बहुमुखी विकास तथा स्वास्थ्य समायोजन हेतु निदान और उपचार का कार्य।

child guidance clinic — बाल निर्देशन केन्द्र

ऐसा अभिकरण जो बाल निर्देशन का कार्य करता है।

child labour — बाल श्रमिक

बालकों द्वारा खेत, कारखानों, अथवा अन्य प्रतिष्ठानों में काम करना। भारतीय कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत 18 वर्ष से कम आयु वालों को बालक की संज्ञा दी गयी है।

child placement service — बाल स्थानन सेवा

निराश्रित, अनाथ अथवा अपचारी बालकों के पालन, पुनर्वास अथवा सुधार के लिए उन्हें संस्थाओं अथवा पालक परिवारों में रखने की व्यवस्था से संबंधित सेवाएं।

children's bureau - बाल-ब्यूरो

मूलत: अमेरिका में बालकों से सम्बन्धित उच्चाधिकार प्राप्त विशेष कार्यालय जिसका उद्देश्य बाल कल्याण तथा बाल-संवर्धन एवं तत्संबंधित सम्मेलन और प्रकाशन आदि हैं।

children's court — **बाल न्यायालय**

वह विशेष न्यायालय जो 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों द्वारा कानून के उल्लंघन या उनके सुरक्षा संबंधी मामलों पर विचार करता है। बाल अधिनियम 1960 के अन्तर्गत ऐसे न्यायालयों की व्यवस्था है।

child welfare — **बाल-कल्याण**

व्यापक दृष्टि से बालकों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के अभिप्राय से उन्हें दी जाने वाली सेवाएं, जैसे बाल निर्देशन, पौष्टिक आहार तथा बाल क्रीड़ा केन्द्र आदि की सेवाएं।

child welfare agencies — **बाल कल्याण अभिकरण**

वे स्वैच्छिक तथा शासकीय संस्थाए जो बालक की कल्याण संबंधी विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक होती हैं।

civic centre — **नगर केन्द्र**

किसी शहर में ऐसा स्थान, जैसे बड़े हाल, पुस्तकालय अथवा सभाभवन जहां बैठकों तथा मनोरंजन कार्यक्रमों का आयोजन होता है।

client — **सेवार्थी**

किसी सामाजिक अभिकरण अथवा संस्था की सेवाओं का पात्र व्यक्ति, समूह अथवा समुदाय।

clientage — **सेवार्थी वर्ग, सेवार्थित्व**

सेवार्थी-कार्यकर्ता के बीच संबंध की स्थिति। सेवार्थी कार्यकर्ता को अपनी स्थिति और समस्या के बारे में अवगत कराता है और सहायता की अपेक्षा करता है। कार्यकर्ता उसकी इच्छा का आदर करता हुआ आवश्यकतानुसार सहायता प्रदान करता है।

client centred therapy — **सेवार्थी केन्द्रित चिकित्सा**

एक प्रकार की मनश्चिकित्सा जिसमें रोगी की निजी समस्याओं का समाधान करने के लिए उसकी प्रसुप्त मानसिक शक्तियों को जागृत करना और उन्हें सक्रिय बनाना पड़ता है। इसके लिए चिकित्सक रोगी की समस्याएं उसी के संदर्भ में समझने का प्रयत्न करता है किन्तु स्वयं उसका मार्ग-दर्शन नहीं करता।

clientele — **सेवार्थीवृंद**

किसी व्यक्ति, समाजसेवी संस्था या निदानशाला की सेवाओं का लाभ नि.शुल्क अथवा सशुल्क प्राप्त करने वाले व्यक्ति, समूह अथवा सामाजिक अभिकरण।

client situation सेवार्थी स्थिति

व्यक्ति की वह अवस्था जिसमें उसके सामने कोई समस्या हो, उसे उस समस्या का ज्ञान हो और वह उससे मुक्ति पाने के लिए तत्पर हो तथा समाज-कार्य एवं चिकित्सा संबंधी प्रवेशाधों के अनुरूप आचरण करने की आवश्यकता अनुभव करता हो।

clinic निदानशाला

ऐसा स्थान, संस्था या अभिकरण जहां निदान अथवा उपचार सेवा उपलब्ध हो।

clinical diagnosis क्लिनिकल निदान

रोग के अनुसार व्यक्ति को नैदानिक श्रेणी में रखने का एक प्रयास। इससे उसके व्यक्तित्व के कुसमायोजन तथा आवश्यकताओं और व्यवहार के रूपों का पता चलता है।

clinical psychology नैदानिक मनोविज्ञान

मनोविज्ञान की एक शाखा जिसमें मनोविकारों के निदान, उपचार और रोकथाम के लिए अनुसंधान किया जाता है और प्रशिक्षण दिया जाता है जिससे रोगी अपना समायोजन अच्छी तरह कर सके और उसे अपनी बात ठीक से कहने में कोई रुकावट न हो।

clinical team नैदानिक दल, निदानशाला टीम

मनश्चिकित्सा तथा निर्देशन केन्द्रों में विशेषज्ञों का वह सम्मिलित स्वरूप जो सेवार्थी की समस्या का अध्ययन, विश्लेषण एवं निदान अपने विशिष्ट ज्ञान के आधार पर करता है किन्तु उपचार समन्वित योजना के अनुसार ही किया जाता है। विशेषज्ञों के समूह में प्रायः मनश्चिकित्सक, मनोवैज्ञानिक चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विशिष्ट परिचारिका तथा कभी-कभी समाजशास्त्री भी होते हैं।

clinician निदानविद्

वह व्यक्ति जो कार्य-चिकित्सा, मनश्चिकित्सा, वैयक्तिक समाजकार्य अथवा मनोवैज्ञानिक चिकित्सा सेवा प्रदान करता है।

clique गुट

व्यक्तियों का एक छोटा समूह जो समान हित अथवा उद्देश्य की पूर्ति के लिए परस्पर सहयोग करते हैं।

close custody — कड़ी निगरानी, कठोर अभिरक्षा

अपराधी पर सतत् सख्त निगरानी जिससे वह भाग न सके।

closed group — संवृत समूह

ऐसा समूह जिसकी सदस्यता सामान्यतः हर इच्छुक व्यक्ति को सरलता से प्राप्त नहीं होती वरन् इसे समूह के सदस्यों की सिफारिश पर ही समूह में शामिल किया जाता है।

closed shop — संघ-पाबंदी प्रतिष्ठान, संघ-पाबंद कर्मशाला

मालिकों और कामिकों के बीच का पारस्परिक स्वस्थ संबंध जिसके अन्तर्गत समझौता करने वाले श्रमिक संघों के सदस्य ही उस प्रतिष्ठान में कार्य पा सकते हैं।

coitus interruptus — व्याहत मथुन

स्त्री के साथ समागम करते समय पुरुष का वीर्य स्खलन के ठीक पूर्व अपने लिंग को स्त्री की जननेंद्रिय से बाहर निकाल लेना जिसके कारण वीर्य स्खलन स्त्री जननेंद्रिय के बाहर होता है। प्राचीन काल में सतति नियमन के लिए बहुधा इस विधि का प्रयोग किया जाता था और आजकल भी यह सतति नियमन की एक प्रचलित विधि है।

collateral contact — संपार्श्विक संपर्क, भिन्नशाखीय संपर्क

वैयक्तिक सेवाकार्य के अन्तर्गत सहायता देने की एक प्रक्रिया जिसमें कार्यकर्ता सेवार्थी से मिलकर बातचीत करता है और निदान या उपचार की सुविधा प्राप्त कराने में उसकी सहायता करता है।

collective agreement — सामूहिक करार, सामूहिक समझौता

नियोजक अथवा नियोजकों एवं कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के बीच किया गया एक लिखित समझौता जिसमें मजदूरी और रोजगार की शर्तें पारस्परिकता के आधार पर निर्धारित की जाती हैं। इसे सामूहिक श्रम समझौता भी कहा जाता है।

collective bargaining — सामूहिक सौदाकारी

मजदूरी, काम की परिस्थितियों तथा अन्य श्रम समस्याओं के संबंध में समझौता वार्ता। इसके अन्तर्गत एक पक्ष नियोक्ता, नियोजक मण्डल अथवा नियोक्ताओं का परिषद् होता है, दूसरा पक्ष मजदूरों अथवा श्रम-संघटनों के प्रतिनिधियों का

होता है, जो पारस्परिक वार्ता द्वारा किसी सामूहिक समझौते की स्थिति में पहुंचने का प्रयास करते हैं।

collective psychology — सामूहिक मनोविज्ञान

समाज विज्ञान, नृविज्ञान अथवा समाज मनोविज्ञान की वह शाखा जिसमें व्यक्ति की विशेषताओं पर विचार न करके समूह के क्रियाकलापों को इकाई मानकर उन पर विचार किया जाता है।

commercialized vice — व्यावसायिक वेश्यावृत्ति, व्यापारिक वेश्यावृत्ति

एक से अधिक स्त्रियों द्वारा मिलकर वेश्यावृत्ति करना और उनके कार्य से दूसरे लोगों का लाभ उठाना, जैसे स्त्रियों और लड़कियों को बेचना या उनकी आय में हिस्सा लेना।

community action — सामुदायिक क्रिया

सामुदायिक समस्याओं या कठिनाइयों का उन्मूलन करने के लिए अथवा किसी आवश्यकता की पूर्ति के लिए समुदाय के लोगों द्वारा मिल कर किया गया प्रयास।

community centre — सामुदायिक केन्द्र

वह स्थान जहा पास पड़ोस अथवा एक ही व्यवसाय या समान स्तर के व्यक्ति, मनोरंजन या दूसरे समूह के व्यक्तियो से सम्पर्क स्थापित करने के लिए इकट्ठे होते हैं।

community chest — सामुदायिक संगठित निधि

समाज कार्य में सलग्न स्वैच्छिक अभिकरणो की धन पूर्ति के लिए किसी एक संगठन अथवा अभिकरणों के संघ द्वारा एकत्रित की गई निधि।

community clinic — सामुदायिक निदानशाला

किसी समुदाय में स्थित ऐसा अभिकरण जहा स्थानीय सेवार्थियो को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का अध्ययन, निदान व उपचार होता है। यहा प्राय. मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में कार्य होता है।

community council — समुदाय परिषद्

किसी समुदाय मे स्थानीय लोगों द्वारा निर्मित ऐसा स्वैच्छिक सगठन जिसके माध्यम से समुदाय के लोगों के स्वास्थ्य, मनोरंजन, शिक्षा तथा कल्याण कार्यों का

निर्धारण, नियोजन, संचालन व मूल्यांकन इस ध्येय से किया जाता है जिससे व्यक्तियों की आधारभूत सामाजिक और सांस्कृतिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके एवं विकास की सम्भावनाएं बढ़ सकें।

community development — **सामुदायिक विकास**

समुदाय की भौतिक, संवेदात्मक, सामाजिक अथवा सांस्कृतिक समस्याओं को हल करने तथा समुदाय के बहुमुखी विकास के लिए समुदाय के व्यक्तियों द्वारा किसी व्यक्ति या सामाजिक अभिकरण के माध्यम से संगठित होकर प्रयास करने की प्रक्रिया।

community group work — **समुदाय समूह कार्य**

समुदाय के संगठनात्मक कार्यों के अन्तर्गत व्यक्तियों के विशाल समूहों जैसे क्लब तथा सामुदायिक केन्द्रों आदि का निर्माण व उनके लिए किया जाने वाला समूह कार्य।

community guidance clinic — **समुदाय मार्गदर्शन निदानशाला**

समुदाय में विभिन्न वर्गों, संस्थाओं तथा व्यक्तियों को उनकी सामाजिक तथा सांस्कृतिक समस्याओं से संबंधित मार्गदर्शन, निदान व समाधान के लिए स्थापित निदानशाला।

community health services — **समुदाय स्वास्थ्य सेवाएं**

समुदाय में रोग की रोकथाम और उपचार तथा समुदाय के सदस्यों के सामान्य स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए दी जाने वाली स्वैच्छिक एवं शासकीय सेवाएं।

community organization — **सामुदायिक संगठन**

समाजकार्य की प्रक्रिया जिसमें किसी समुदाय, अभिकरण या संस्था को संगठित तथा समूहों को किन्हीं निश्चित उद्देश्यों की उपलब्धि के लिए समन्वित करके क्रियाशील किया जाता है।

community planning — **सामुदायिक योजना**

समुदाय के लोगों द्वारा अपनी सामान्य एवं सामुदायिक विकास की आवश्यकताओं (जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन, रोजगार तथा सफाई आदि) की पूर्ति के लिये आन्तरिक एवं बाह्य साधनों के उपयोग करने की रूपरेखा का निर्धारण।

community programme समुदाय प्रोग्राम, समुदाय कार्यक्रम

सामुदायिक विकास के लिये सामाजिक कार्यकर्ता की सहायता से समुदाय के सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के संचालन या क्रियान्वयन की योजना बनाना ।

community resources सामुदायिक संसाधन, सामाजिक संसाधन

किसी समुदाय में सेवार्थी की सहायता के लिए अपेक्षित एवं उपलब्ध समस्त भौतिक और मानवीय साधन, जैसे आवास, भूमि, जल, सम्पदा, तकनीकविद् तथा प्रशिक्षित व्यक्ति ।

community welfare organization समुदाय कल्याण संगठन

समुदाय के विकास के लिए वृत्तिक सामाजिक-कार्यकर्ता द्वारा प्रयुक्त समाजकार्य की एक विधि । इसके द्वारा कार्यकर्ता उन नागरिक समूहों को सहायता और अप्रत्यक्ष नेतृत्व प्रदान करता है जो समुदाय की बदलती हुई आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उत्सुक एवं कल्याण सेवाओं में परिवर्तन और समस्याओं के समाधान तथा सामुदायिक विकास के लिए प्रयत्नशील रहते हैं ।

community worker सामुदायिक कार्यकर्ता

सामुदायिक संगठन संबंधी कार्यों को पूरा करने के लिए उत्तरदायी व्यक्ति । ऐसे कार्य के लिए सेवा की इकाई सम्पूर्ण समुदाय होता है तथा वह सेवार्थी की भौतिक और मानवीय समस्याओं के अध्ययन, निदान, उपचार व मूल्यांकन का कार्य करता है ।

company-wide bargaining कम्पनी व्यापी सौदाकारी

एक ही व्यवसाय प्रतिष्ठान के अधीनस्थ समस्त संयंत्रों के कामगारों तथा कम्पनी के प्रतिनिधियों के बीच सामूहिक समझौते की प्रक्रिया ।

compensation 1. प्रतिपूर्ति 2. मुआवजा, क्षतिपूर्ति

1. वाछनीय विशेषताओं की आड में अपनी अवांछनीय विशेषताओं को छिपाने या उन पर पर्दा डालने की मानसिक युक्ति । फ्रायड ने प्रतिपूर्ति को व्यवहार या व्यक्तित्व की किसी दुखदायी कमी से बचने का प्रयत्न माना है और एडलर ने हीनता की भावना पर विजय पाने का ।

2. दुर्घटना, बीमारी या क्षति के कारण मिलने वाला धन ।

compensation mechanism — प्रतिपूरक क्रियातंत्र

1. एक ऐसी मानसिक युक्ति जिसमें किसी योग्यता के अभाव में व्यक्ति किन्हीं अन्य गुणों के विकास का अचेतन प्रयास करता है। इससे उसके अन्दर आत्म-सम्मान का भाव बना रहता है और अभाव का महत्व घट जाता है।

2. किसी कार्य में असफल हो जाने पर किसी दूसरे कार्य में विशिष्टता प्राप्त करना।

compulsory arbitration — अनिवार्य विवाचन

विवाचन की एक व्यवस्था जिसके अन्तर्गत औद्योगिक विवाद से सम्बद्ध दोनों पक्ष कानूनन एक तीसरे व्यक्ति के समक्ष विवाचन के लिए प्रस्तुत होते हैं और उसके अन्तिम निर्णय को मानने के लिए वाध्य होते हैं।

compulsory award — अनिवार्य पंचाट, अनिवार्य पंचनिर्णय

विवाचक अथवा विवाचन मण्डल का श्रमिक विवादों के सम्बन्ध में लिया गया निर्णय जिसे मानने के लिए दोनों ही पक्ष वाध्य होते हैं।

conciliation — सुलह, समझौता

विवाद से प्रत्यक्ष रूप से सम्बद्ध दो पक्षों का किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के बगैर पारस्परिक वार्ता द्वारा मतभेद को दूर करने अथवा कोई समझौता करने का प्रयास या किसी तीसरे पक्ष की सहायता से पारस्परिक समझौते का प्रयास।

conciliation board — सुलह बोर्ड, सुलह मंडल

समाधान प्रक्रिया द्वारा पारस्परिक समझौता कराने के लिए स्थापित मण्डल।

conditional release — सशर्त रिहाई

कैदी को इस शर्त पर कारावास से रिहा करना कि वह अच्छा आचरण करेगा और समय-समय पर निर्धारित अधिकारी से सम्पर्क स्थापित करता रहेगा। यदि वह इन शर्तों का उल्लंघन करता है तो उसे पुनः कारावास भेज दिया जाता है।

conference — सम्मेलन

विचारों, तथ्यों तथा प्रविधियों के आदान-प्रदान के लिये विशेषज्ञ तथा शिक्षार्थी या सामान्यजन अथवा विशेषज्ञों के मध्य संवार्ता। प्रशिक्षण तथा अनुशिक्षण में इस पद्धति का व्यापक प्रयोग होता है।

confidentiality — गोपनीयता

वैयक्तिक सेवा कार्य का एक सिद्धांत जिसके अन्तर्गत कार्यकर्ता सेवार्थी को यह आश्वासन देता है कि उन दोनों के मध्य होने वाले वार्तालाप को गोपनीय रखा जायेगा।

सामान्यतः निम्नलिखित स्थितियों में इस गोपनीयता को भंग किया जाता है :—

(1) जब कार्यकर्ता यह महसूस करता है कि सेवार्थी की समस्याओं के संबंध में दूसरे विशेषज्ञ की सलाह लेना आवश्यक है, और

(2) सेवार्थी की गतिविधियाँ और क्रियाकलाप समाज के लिए हानिकारक हैं।

conflict — द्वन्द्व, अंतर्द्वन्द्व

(1) आवश्यकताओं की पूर्ति न होने पर उत्पन्न होने वाले तनाव।

(2) मानसिक खिंचाव का एक प्रमुख कारण जो व्यक्ति के अंदर तनाव तथा आन्तरिक विक्षोभ उत्पन्न कर उसकी समायोजी क्षमता को नष्ट कर देता है। प्रायः इससे व्यक्तित्व दुर्बल हो जाता है और अहं की क्षमता घट जाती है।

conformity — समरूपता

किसी व्यक्ति की जब उसमें और उसके समूह में मतभेद हो जाये तो समूह के दबाव में समूह के अनुकूल निर्णय या कार्य करने की प्रवृत्ति।

congenital — जन्मजात, सहजात

गर्भाशय में भ्रूण विकास के दौरान उपार्जित, आनुवंशिकता के आधार पर नहीं।

contract labour — अनुबंधित श्रमिक, ठेका मजदूर

किसी प्रतिष्ठान या उद्यम के निर्माण अथवा उत्पादन कार्य में सहायता देने वाले वे श्रमिक जिनकी मजदूरी का भुगतान प्रतिष्ठान के नियोक्ता अथवा प्रबन्धक द्वारा न किया जाकर निजी अनुबंधकों द्वारा किया जाता है। प्रतिष्ठान के नियमित श्रमिकों की भांति ये श्रमिक सामाजिक सुरक्षा कल्याण एवं अन्य अनुषंगी हित-लाभों के भागी नहीं होते। फिर भी एक निश्चित सीमा तक ये श्रमिक इन सुविधाओं के अधिकारी होते हैं।

contract system — संविदा पद्धति, ठेका पद्धति

वह प्रणाली जिसके द्वारा किसी औद्योगिक प्रतिष्ठान या अन्य उद्यम में अनुबंधित श्रमिकों की नियुक्ति करके उनसे कार्य कराया जाता है और उनका पर्यवेक्षण और अनुरक्षण किया जाता है ।

contributory negligence — योगदायी गफलत

दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति (या इसके साथ के किसी अन्य व्यक्ति) से असावधानी के कारण दुर्घटना होने का दावा, ताकि नियोक्ता या बीमा कम्पनी क्षतिपूर्ति के लिये उत्तरदायी न हों ।

control group — प्रधान्य समूह

जिन बातों पर प्रायोगिक अनुसंधान किया जा रहा हो उन्हें छोड़ कर अन्य सब तरह से प्रायोगिक समूह के समकक्ष समूह ।

convict — सिद्धदोष, बंदी

ऐसा व्यक्ति जिसका अपराध न्यायालय में सिद्ध हो चुका हो और उसे किसी कारागार में बंदी बनाकर रखा गया हो ।

conviction — दोषसिद्धि

किसी अपराध के लिए व्यक्ति को दोषी सिद्ध करना अथवा यह निर्णय देना कि उसने अपराध किया है ।

convict labour — बन्दी श्रम, बन्दी श्रमिक

(क) प्रयोग अथवा विक्रय हेतु वस्तुओं के उत्पादन तथा सेवाओं के निष्पादन में बंदियों का प्रयोग ।

(ख) उत्पादन कार्य में संलग्न बंदी ।

convict lease system — बन्दी श्रमिक पट्टा पद्धति

बंदियों को श्रमिक के रूप में राजकीय अथवा वैयक्तिक प्रतिष्ठानों की दैनिक मजदूरी अथवा ठेके पर देने की प्रणाली । यह प्रणाली मध्य काल में इंग्लैंड और यूरोप में प्रचलित थी ।

convulsive therapy — आक्षेपी चिकित्सा

मनोविकृत रोगियों का उपचार करने की एक प्रणाली जिसमें इन्सुलिन आदि औषधियों या बिजली के झटके देकर सारे शरीर में पेशीय संकोच और ऐंठन पैदा की जाती है ।

cooling-off period **उपशमन अवधि**

ऐसा निर्दिष्ट काल जिसमें श्रमिकों से हड़ताल सम्बन्धी कार्यवाही न करने की अपेक्षा की जाती है। यह एक ऐसी कानूनी युक्ति है जिससे विवाद में फंसे दोनों पक्षों को इस अवधि में इतना समय मिल जाता है कि वे शान्तिपूर्वक विवादों के मुद्दों पर विचार करके उचित निष्कर्ष पर पहुंच सकते हैं जो प्रारम्भ में सम्भव नहीं होता। इसके अतिरिक्त जाच पड़ताल का कार्य करने वाले न्यायिक अभिकरणों को भी विवाद के दोनों पहलुओं का अध्ययन करने का समय मिल जाता है।

coordinating council **समन्वय परिषद्**

समाज कल्याण संस्थाओं, संगठनों, सरकारी विभागों तथा स्थानीय निकायों में पारस्परिक सहयोग, समायोजन तथा साधन एकत्रीकरण के लिये निर्मित कोई प्रतिनिधि परिषद्। यह नागरिकों को विभिन्न सेवाओं के बारे में बताती है, उनका समर्थन प्राप्त करती है तथा उन्हें जनतांत्रिक संक्रिया के लिए तैयार करती है।

coping behaviour **साधक व्यवहार, समायोजी व्यवहार**

किसी अभीष्ट काम को पूरा करने के लिए अपनाया गया कोई अन्य ऐसा कार्य या व्यवहार जो व्यक्ति का पर्यावरणगत परिस्थितियों से समायोजन करा सके।

corporal punishment **शारीरिक दण्ड**

किसी अपराधी को दण्डस्वरूप शारीरिक पीड़ा या कष्ट पहुंचाना।

correctional institution **सुधार-संस्था**

अपराधियों तथा उनके व्यवहार, चरित्र सुधार तथा पुनर्वास के लिए कोई संस्था, जैसे कारागार, बाल सुधार या संरक्षण गृह आदि।

correctional services **सुधारात्मक सेवाएं**

1. अपराधियों तथा अपचारियों के सुधार तथा पुनर्वास के लिए प्रदत्त संस्थागत और असंस्थागत स्वैच्छिक अथवा राजकीय सेवाएं, जैसे कारागार निर्देशन केन्द्र या बाल सुधार प्रशिक्षण केन्द्र आदि।

2. बाल तथा दण्ड न्यायालयों द्वारा निर्देशन और नियंत्रण, परिवीक्षा सेवाएं, नैदानिक तथा उपचार संबंधी कार्य, निरोध संस्थाओं तथा कारागारों में व्यक्ति तथा समूह कार्य जिनका उद्देश्य अपराधियों को समाज के साथ समायोजन करने तथा सामुदायिक जीवन में उनके दुबारा लौट सकने में उनकी सहायता करना है।

correlation सहसंबंध

(1) तथ्यों के दो समूहों में पारस्परिक संबध की स्थिति । इसका निर्धारण सांख्यिकीय पद्धति द्वारा किया जाता है । यह सकारात्मक अथवा नकारात्मक हो सकता है ।

(2) दो या उससे अधिक परिवर्त्यों में एक साथ परिवर्तन होने की स्थिति ।

cost of living bonus निर्वाह खर्च बोनस

वह बोनस जो कामगारों को जीवन निर्वाह खर्च में वृद्धि के आधार पर उनके नियमित वेतन के अतिरिक्त दिया जाता है ।

council of community agencies (=community council) समुदाय अभिकरण परिषद

किसी समुदाय में समाज कल्याण तथा परोपकारी संस्थाओं और संगठनों की परिषद् जो सरकारी अथवा स्वैच्छिक अभिकरणो के कार्यों का समन्वय करते हुए सामाजिक समस्याओं के अध्ययन एव उनके समाधान की योजनायें तैयार करती है ।

counselling परामर्श, उपबोधन

एक प्रकार का संबंध या कार्यविधि विशेष जिसमें कोई व्यक्ति विशेषत: प्रशिक्षित व्यक्ति, किसी दूसरे व्यक्ति की समायोजन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक सहायता करता है ।

counselling interview परामर्शी साक्षात्कार

परामर्शदाता और सेवार्थी के मध्य ऐसी वार्ता जिसमें सेवार्थी अपनी स्थिति तथा समस्याओं का वर्णन करता है और परामर्शदाता इसके समाधान हेतु उपयुक्त निदेश देता है ।

counselling psychology उपबोधन मनोविज्ञान

मनोविज्ञान की एक शाखा जिसमे प्रशिक्षित व्यक्ति सामान्य व्यक्तियों की शैक्षिक, व्यावसायिक अथवा वैवाहिक समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करता है ।

craft union दस्तकार संघ, शिल्पी संघ

उन कामगारों अथवा श्रमिकों का संघ जो एक ही उद्योग की किसी एक उत्पादन प्रक्रिया में कार्यरत हों ।

creches — **शिशुगृह**

ऐसे केन्द्र जहां पर काम पर जाने वाली महिलाएं अपने छोटे बच्चों को देखभाल के लिए छोड़ जाती हैं । ऐसे केन्द्र प्रायः कारखानों, दफ्तरों तथा अन्य कार्य क्षेत्रों में स्थापित किये जाते हैं ।

crime index — **अपराध सूचकांक**

किसी भी क्षेत्र, समुदाय व देश में अपराध की ज्ञात घटनाओं के आधार पर निर्धारित सूचकांक । इससे किसी क्षेत्र में व्याप्त आपराधिकता का अप्रत्यक्ष बोध होता है ।

crime rate — **अपराध दर**

किसी भौगोलिक क्षेत्र अथवा जनसंख्या समूह के अंतर्गत दर्ज किए गए अपराधों की वह संख्या जिसे किसी जनसंख्या की इकाई की आनुपातिक संख्या द्वारा व्यक्त किया जाता है ।

criminal biology — **आपराधिक जैविकी**

अपराधियों की आनुवंशिक और शारीरिक विशेषताओं के आधार पर उनकी अपराध प्रवृत्तियों का वैज्ञानिक अध्ययन ।

criminal gang — **अपराधी दल**

अपराधियों का एक ऐसा समूह जो अपराध करने के लिए सगठित होकर पूर्ण सहयोग के साथ कार्य करता है ।

criminal insanity — **अपराध विक्षिप्ति**

मानसिक विकृति की ऐसी अवस्था जिसमें व्यक्ति का अपने व्यवहार पर नियंत्रण नहीं रहता । अतः उसके व्यवहार के लिए उसे उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता । ऐसा व्यक्ति अपराध करने के लिए अभिप्रेरित रहता है ।

criminality — **अपराधिता**

1. किसी भी क्षेत्र के जनसमुदाय में कानून के उल्लंघन की घटनाएं ।
2. व्यक्ति अथवा समूह की कानून उल्लंघन की प्रवृत्ति ।

criminal justice — **दण्ड-न्याय**

अपराधियों को पकड़ने, मुकदमा चलाने, दण्ड देने आदि के कार्यों से संबद्ध समस्त प्रक्रियाएं ।

criminaloid — **अपराधीकल्प**

वे व्यक्ति जिनमें अपराध-वृत्तियों का आभास मिलता हो ।

criminal organisation — **अपराधी संगठन**

अपराध करने वाले व्यक्तियों तथा समूहों में संबंधों की औपचारिक अथवा अनौपचारिक संरचना जिसका उद्देश्य अपराधी कार्यों को सुगम बनाना और न्यायिक और दण्ड अभिकरणों से अपने सदस्यों को सुरक्षा करना है ।

crippled — **अपंग, विकलांग**

वह व्यक्ति जिसके शरीर का कोई अंग न हो, बेकार हो गया हो या वह अपने किसी अंग का उपयोग कर सकने में असमर्थ हो ।

crisis — **संकट, संक्रान्ति**

किसी स्थिति अथवा घटनाओं से प्रत्याशित क्रम में उत्पन्न होने वाले अवरोध अथवा आदतों और प्रथाओं के क्रम में उत्पन्न होने वाली बाधायें जिनके प्रति व्यक्ति अथवा समूह को सतर्क रहना पड़ता है ताकि वे अधिक उपयुक्त आदत डाल सकें अथवा अच्छी प्रथा स्थापित कर सकें ।

crisis intervention — **संकट हस्तक्षेप**

वह प्रक्रिया जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता या चिकित्सक किसी परिवार अथवा समूह की घोर संकटपूर्ण स्थितियों में संकट के प्रभाव का उन्मूलन करता है तथा सहायता के लिए उन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष साधनों का विकास एवं उपयोग करता है जो उसके लिए आवश्यक होते हैं ।

culturalism — **संस्कृतिवाद**

मनुष्य की सामाजिक प्रकृति पर बल देने और सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप व्यक्ति को ढालने वाला सिद्धान्त ।

custodial care — **अभिरक्षण**

अपराधी, विकलांग या निराश्रित व्यक्ति को सुरक्षा की दृष्टि से संस्था में रखने की व्यवस्था ।

cyclothyme — **चक्रविक्षिप्त**

एक विशेष प्रकार की मानसिक स्थिति जिसमें व्यक्ति सुख एवं दुख के भावों को बारी-बारी से अनुभव करता है । एक बार अत्यन्त दुखी तथा विषादग्रस्त हो जाने और फिर बिल्कुल प्रसन्न और अति सक्रिय हो जाने के भावों का कारण बाहरी न होकर उसके मन के अंदर ही होता है । इन दोनों स्थितियों के अतिरिक्त बीच-बीच में वह सामान्य भावों का भी अनुभव करता है ।

cyclothymic personality — चक्रविक्षिप्त व्यक्तित्व

बहिर्मुखी प्रवृत्तियों से युक्त व्यक्ति जो पर्याप्त बाह्य कारकों के बिना ही कभी प्रफुल्ल और कभी खिन्न, कभी सक्रिय और कभी निष्क्रिय तथा कभी उत्तेजित और कभी अवसादग्रस्त रहता है

D

daily labour — दैनिक श्रमिक
(=daily worker)

वह मजदूर जिसे प्रतिदिन की मजदूरी की दर से भुगतान होता है और जिसका मालिक के साथ लम्बे समय तक काम पर लगे रहने का समझौता नही होता। ऐसे मजदूर को बिना पूर्व सूचना के किसी समय कार्य से हटाया जा सकता ।

dangerous occupation — खतरनाक व्यवसाय

ऐसा व्यवसाय जिसमें कार्य करने से औद्योगिक दुर्घटना अथवा उद्योगजन्य रोग हो सकता है।

day-care — दिवस-देखभाल

कार्य अथवा किसी अन्य असमर्थतावश माता-पिता की अनुपस्थिति में दिन के समय किसी सामाजिक अभिकरण द्वारा बच्चों के पालन पोषण की व्यवस्था ।

day care centre — दिवा देखभाल केन्द्र

काम करने वाली महिलाओं के बच्चो की दिन में काम के समय में देखभाल करने के लिए बना सेवा-स्थल ।

day shift — दिन की पारी

औद्योगिक प्रतिष्ठानों में बहुपारी प्रणाली के अन्तर्गत वह पारी जो प्रातः काल से आरंभ होकर सायंकाल तक चलती है।

death rate — मृत्यु दर

किसी एक क्षेत्र में एक वर्ष में कुल जनसंख्या के प्रति हजार व्यक्तियों पर मृत्यु संख्या। इसका निर्धारण निम्नलिखित सूत्र के अनुसार होता है :—

$$\text{मृत्यु दर} = \frac{\text{वर्ष भर में कुल मृत्यु संख्या} \times 1000}{\text{वर्ष में औसत जनसंख्या}}$$

defective delinquent सदोष अपचारी

वह बाल अपराधी जो मुख्यतः मानसिक अथवा शारीरिक विकारों के कारण अपराध करता हो।

defense mechanism रक्षा युक्ति

अहम् को झकझोर देने वाली कुंठाजन्य दुश्चिंताओं और भय से अपने व्यक्तित्व की सक्रिय या निष्क्रिय किसी भी तरह रक्षा करने के लिए सामान्यतः अचेतन रूप से अपनाए गए व्यवहार के निश्चित तौर-तरीके।

delinquency अपचार

अवयस्कों द्वारा किया जाने वाला अपराध।

delinquent अपचारी

12 वर्ष के कम आयु के व्यक्ति जो विधि अथवा समाज-विरुद्ध आचरण और शिष्ट सामाजिक मान्यताओं का उल्लंघन करते हैं।

delinquent sub-culture अपचारी उपसंस्कृति

किसी बृहत् समाज के कुछ समूहों में पाए जाने वाले वे मूल्य तथा व्यवहार प्रतिमान जो समाज विरोधी होते हैं और इस उप-समूह के व्यक्ति सम्मान एवं सुरक्षा पाने के लिए तदनुरूप आचरण करते हैं।

delusion भ्रमासक्ति

किसी प्रबल इच्छा या उद्देश्य और तीव्र रागात्मक प्रभाव में किसी मूर्त या अमूर्त स्थिति का ठीक-ठीक वस्तुपरक प्रत्यक्षण न कर पाने से बना ऐसा मिथ्या विश्वास जिसे किसी भी प्रकार से वास्तविक तर्क या पर्याप्त विरोधी प्रमाणों द्वारा भी संशोधित न किया जा सके।

delusion of grandeur महानता भ्रमासक्ति

एक प्रकार की भ्रमासक्ति जिसमें व्यक्ति को यह मिथ्या किन्तु पक्का विश्वास हो जाता है कि वह एक महान और विलक्षण व्यक्ति है, जैसे अपने को कोई विशिष्ट अर्थशास्त्री, भौतिक विज्ञानी या ऐतिहासिक पुरुष समझना।

delusion of influence प्रभाव भ्रमासक्ति

भ्रमासक्ति का एक प्रकार जिसमें व्यक्ति को यह मिथ्या किन्तु पक्का विश्वास हो जाता है कि उसके 'शत्रु' उसके मस्तिष्क में विभिन्न तरीकों से विशेषतः विद्युत उपकरणों से 'गंदे विचार भर कर' उसकी चिन्तन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयत्न कर रहे हैं।

delusion of persecution — **उत्पीड़न भ्रमासक्ति**

भ्रमासक्ति का एक प्रकार जिसमें व्यक्ति को यह मिथ्या किन्तु पक्का विश्वास हो जाता है कि उसके इर्द-गिर्द सभी लोग जानबूझकर उसके उद्देश्यों और प्रयासों को विफल करने और उसका सर्वनाश करने पर तुले हुए हैं और वे हर समय उसके विरुद्ध कोई न कोई षड्यंत्र रच रहे हैं।

delusion of reference — **स्वसंदर्भ भ्रमासक्ति**

सदैव उत्पीड़न भ्रमासक्ति से ग्रस्त रहने वाले व्यक्ति द्वारा दैनिक जीवन की साधारण घटनाओं की भी गलत व्याख्या करने की सदेहात्मक मनोवृत्ति से उत्पन्न ऐसा मिथ्या विश्वास जिसमें वह दूसरों की बातचीत, कानाफूसी, या हाव-भाव प्रदर्शन का विषय हर समय अपने को ही समझने लगे।

democratic leadership — **लोकतंत्रीय नेतृत्व**

नेता द्वारा समूह में मुक्त और प्रेरक वातावरण का ऐसा सृजन कि सदस्य स्वतः समूह के कार्यक्रम, निर्माण और समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया में भाग लेते हैं जिससे विकास में सहायता मिलती है और समूह की गतिशीलता तथा प्राणवत्ता में वृद्धि होती है। समूह की प्रभावशीलता को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण तत्व।

demonstration strike — **प्रदर्शन हड़ताल**

श्रमिकों द्वारा अपनी मांगों को मनवाने के लिए प्रतीक रूप में हड़ताल करना जिससे मालिकों तथा सार्वजनिक अधिकारियों पर उनकी शक्ति एवं संगठन का प्रभाव पड़े।

dependency — **पराश्रितता**

व्यक्ति की विशेष स्थिति जिसके कारण वह आर्थिक या अन्य सहायता हेतु दूसरे व्यक्तियों अथवा अभिकरणों पर निर्भर करता है।

dependents benefit — **आश्रित हितलाभ**

बीमाकृत कर्मचारी की सेवाकाल में मृत्यु हो जाने पर उसके आश्रितों को मिलने वाला धन लाभ।

depersonalization — **व्यक्तित्व अप्रतीति**

एक ऐसी अवस्था जिसमें व्यक्ति को अपनी वास्तविकता का बोध नहीं रहता या उसे अपना शरीर अवास्तविक लगता है। वह अपने और दूसरों के

व्यवहार को असंपृक्त होकर देखता है। ऐसे व्यक्ति को शरीर के खोखला होने या बिल्कुल न होने की या किसी अन्य प्रकार की भ्रमासक्ति भी हो सकती है।

depraved child — भ्रष्ट बालक

वह बालक जो अनैतिक व्यवहार करने लगा हो और जिसका चरित्र भ्रष्ट हो गया हो।

depravity — दुराचारिता

किसी भी व्यक्ति के चरित्र मे लपटता, धृष्टता तथा चरित्रहीनता के विकारों का उत्पन्न होना।

destitute — अकिंचन, निराश्रित

परित्यक्त अथवा आश्रयहीन व्यक्ति।

detention — हिरासत

अपराध करने के लिए अथवा अपराध के संदेह में किसी व्यक्ति को रोक रखना।

detention home — निरोध गृह

गंभीर अपराध करने वाले, घर से निकाल दिए गये अथवा घर छोड़कर भागे हुए बालको को न्यायिक कार्यवाही समाप्त होने तक रोक कर रखने की जगह।

deviant behaviour — विसामान्य व्यवहार

सामान्य व्यवहार से अलग कोई अत्यधिक विचलित व्यवहार जो प्रायः विकृतिमूलक हो और अपसामान्य व्यवहार की श्रेणी मे आता हो।

deviant sexual behaviour — विसामान्य काम-व्यवहार

काम-वासना की संतुष्टि के लिए सामान्य व्यवहार से अलग तथा अत्यन्त विचलित या विकृत आचरण जिसका समाज में तीव्र विरोध होना है।

diagnosis — निदान

विभिन्न लक्षणो तथा उत्पत्ति के कारणों के अध्ययन द्वारा किसी बीमारी, विकार अथवा अपसामान्यता को पहचानना ताकि उसका उचित उपचार किया जा सके।

diagnostic evaluation — नैदानिक मूल्यांकन

सेवार्थी सम्बन्धी गत्यात्मक निदान या तदर्थ निर्धारण, जिस पर उपचार योजना आधारित होती है। इसके आधार पर निदान का वर्गीकरण भी किया जा सकता है।

diagnostic process — नैदानिक प्रक्रम

सेवार्थी की समस्याओं, उसके व्यक्तित्व एवं सामाजिक परिवेश के विश्लेषण एवं संश्लेषण की प्रक्रिया। इस प्रक्रिया के आधार पर सेवार्थी की समस्या, उसके कारणों, सेवार्थी की क्षमताओं तथा उपचार की योजनाओं का निरूपण किया जाता है। वैयक्तिक सेवा कार्य में यह प्रक्रिया प्रथम साक्षात्कार से ही आरम्भ हो जाती है और कई साक्षात्कार के पश्चात् इसे अन्तिम रूप दिया जाता है।

didactic group therapy — प्रबोध समूह चिकित्सा

मनश्चिकित्सा की एक विधि जिसके अन्तर्गत एक से अधिक मानसिक रोगियों को समूह अथवा कक्षा में रख कर मनश्चिकित्सक अथवा मनोवैज्ञानिक द्वारा ऐसे औपचारिक उद्बोधन दिए जाते हैं जिससे रोगी अपनी दमित इच्छाओं को अभिव्यक्त करता है तथा धीरे-धीरे वास्तविकता के समीप पहुँचता है।

differential diagnosis — विभेदक निदान, भेददर्शी निदान

प्रमुख सलक्षणों अथवा अभिव्यक्तियों या किसी प्रकार के रोग या विकार को विशेष प्रकार से प्रकट करने वाले तथा दूसरे को प्रकट न करने वाले परीक्षण के आकड़ों की सहायता से सजातीय रोगों या विकृतियों के अन्तर को जानने की एक विधि।

differential shift — अधिवेतन पारी, विभेदक पारी

वह कार्य-समय जिसके लिए नियत दिवस-पारी के वेतन के अतिरिक्त कुछ पारिश्रमिक मुआवजे के रूप में मिलता है या उस कार्य समय में कम घंटों के लिए भी पूरा वेतन मिलता है।

differentiation — विभेदीकरण, विभेदन

सामान्य संरचना अथवा संक्रियाओं का विशिष्ट संरचना या क्रियाओं में परिवर्तित हो जाना। जैसे प्रारम्भ में दो आवाजों के प्रति एक ही जैसी अनुक्रिया का होना जो आगे चल कर अलग-अलग प्रकार से होने लगती है।

dipsomania — मद्योन्माद

आमतौर में लंबी अवधि के बाद मद्यपान की बार-बार होने वाली उत्कट एवं अदम्य लालसा जिसे किसी आधारभूत मनोविकृति का लक्षण समझा जाता है।

dipsomaniac — मद्योन्मादी

शराब आदि के लिए प्रबल तथा अनियंत्रणीय इच्छा रखने वाला, विशेषकर, मद्य आदि के सेवन से प्रायः नशे में चूर रहने वाला व्यक्ति।

directive therapy — निदेशात्मक चिकित्सा

एक प्रकार की मनश्चिकित्सा जिसमें चिकित्सक के सक्रिय सहयोग से व्यक्ति अपने आभ्यांतरिक द्वंद्वों को प्रकट करता है, मनश्चिकित्सक प्रकट होने वाली गूढ़ बातों की व्याख्या करता है तथा व्यक्ति को रचनात्मक कार्यों के लिए प्रेरित करके उसके व्यक्तित्व में प्रभावशील परिवर्तन लाता है।

direct relief — प्रत्यक्ष सहायता

सामर्थ्यहीन अथवा प्राकृतिक संकट से पीड़ित लोगों को सरकारी या गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा दी जाने वाली वस्तुपरक सहायता, जैसे रोटी, कपड़ा, निवासस्थान आदि।

disability — अशक्तता, अपंगता

किसी अंग या ग्रंथि के दोषयुक्त हो जाने के कारण शारीरिक अक्षमता या अपंगता की स्थिति उत्पन्न हो जाना।

disability benefit — अशक्तता हितलाभ, अपंगता हितलाभ
(=disablement benefit)

औद्योगिक अधिनियमों के अंतर्गत मजदूर यदि कार्यस्थल पर किसी दुर्घटना में घायल हो जाए या उसे कोई उद्योगजन्य रोग लग जाए तो उस स्थिति में उसे प्रबंधक अथवा अन्य अभिकरण द्वारा दिया जाने वाला मुआवजा।

disability insurance — अशक्तता बीमा, अपंगता बीमा

व्यक्ति के किसी अंग के बेकार हो जाने या शारीरिक रूप से पूर्ण अपंगता की स्थिति में संबंधित जीवन-बीमा।

disabling injury — अशक्तकारी क्षति, अशक्तकारी चोट, अपंगकारी क्षति

कार्यरत कर्मचारी को लगने वाली वह चोट जिसके कारण वह पूरे समय तक कार्य करने में असमर्थ हो जाता है और उसे आमदनी या मजदूरी की क्षति होती है।

disaster relief — विपत्ति सहायता

भीषण दुर्घटना या प्राकृतिक विपत्ति से प्रभावित व्यक्तियों को दी जाने वाली सहायता।

discharge warning — सेवामुक्ति चेतावनी

कर्मचारी का कार्य या व्यवहार संतोजनक न होने पर प्रबंधक द्वारा उसे नौकरी से निकाल देने की चेतावनी।

disciplinary lay-off — आनुशासनिक जबरी छुट्टी

नियमों का उल्लंघन करने पर कर्मचारी को दंड-स्वरूप नौकरी से अस्थायी तौर पर अलग कर देना।

discussion leader — परिचर्चा संचालक

किसी भी समूह के विचारों और दृष्टिकोणों की उन्मुक्त चर्चा को प्रोत्साहित करने वाला व्यक्ति।

dismissal compensation — पदच्युति क्षतिपूर्ति, बरखास्तगी मुआवजा

कर्मचारी को एक मुश्त अथवा थोड़ी-थोड़ी मात्रा में दी गई वह क्षतिपूर्ति जो उसे स्थायी तौर पर काम से हटाने के समय दी जाती है। उद्योगों में तकनीकी परिवर्तन अथवा सह-संयंत्रों को हटाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

dismissal wage — पदच्युति मजदूरी, बरखास्तगी मजदूरी

वह मुआवजा जो कर्मचारी को नौकरी से हटाये जाने पर नियमित वेतन के अतिरिक्त दिया जाता है। इस आर्थिक सहायता का उद्देश्य यह होता है कि श्रमिक इस धन के द्वारा दूसरा काम मिलने तक अपनी गुजर-बसर कर सके।

displacement — विस्थापन

व्यक्ति के किसी अभिप्रेरक के संतुष्ट न होने या उसके किसी प्रयत्न के विफल हो जाने से उत्पन्न आक्रामक और शत्रुतापूर्ण भावनाओं एवं उद्वेगों का उस कुंठा और दुश्चिंताजनक मूल स्थिति या व्यक्ति से हटकर अनजाने ही उससे एकदम असंबद्ध किसी अन्य स्थिति या व्यक्ति पर केन्द्रित हो जाने की एक मानसिक प्रक्रिया।

domestic relation court — कुटुंब संबंध न्यायालय

तनावपूर्ण दाम्पत्य सम्बन्धों से पैदा होने वाली समस्याओं जैसे अभित्याग, सम्बन्ध विच्छेद, उपेक्षा एवं बाल-अपचार इत्यादि अन्य सम्बन्धित मामलों पर विचार करने वाला न्यायालय।

dominance — प्रभाविता

दूसरे लोगों के कार्यों और विचारों पर नियन्त्रण रखने की प्रवृत्ति।

down period — कार्यबंदी अवधि

कारखानों अथवा कर्मशालाओं में काम न हो सकने की वह अवधि जब यंत्रों की सफाई या मरम्मत की जाती है या नये संयंत्र लगाये जाते हैं।

dream analysis — स्वप्न विश्लेषण

विचारों के मुक्त साहचर्य द्वारा स्वप्नद्रष्टा के मन में छिपे हुये उद्देश्यों, इच्छाओं और कामनाओं का पता लगाने के लिए उसके स्वप्नों का विश्लेषण करना।

drive — अंतर्नोद

जीव को सक्रिय होने के लिए विवश करने वाली और साथ ही उसके व्यवहार को किसी लक्ष्य-विशेष की ओर उन्मुख करने वाली एक विशिष्ट शरीरक्रियात्मक स्थिति या आंतरिक शारीरिक दशा।

drug - addiction — मादक द्रव्य व्यसन

मार्फीन, हिरोइन, अफीम या अफीम से तैयार किये गये अन्य द्रव्य तथा मारिजुआना या कोकीन जैसे मादक द्रव्यों के नियमित सेवन का व्यसन। व्यक्ति इनका इतना आदी हो जाता है कि इनके अभाव में वह अत्यंत विषादग्रस्त और व्यग्र हो जाता है।

dual personality — द्वैध व्यक्तित्व

मानसिक विघटन की एक अवस्था जिसमें व्यक्तित्व दो या दो से अधिक गौण मानसिक संगठनों में टूट जाता है और उन गौण व्यक्तित्वों की अभिव्यक्ति व्यवहार के माध्यम से होने लगती है।

dynamic diagnosis — गतिक निदान

सेवार्थी अथवा उसके सामाजिक पर्यावरण या दोनों के बीच प्रतिक्रिया करने वाली विभिन्न शक्तियों का अध्ययन। इसके अन्तर्गत सेवार्थी की कठिनाइयों तथा उसके मनोवैज्ञानिक, भौतिक अथवा सामाजिक कारणों और इनका उस पर पड़ने वाले प्रभावों का पता लगाने तथा उनका हल स्वयं सेवार्थी की परिस्थितियों अथवा संगठित सेवाओं में ढूढने का प्रयास किया जाता है।

dyssocial reaction — विसामाजिक प्रतिक्रिया

(अ) वह व्यवहार जिससे सामाजिक आचार संहिता की स्पष्टतः अवहेलना हो और जो प्रायः उससे मेल न खाये किन्तु वस्तुत. पूरी तरह से उसका विरोध न करे।

(ब) किसी व्यक्ति के व्यवहार और आचारण के ऐसे विमार्गी तौर-तरीके जो उसमें इस कारण पनपते हैं कि उसका समाजीकरण जिस पर्यावरण में होता है वहां वैसे विपथगामी व्यवहार को सामान्य माना जाता है।

E

ectomorphic — लंबाकृतिक, एक्टोमार्फिक

एक प्रकार का शरीर गठन जिसमें व्यक्ति की देह या शरीर के अग्रभाग लम्बे और दुबले-पतले होते हैं तथा पेशियां भी अपुष्ट होती हैं।

educational counselling — शैक्षिक उपबोधन

शैक्षिक संस्थाओं अथवा सामाजिक या शासकीय अभिकरणों द्वारा चलाए जाने वाले वे कार्यक्रम जिनका उद्देश्य मूलतः विद्यार्थियों तथा उनके माता-पिता के शैक्षिक उद्देश्यों के निर्धारण, पाठ्यक्रमों के आयोजन तथा शैक्षिक समस्याओं के समाधान में सहायता करना होता है।

ego — अहम्

(1) व्यक्ति की अपने ही बारे में कोई निश्चित संकल्पना या संप्रत्यय।

(2) मनोविश्लेषण सिद्धांत के अनुसार व्यक्ति और उसके बाह्य परिवेश

में सक्रिय संबंध स्थापित कराने वाला व्यक्तित्व विकास का एक महत्वपूर्ण चेतन पक्ष जिसका प्रमुख कार्य है इद से उत्पन्न मूल प्रवृतियों और मूल आवेगों को वास्तविकता के अनुरूप नियंत्रित और संशोधित करके मानसिक तनावों को दूर करना जिससे सुख मिलता है।

ego-ideal — **अहमादर्श**

बचपन में किसी बहु प्रशंसित व्यक्ति या किसी महापुरुष से अपना तदात्मीकरण करके प्रत्येक कार्य में पूर्णता पाने के लिए निर्धारित किया गया कोई मानक।

ego support — **अहम् आलंब, अहम् समर्थन**

वैयक्तिक सेवा कार्य की एक प्रविधि जिसके अन्तर्गत कार्यकर्ता सेवार्थी को कोई नई जानकारी नहीं देता वरन् तदात्मीकरण, शिक्षण, निर्देशन तथा सामान्यीकरण आदि उपप्रविधियों के द्वारा सेवार्थी में साहस और उत्साह का संचार करके उसकी अहम् शक्ति को प्रबल बनाता है। इसके फलस्वरूप सेवार्थी के मानसिक तनाव तथा दोष भावना का शमन होता है और उसमें आत्मविश्वास तथा स्वस्थ रूप से कार्य करने की उचित शक्ति का विकास होता है।

ejection — **बेदखली**

व्यक्ति को उसकी हैसियत या दर्जे से नीचा गिरा देना या उसे घर या संपत्ति से वंचित कर देना।

Electra complex — **इलेक्ट्रा-मनोग्रंथि**

फ्रायड के अनुसार लड़की की अपने पिता के प्रति अतिशय काम भावना और काम-संबंध रखने की दमित इच्छा और साथ ही माता के प्रति शत्रुता की भावना।

emotion — **संवेग**

व्यक्ति के शरीर और मन की वह जटिल अवस्था जब किसी अवसर या घटना के समय शारीरिक व मानसिक परिवर्तन उसके व्यवहार में प्रत्यक्ष दिखाई दें शारीरिक स्तर पर नाड़ी की गति, श्वास की गति, ग्रंथिस्राव इत्यादि तथा मानसिक स्तर पर उत्साह, विषाद, परेशानी अथवा तीव्र भावना का प्रदर्शन। साधारणत. संवेग को परिभाषित करना कठिन है। इसे व्यवहार के रूप में ही समझा जा सकता है।

emotional conflict — संवेगात्मक द्वंद्व

व्यक्ति की वह मन: स्थिति जिसमें एक ही समय में एक ही प्रकार के कार्यों एवं उद्देश्यों की प्राप्ति में विपरीत प्रकार के संवेग सक्रिय होते हैं और जिनके कारण व्यक्ति मानसिक संतुलन और समायोजन की क्षमता खो देता है।

emotional instability — संवेगात्मक अस्थिरता

सामान्य तनावों के प्रति भी अपरिपक्व प्रतिक्रिया करना जिसके लक्षण हैं उत्तेज्यता और प्रभावहीनता।

emotional re-education — संवेगात्मक पुनर्शिक्षण

व्यक्ति के अचेतन मन की दमित इच्छाओं तथा द्वन्द्वात्मक भावनाओं का निराकरण करके उसके स्थान पर नई भावना, नया दृष्टिकोण और नई मनोवृत्ति को इस रूप में स्थापित करना कि वह अपनी समस्याओं का समाधान कर सके और व्यवहार को चेतना के स्तर पर क्रियाशील बना सके।

empathy — तदनुभूति

(1) किसी कलाकृति या प्राकृतिक पदार्थ में अपने अनुभवों, विचारों और भावों आदि का काल्पनिक या मानसिक प्रक्षेपण।

(2) किसी दूसरे व्यक्ति की अनुभूतियों, दुखों या स्थिति को बिना बताए ही समझना।

employee — कर्मचारी, नियोजित

किसी कार्य के लिए नियुक्त व्यक्ति जिसे वेतन या मजदूरी दी जाती है। इस अर्थ में अपना काम कमीशन या रायल्टी पर करने वाला व्यक्ति कर्मचारी नहीं होता।

employee evaluation — कर्मचारी मूल्यांकन

कार्य विशेष के संदर्भ में कर्मचारी की दक्षता और योग्यता का पता लगाना। इसके अन्तर्गत उत्पादकता, ईमानदारी, निर्भरता और सहयोग जैसी कार्य-संबंधी व्यक्तिगत विशेषताओं का मूल्यांकन किया जाता है।

employee rating — कर्मचारी दक्षता अंकन, कर्मचारी योग्यता अंकन

कार्य विशेष के संदर्भ में कर्मचारी की दक्षता और योग्यता का किन्हीं मानकों के आधार पर मूल्यांकन।

employer — मालिक, नियोक्ता

व्यक्ति, व्यवसाय प्रतिष्ठान अथवा निगम जैसी संस्थाएं जो व्यक्तियों को अपने यहां वेतन पर कार्य करने के लिए नियुक्त करती हैं।

employer paternalism — नियोक्ता पितृभाव

मालिक या नियोक्ता की अपने कर्मचारियों की भलाई के लिए प्रेम, सद्भाव एवं संरक्षक भाव से कार्य करने की प्रवृत्ति।

employment exchange — रोजगार कार्यालय, रोजगार दफ्तर

वह सार्वजनिक सेवास्थल जिसका उद्देश्य और कार्य व्यक्तियों के लिए उपयुक्त काम और काम के लिए उपयुक्त व्यक्ति सुलभ करना होता है।

employment history — सेवा पूर्ववृत्त, रोजगार पूर्ववृत्त

कर्मचारी के सेवा कार्यों का कालानुक्रमिक अभिलेख जिसमें उसके कार्य संबंधी अनुभव, कार्य छोड़ने के कारण, भूतपूर्व नियोजकों के नाम, उनके पतों की सूची तथा अनेक अन्य संबंधित बातों का उल्लेख होता है।

employment interview — सेवार्थ साक्षात्कार

ऐसा साक्षात्कार जिसका उद्देश्य अनेक आवेदकों में से उपयुक्त पात्र का चयन करना होता है।

employment placement — रोजगार स्थानन, नियोजन स्थानन

नवनियुक्त श्रमिक या कर्मचारी को उसकी योग्यता, अभिरुचि तथा प्रतिष्ठान की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किसी कार्य विशेष पर लगाना। इस प्रक्रिया के प्रारंभ में संबंधित अधिकारी कर्मचारी को प्रतिष्ठान की सामाजिक पृष्ठभूमि, स्थायी आदेश एवं अन्य अपेक्षाओं तथा प्रतिष्ठान द्वारा प्रदत्त सेवाओं और सुविधाओं से अवगत कराता है।

employment test — रोजगार परीक्षण, सेवार्थ परीक्षा

अभ्यर्थी की कार्य-कुशलता, ज्ञान एवं योग्यता के संबंध में पर्याप्त और विश्वसनीय तथ्यों के संकलन के लिये आयोजित विशेष परीक्षण।

ending contact — संबंध समाप्ति

समाज कार्य की प्रक्रिया में वह स्थिति जब सेवार्थी अपनी समस्याओं का समाधान करने में समर्थ हो जाता है और उसे सामाजिक कार्यकर्ता की सहायता की आवश्यकता नहीं रहती।

endogenic criminal — सहज अपराधी

ऐसे अपराधी जिनकी आपराधिक प्रवृत्ति का कारण उनकी आनुवंशिकता तथा शारीरिक संरचना में माना जाता है।

entrepreneur — उद्यमी, उद्यमकर्ता

किसी उत्पादन कार्य के लिये साधन जुटाने, उत्पादन कार्य को संगठित करने, लाभ हानि का उत्तरदायित्व लेने और जोखिम उठाने वाला व्यक्ति।

erotic — कामुक, कामोद्दीपक

वह व्यक्ति जिसकी रुचि लैंगिक अथवा कामोद्दीपक संवेदनाओं और अनुभूतियों में अत्यधिक हो, अथवा वह साहित्य, दृश्य, कलाकृति, चलचित्र या वार्ता आदि जिससे काम उत्तेजना होती हो।

erotism — रागात्मकता

किसी व्यक्ति का काम-संबंधी संवेदनाओं और भावनाओं में अत्यधिक रुचि लेना।

essential employment — अत्यावश्यक रोजगार, अत्यावश्यक सेवानियोजन

आपातकालीन स्थिति के अन्तर्गत राष्ट्रहित के लिए अनिवार्य उद्योग अथवा कार्य को अत्यावश्यक रोजगार घोषित कर देना, जैसे रेलवे, कोयला तथा लोह उद्योग आदि।

evening shift — सायं पारी

मशीनों का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए अपराह्न से मध्य-रात्रि तक की कार्य-पारी।

exhibitionism — मयूर वृत्ति, प्रदर्शनवृत्ति

सार्वजनिक स्थानों पर अपने शरीर अथवा यौन-अंगों को प्रदर्शित कर काम-सुख की अनुभूति करना।

exogenic criminal — कारणवश अपराधी

ऐसे अपराधी जिनकी आपराधिक प्रवृत्ति का कारण समाज एवं पर्यावरण को माना जाता है।

expanded personality — विस्तारित व्यक्तित्व

व्यक्ति के भौतिक शरीर के अलावा उसकी संपत्ति, प्रियजन, सामाजिक संगठन, विचार, आदतें, गुण, स्मृतियाँ तथा प्रयोजन जो उसे बहुत प्रिय होते हैं।

experimental group — प्रयोगात्मक समूह

अनेक लोगों पर एक ही समय में किसी विशेष बात को लेकर परीक्षण करना जिससे यह पता चल सके कि उन पर उस विशेष बात का क्या प्रभाव पड़ा।

exploitation of labour — श्रमिक शोषण

ऐसी स्थिति जबकि नियोक्ता कर्मचारियों को उत्पादन के लिए उनके योगदान अथवा अपनी आमदनी के अनुरूप वेतन नहीं देता।

exploratory research — समन्वेषी अनुसंधान

किसी क्षेत्र, विषय अथवा समस्या से सम्बन्धित आधारभूत तथ्यों के संकलन के लिये किया गया अध्ययन। इसका उद्देश्य समस्या का निरूपण तथा परिकल्पना के निर्माण के लिए आधार तैयार करना होता है।

extramural employment — कारावाह्य रोजगार

कैदियों को कारागार से बाहर सड़क बनाने या अन्य निर्माण कार्य पर लगाना।

extramural function — बाहरी कार्य

मजदूर संघों की वे कार्यवाहियां जिनके अन्तर्गत संघ के सदस्यों को कठिनाई के समय आवश्यक सहायता प्रदान की जाती है। शिक्षा, मनोरंजन तथा आवास संबंधी सुविधाएं प्रदान करने के कार्य भी इसी श्रेणी में आते हैं।

extraversion — बहिर्मुखता

किसी व्यक्ति की अभिरुचियों और शक्तियों की मुख्यरूप से अपने से अलग बाह्य या वस्तुपरक पदार्थों और सामाजिक गतिविधियों की ओर ही उन्मुख रहने की प्रवृत्ति।

extravert — बहिर्मुखी

वह व्यक्ति जो मिलनसार, हर काम में रुचि लेने वाला, दूसरों से जल्दी प्रभावित होने वाला, परम्परा का आदर करने वाला, अपने उद्देश्यों और कर्मों के प्रति कम सजग रहने वाला और ज्यादा बातचीत पसन्द करने वाला हो।

extravert personality — बहिर्मुखी व्यक्तित्व

दे० extraversion.

F

factor — घटक, कारक, उपादान

(1) सरल एवं अविभाज्य मानसिक अथवा व्यावहारिक गुण या परिवर्त्य (चर)।

(2) कोई स्थिति, शक्ति, गुण अथवा वस्तु जो अन्य चरों के सहयोग से विशेष प्रभाव उत्पन्न करती है।

fad — मनोलहरी, रौ

(1) असंतुलित अथवा अनावश्यक उत्साह के साथ व्यक्ति का किसी ऐसे कार्य में प्रवृत्त होना जिसका उसके आर्थिक अथवा प्रमुख हितों से कोई प्रत्यक्ष संबंध न हो।

(2) व्यापक प्रचार अथवा विज्ञापन के परिणामस्वरूप जन-सामान्य द्वारा किसी नई वस्तु को अस्थायी तौर पर अपना लेना।

fair wage — उचित मजदूरी, उचित वेतन

(1) समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत पर आधारित मजदूरी। सामान्यतः यह मजदूरी न्यूनतम वेतन से अधिक और जीवन-निर्वाह वेतन से कम होती है।

(2) ब्रिटेन और कनाडा में इसका प्रयोग उस मजदूरी अथवा वेतन के लिए किया जाता है जो सरकारी नीति के अनुसार सरकारी अनुबंधों को पूरा करने के कार्य में लगे हुए कर्मचारियों को मिलना चाहिए।

family case work — परिवार केस अध्ययन, कुटुंब केस अध्ययन

वैयक्तिक सेवा कार्य का एक प्रकार जिसके अन्तर्गत किसी पारिवारिक सेवा अभिकरण के द्वारा किसी परिवार अथवा उसके किसी सदस्य को सेवार्थी के रूप में सहायता दी जाती है। इसके अन्तर्गत न केवल परिवार के सदस्यों में सौहार्दपूर्ण अन्तर्वैयक्तिक सम्बन्ध स्थापित करने का प्रयास किया जाता है वरन् उन्हें उनकी क्षीण क्षमताओं को पुनर्जाग्रत करे, कार्य वैकल्प का निरोध कर और योग्यताओं का अधिकतम विकास कर व्यक्तिगत दृष्टि से संतोषप्रद एवं सामाजिक दृष्टि से उपयोगी जीवनयापन करने के लिए समर्थ बनाया जाता है।

family planning — परिवार नियोजन

परिवार और समाज के साधनों के अनुसार परिवार के स्वरूप का परि-सीमन तथा सदस्यों के सर्वांगीण विकास संबंधी कार्य।

family social work — **पारिवारिक समाज कार्य**

वृत्तिक समाज कार्य जिसमें पूरे परिवार की सामूहिक तथा व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान करने तथा उनकी क्षमताओं को विकसित कर उन्हें व्यक्तिगत रूप से संतोषप्रद तथा सामाजिक रूप से उपयोगी जीवनयापन करने योग्य बनाया जाए।

family therapy — **कुटुंबपरक चिकित्सा, परिवारपरक चिकित्सा**

पारिवारिक चिकित्सा की वह विधि जिसके अन्तर्गत परिवार की सेवा को लक्ष्य मानकर इस प्रकार सहायता दी जाती है कि सभी सदस्य अपनी भावनाओं को स्वतंत्रतापूर्वक अभिव्यक्त करें, अपेक्षाकृत अधिक अच्छे ढंग से एक-दूसरे को समझ सकें तथा अधिक प्रभावशाली ढग से एक-दूसरे से पारस्परिक संबंध स्थापित कर समस्या समाधान में सहायक होते हुये व्यक्तित्व का विकास कर सकें।

family wage — **परिवार मजदूरी**

वह मजदूरी या वेतन जो किसी परिवार के भरण-पोषण के लिए अत्यन्त आवश्यक हो।

family welfare — **परिवार कल्याण, कुटुंब कल्याण**

राजकीय एवं स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा परिवारों को दी जाने वाली वे समस्त सेवाएं जिनसे पारिवारिक जीवन को सुखमय बनाने, सदस्यों को अपनी समस्याओं का निराकरण और सामाजिक समायोजन करने में सहायता मिलती है।

father fixation — **पितृ स्थिरीकरण**

बच्चे की वह मानसिक स्थिति जिसमें उसका संवेगात्मक लगाव पिता के प्रति इस स्तर तक पहुंच जाता है कि वह वयस्क होने पर भी अन्य व्यक्तियों से लगाव तथा नवीन रुचि विकसित करने में अत्यंत कठिनाई अनुभव करता है।

father rejection — **पितृ अस्वीकरण**

बच्चे का पिता के प्रति यह भाव कि उसका पिता उससे रुष्ट है तथा उपेक्षा का भाव रखता है। यह भाव मूलतः पिता की दण्डात्मक अनुशासन

विचलित तथा अपने उग्र संवेगों को रोक रखने में असमर्थ होते हैं और उन्हें समाज-सम्मत आचरण करने में कठिनाई होती है।

faulty parental models — दोषपूर्ण पितृ-आदर्श

जब माता-पिता का व्यवहार अवांछित मूल्यों पर आधारित होता है तथा वे स्वयं संवेगात्मक रूप से अस्थिर होते हैं अथवा मानसिक रोग से ग्रस्त होते हैं तो वे बालक के लिए दोषपूर्ण व्यवहार का आदर्श प्रस्तुत करते हैं। परिणामतः या तो बालक अपराधी और समाज विरोधी व्यवहार करना सीखता है या किसी मानसिक रोग से ग्रस्त हो जाता है।

fetishism — प्रतीकांधभक्ति, फीटिशपरायणता

व्यक्ति की वह मनोवैज्ञानिक दशा या रुचि जिसमें वह प्रेमिका के किसी अंग विशेष अथवा धारण की जाने वाली वस्तुओं को देखकर अथवा उससे मिलती-जुलती अन्य वस्तुओं की प्राप्ति की कल्पना से कामोत्तेजना एवं काम तुष्टि का बोध करता है। जैसे स्त्री के स्तन, केश, कान, रूमाल अथवा ब्लाउज, पेटीकोट आदि को छूकर या देखकर काम-तुष्टि का बोध करना।

field work — क्षेत्रकार्य

वृत्तिक समाजकार्य की अवधारणाओं, सिद्धांतों और कुशलताओं को सामान्यतः एक सामाजिक अभिकरण के तत्वावधान में किसी प्रशिक्षक के निरीक्षण में व्यावहारिक रूप से सीखने की व्यवस्था। इसके द्वारा प्रशिक्षार्थी को समाज-कार्य व्यवहार में वृत्तिक रूप से दक्ष बनाया जाता है।

field work placement — क्षेत्रकार्य स्थानन

(1) प्रशिक्षार्थी के लिए व्यावहारिक कार्य निर्धारण करना या उसको व्यावहारिक कार्य पर लगाना।

(2) प्रशिक्षार्थी के लिए कोई निर्दिष्ट कार्य।

fink — भेदिया कामगार, भेदिया

शिष्टेतर भाषा का एक शब्द जिसका प्रयोग उस व्यक्ति के लिए किया जाता है जो मजदूर संघों के साथ विश्वासघात करते हुए हड़ताल को तुड़वाने या असफल बनाने का कार्य करता है।

fixed shift — बंधी पारी

एक ऐसी व्यवस्था जिसके अन्तर्गत बहु-पारीय प्रतिष्ठानों में एक व्यक्ति या समूह लगातार एक ही पारी में काम करता रहता है।

follow up — अनुवर्तन

चिकित्सालय, कल्याणकारी अभिकरणों अथवा सुधारगृहों तथा अन्य संस्थाओं से छूटने अथवा उपचार-काल समाप्त होने के पश्चात् भूतपूर्व संस्थावासियों अथवा सेवार्थियों की उसी अथवा अन्य संस्थाओं द्वारा देखभाल एवं निगरानी की व्यवस्था।

forced labour — बेगार

दबाव अथवा कानून द्वारा व्यक्ति की इच्छा के विरुद्ध कराया गया श्रम।

foster care (=fostering) — प्रतिपालक देखभाल, प्रतिपालन

परिचर्या गृहों, संस्थाओं अथवा परिवारों में अनाथ, उपेक्षित, अपचारी और मनोसामाजिक रूप से अविकसित बालकों की देखभाल।

foster family — पालक परिवार

दे० foster home

foster home — पालन गृह

वे घर अथवा परिवार जो अनाथ, परित्यक्त और अपचारी बालकों की देखभाल अपने ही बच्चों की तरह करते हैं। इन पर उनके पालन-पोषण का दायित्व तब तक रहता है जब तक उन बच्चों के माता-पिता या संबंधी आकर उन्हें वापस नहीं ले जाते या वे अन्य व्यक्तियों द्वारा गोद नहीं ले लिए जाते अथवा वे अपने पावों पर खड़े नहीं हो जाते। पालक माता-पिताओं को उनका पारिश्रमिक चुकाया जाता है।

frame of reference — निर्देश आधार

किसी व्यक्ति, समूह या समुदाय की तथ्यों, मूल्यों और सिद्धांतों इत्यादि से सम्बन्धित मान्यताओं का समुच्चय जिससे अपना एवं विश्व का एक सार्थक बिम्ब बनाने में सहायता मिलती है। ऐसे आधार के अभाव में व्यक्ति का समूह के लिये उद्देश्यपूर्ण एवं उपयोगी कार्य करना सम्भव नहीं होता।

free association — मुक्त साहचर्य

मनश्चिकित्सा की एक विधि। इसके माध्यम से मानसिक रोगियों का विशेषकर मनस्तंत्रिकाताप से ग्रस्त रोगियों का उपचार किया जाता है। इस विधि में मनश्चिकित्सक रोगी के साथ सौहार्दपूर्ण सम्बन्ध स्थापित करता

है और उसे इस प्रकार के सुखद वातावरण में रखता है कि रोगी अपने को पूरी तरह सुरक्षित तथा स्वतन्त्र महसूस करता है। साथ ही वह चिकित्सक द्वारा इस प्रकार प्रोत्साहित किया जाता है कि अपनी दमित इच्छाओं, द्वन्द्वों, निजी भावनाओं तथा वैयक्तिक इच्छाओं को चाहे वे दुखद ही क्यों न हो निर्भयता-पूर्वक अभिव्यक्त कर सके।

fringe benefits — अनुषंगी हितलाभ

कर्मचारियों या मजदूरों को नियमित वेतन या मजदूरी के अतिरिक्त मिलने वाले लाभ। इसके अन्तर्गत सवेतन अवकाश, बीमारी की छुट्टी, पेंशन, जीवन बीमा, आवास, बोनस आदि की सुविधाएं आती हैं।

full-time job — पूर्णकालिक काम

ऐसा कार्य जिसके संपादन में किसी व्यक्ति के दैनिक कार्यकाल का अधि-कांश भाग लगता है और जिसे करने के बाद सामान्यतः उसे जीविकोपार्जन हेतु दूसरा कार्य करना आवश्यक नहीं होता।

functional group — प्रकार्यात्मक समूह

समाज-व्यवस्था में एक ही कार्य करने वाले व्यक्तियों का सामाजिक समूह।

G

gang — दल, टोली, गिरोह

व्यक्तियों का वह प्राथमिक समूह जो किसी सामान्य उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सहज रूप से बन जाता है।

gang boss — टोली सरदार, गैंग सरदार

सामान्य कार्य स्थिति के अन्तर्गत विशिष्ट कार्यों में लगे व्यक्तियों का मुखिया।

gangster — अपराधी गिरोह-नेता

गिरोह का नेता जो अपराधी क्रियाओं में अग्रसर रहता है।

general ability — सामान्य योग्यता

किसी भी प्रकार का शारीरिक या मानसिक कार्य कर सकने की अर्जित या जन्मजात वास्तविक सामर्थ्य जो किसी भी कार्य या समस्या के समाधान में सर्वनिष्ठ कारक के रूप में क्रियाशील रहती है।

generalization — **सामान्यीकरण**

(1) अनुकूलित परिस्थिति में मिलती-जुलती सभी परिस्थितियों में प्रायः एक जैसी अनुक्रियाएं करना।

(2) अनुकूलित उद्दीपन की भांति प्रयुक्त किए गए किसी उद्दीपन से थोड़ी-बहुत समानता रखने वाले अन्य उद्दीपनों के प्रति प्रतिक्रियाएं करने की प्रवृत्ति ।

(3) कुछ विशिष्ट दृष्टांतों के आधार पर बनाए गए विचारों और निर्णयों को उसी वर्ग या जाति के समूचे समूह पर लागू करने की मानसिक प्रक्रिया ।

general strike — **आम हड़ताल**

किसी भौगोलिक या राजनीतिक क्षेत्र के समस्त उद्योगों तथा कार्य प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों एवं सदस्यों द्वारा संघटित तथा सामूहिक रूप से सामान्य सेवा न करना।

'g' factor — **'सा' कारक**

1. ऐसे सभी परीक्षणों में, जिनका कारक विश्लेषण किया जा रहा हो, पाया जाने वाला कारक ।

2. समस्त योग्यता परीक्षणों में सर्वनिष्ठ समझा जाने वाला कारक जो सामान्य योग्यता का द्योतक होता है ।

graduated wage — **क्रमवर्धी मजदूरी**

कार्यप्रतिष्ठान में सेवा अवधि तथा कार्य-विशिष्टता के आधार पर निर्धारित स्तर के अनुसार वेतन ।

gregariousness — **यूथचारिता**

समूह बना कर रहने, सजातीय लोगों, बंधु-बांधवों के संसर्ग में संतोष अनुभव करने और उनसे अलग होकर बेचैन-सा हो जाने की सहज मानवीय प्रवृत्ति ।

grievance — **शिकायत, परिवेदन**

कार्य के किसी पक्ष के संबंध में एक या अधिक पहलुओं को लेकर कर्मचारियों या मजदूर संघ द्वारा (कभी-कभी नियोजक अथवा नियोजक मण्डल द्वारा भी) की गयी कोई शिकायत । यह शिकायत वास्तविक या काल्पनिक अथवा विवाचन योग्य या विवाचन के अयोग्य हो सकती है।

grievance committee **शिकायत समिति**

प्रबंध, श्रमिक तथा श्रम-संघों के प्रतिनिधियों की संयुक्त समिति जो तंत्र के निचले स्तर से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करके उन्हें नियत समय में सुलझाने का प्रयास करती हैं ताकि उन्हें विवाचन मंडल के सुपुर्द न करना पड़े ।

grievance procedure **शिकायत निवारण पद्धति**

कार्य-प्रतिष्ठानों में परिवेदना निवारण हेतु अपनाई गई वह पद्धति जिसके माध्यम से कर्मचारियों (यह शिकायत निरीक्षकों की भी हो सकती है) द्वारा की गई शिकायतों को निपटाने का प्रयास किया जाता है ।

group accommodation **समूह समंजन**

एक ऐसी प्रक्रिया जिसमे अंतर्क्रिया करने वाले समूह अपने संगठन, अपनी भूमिका या प्रस्थिति का संशोधन इस प्रकार करते हैं कि वह किसी स्थिति या समावेशी सामाजिक इकाई की आवश्यकताओं के अनुरूप हो ।

group bonus plan **समूह बोनस योजना**

संचालन अथवा उत्पादन के कार्य में संलग्न दो या अधिक व्यक्तियों के समूह को उत्कृष्ट उत्पादन का स्तर बनाये रखने अथवा बढ़ाने के लिए देय अतिरिक्त धन ।

group contagion **समूह संसर्ग**

किसी जनसंकुल में दूसरों की अनुभूतियों का समूह के समस्त व्यक्तियों में, विशेषकर भय, क्रोध अथवा उल्लास का, तीव्र गति से संचार ।

group dynamics **(1) समूह गतिशीलता** **(2) समूह गतिकी**

(1) किसी सामाजिक समूह के संरचनात्मक अथवा कार्यात्मक परिवर्तनों का स्वरूप ।

(2) सामाजिक समूहों की संरचना और व्यवहार में परिवर्तन उत्पन्न करने वाली तकनीकों और प्रक्रियाओं का अध्ययन ।

group feeling **समूह भावना**

व्यक्तियों में साहचर्य से उत्पन्न होने वाली अनुभूति, जिसकी अभिव्यक्ति उसकी मनोवृत्तियों या प्रकट व्यवहार में होती है ।

group foster home — **समूह प्रतिपालक गृह**

ऐसा स्थान, जहां बालकों के एक छोटे समूह का पालन-पोषण प्रतिपालक माता-पिता द्वारा पारिवारिक परिवेश में किया जाता है। इन बालकों को पारिवारिक और सामूहिक दोनों ही प्रकार के परिवेशों के लाभ प्राप्त होते हैं।

group goal — **समूह-लक्ष्य**

समूह द्वारा अंतर्क्रिया के सचेतन उपयोग से स्थिर की गई आकांक्षाएं या उद्देश्य।

group hostility — **समूह शत्रुता**

किसी समूह के सदस्यों में कार्यकर्ता अथवा अभिकरण के प्रति शत्रुता की वह भावना जो विभिन्न स्थितियों में भिन्न-भिन्न रूपों में अभिव्यक्त हो सकती है। कुशल कार्यकर्ता इस भावना को उचित दिशा में मोड़कर उसका उपयोग व्यक्तिगत अथवा सामूहिक हित के लिए कर सकता है।

group influence — **समूह प्रभाव**

व्यक्ति के मूल्यों, अभिवृत्तियों तथा विचारों आदि पर उसके सामूहिक परिवेश का पड़ने वाला समग्र प्रभाव जो उसके व्यवहार-प्रतिमानों के स्थिरीकरण में निर्णायक होता है।

group integration — **समूह एकीकरण, समूह समाकलन**

एक प्रकार का समूह चिंतन जिसमें समूह के प्रत्येक सदस्य के योगदान में भिन्नता होते हुए भी उनमें मतैक्य की स्थिति होती है और उनकी बौद्धिक तथा संवेगात्मक अनुक्रियाओं की भिन्नता समाप्त हो जाने से समूह एक गठित इकाई बन जाता है।

group interaction — **समूह-अन्योन्य क्रिया**

समूह के सदस्यों की वह सामाजिक प्रक्रिया जिसमें सदस्यगण परस्पर उद्दीपन बनते और प्रतिक्रिया करते हैं। सहयोग तथा समायोजन आदि समूह अन्योन्य-क्रिया के सकारात्मक रूप हैं जबकि विरोध प्रतिद्वंद्विता आदि नकारात्मक।

group interest — **(1) वर्गहित (2) समूह अभिरुचि**

(1) किसी संघटित समूह के सामान्य उद्देश्य जिसकी प्राप्ति के लिए समूह प्रयत्नशील रहता है।

(2) समूह के लिए कार्य करने वाले व्यक्तियों द्वारा सामूहिक ध्येयो और मूल्यों को प्राप्त करने तथा सामूहिक प्रयास और संघटन को आगे बढ़ाने की आवश्यक चेतनावस्था।

group interview — समूह-साक्षात्कार

सामूहिक परिवेश में सूचना प्राप्ति, निदान कार्य अथवा उपचार के उद्देश्य से समूह के कुछ सदस्यो अथवा सम्पूर्ण समूह के साथ सामाजिक कार्यकर्ता या किसी विशेषज्ञ, का वार्तालाप।

group mind — समूह मन, सामूहिक मन

समूह के लोगो का वह व्यवहार जो समूह के किसी एक व्यक्ति की व्यक्तिगत विशिष्टिता के कारण नही वल्कि सभी व्यक्तियों के परस्पर संबंघो के कारण प्रकट होता है।

group morale — समूह मनोबल

अपने समूह के आदर्शों एवं विभिन्न उद्देश्यो की पूर्ति के प्रति सदस्यों में निष्ठा, उत्साह, विश्वास एवं आशा की भावना।

group morality — समूह नैतिकता

किसी व्यावसायिक, धार्मिक, राजनैतिक या अन्य समूह के नीति संबंधी विशिष्ट विचार जो नीति-संहिता में उपलब्ध हो सकते हैं। इसमे प्रथाओ, लोक रीतियो या उद्देश्य पूर्ति की विधियो के यौक्तिकीकरण का तत्व अत्यन्त प्रवल होता है।

group play — समूह क्रीड़ा, समूह खेल

सामाजिक सहयोग के साथ खेले जाने वाले खेल। कभी-कभी प्राक्विद्यालयी छोटे वालकों तथा पूर्णरूपेण समाजीकृत प्राक्किशोरों की समांतर क्रीड़ा को भी समूह खेल माना जाता है।

group practice — समूह व्यवहार

किसी अभिकरण के तत्वावधान में विभिन्न विशेषज्ञो (जैसे चिकित्सक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक कार्यकर्ता आदि) द्वारा अनुभवों, कुशलताओं, उपकरणों, सुविधाओं और कर्मचारियों का परस्पर आदान-प्रदान।

group process — समूह प्रक्रिया

समूह के सदस्यों एवं संबद्ध व्यक्तियों की अन्त:क्रियाओ से उद्भूत समूह के सदस्यों की पारस्परिक शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक क्रिया-शृंखला। इसमे सदस्यों की पारस्परिक शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक

अन्तःक्रियाएं ही नहीं बल्कि व्यक्ति और समूचे समूह के बीच की अन्योन्य क्रियाएं भी सम्मिलित होती हैं।

group psychotherapy — **समूह-मनश्चिकित्सा**

बहुधा समान रोग वाले अनेक मानसिक रोगियों का किसी कुशल मनश्चिकित्सक की देख-रेख में एक साथ उपचार करने की एक विशिष्ट प्रणाली जिसमें रोगी सामूहिक रूप से अपनी समस्याओं पर स्वच्छद विचार-विमर्श करते हैं और चिकित्सक प्रायः पृष्ठ-भूमि में रहता है।

group therapy — **समूह चिकित्सा**

विकासग्रस्त व्यक्तियों के उपचार की वह विधि जिसमें उपचार का मुख्य साधन सामूहिक स्थिति और क्रिया में होता है।

group unity — **समूह एकता**

कार्यात्मक समूह की वह विशेषता जिसमें परस्पर क्रिया करने वाले व्यक्ति एकताबद्ध रहते हैं और इससे कार्यरत सदस्यों की एकता और दृढ होती है। यह समूह के व्यक्तियों के समान उद्देश्यों और समूह की संरचना पर निर्भर करता है।

group will — **समूह संकल्प**

दो या अधिक सहभागियों का यह विचार कि समूह संकल्प प्रत्येक भागग्राहियों के कुल विचारों से भिन्न होता है।

guaranteed base rate — **गारंटित मूल दर, प्रत्याभूत मूल दर**

बोनस मजदूरी प्रणाली के अन्तर्गत तय की गयी वेतन की वह दर जिसे कर्मचारी सदा प्राप्त करता है, चाहे उसका कार्य निर्धारित कोटा अथवा मानक के अनुरूप हो या नहीं।

guidance services — **निर्देशन सेवाएं**

वैयक्तिक ज्ञान और क्षमता बढाने के लिए दी जाने वाली समस्त मार्ग-दर्शन संबंधी सेवाएं जिसमें व्यक्ति समृद्ध और संतोषप्रद जीवन के लिये प्रयत्नशील हो सके, जैसे बाल निर्देशन, व्यावसायिक निर्देशन और पारिवारिक निर्देशन आदि।

guided group interaction — **निर्देशित समूह-अन्तक्रिया**

समूह के सदस्यों की अन्योन्य क्रियाओं का समूह के सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा इस प्रकार निर्देशन करना कि प्रत्येक सदस्य स्वयं को अन्य सदस्यों तथा

संपूर्ण समूह से संबद्ध अनुभव करे और अपने समूह तथा सामुदायिक विकास के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उपलब्ध अवसर और संसाधनों का उपयोग कर सके।

guilt — अपराध, दोष

वह मनोभाव जिसमे व्यक्ति अपने किए को गलत समझता है। यह भाव प्राय. नैतिक एवं सामाजिक प्रतिमानों के विपरीत कार्यों तथा विचारों के कारण पैदा होता है।

H

habitual criminal — अभ्यस्त अपराधी

वह व्यक्ति जो बार-बार अपराध करता हो और अपराध करना उसके स्वभाव का अभिन्न अंग बन गया हो।

hallucination — विभ्रांति

प्रत्ययमूलक अनुभवों या ऐंद्रिय कल्पना को वास्तविक प्रत्यक्ष समझकर उसका मिथ्या निरूपण करने की अपसामान्य मानसिक घटना जो यदा-कदा सामान्य व्यक्तियों मे भी देखने में आती है। विभ्रांति में प्रत्यक्षण इस सीमा तक मिथ्या होता है कि इंद्रिय-विशेष से संबद्ध कोई भी उद्दीपन न होने पर भी व्यक्ति को उस इंद्रिय से संबद्ध प्रत्यक्षों की कल्पनामूलक अनुभूति होती है।

handicapped — बाधाग्रस्त

वह व्यक्ति जो शारीरिक, मानसिक अथवा सामाजिक निर्योग्यताओं वश अपने दायित्वों को सामाजिक प्रतिमानों के अनुरूप पूरा करने में असमर्थ हो।

hard labour — कठोर श्रम

ऐसा श्रम जिसके लिए प्रचुर मात्रा में शारीरिक शक्ति खर्च करनी पड़ती है। प्राय: कुछ कैदियों को दण्ड स्वरूप कठोर श्रम करने की सजा दी जाती है।

hazardous occupation — खतरनाक धन्धा, जोखिमी व्यवसाय

कुछ ऐसे काम-धन्धे जिन्हें राज्य और संघीय कानूनों के अन्तर्गत स्त्रियों तथा अल्पवयस्कों के लिए खतरनाक घोषित किया गया हो। इनमें काम की शर्तों की देख-भाल सावधानी पूर्वक की जाती है और अल्प वयस्कों की भर्ती पर रोक लगा दी जाती है।

heredity — **आनुवंशिकता**

माता-पिता से मिलने वाले वे संपूर्ण जैविक-प्रभाव या कारक जो प्राणी को अपने पर्यावरण का अपने विशिष्ट ढंग से उपयोग करने में मदद देते हैं या पर्यावरण से उसके समायोजन के विशेष तौर-तरीकों को निर्धारित और प्रभावित करते हैं।

hired worker — **भाड़े का मजदूर**

ऐसा व्यक्ति जिसे दुकान, छोटे रोजगार आदि में सहायतार्थ भाड़े पर काम करने के लिए बुलाया जाता है।

history sheet — **वृत्तपत्रक**

व्यक्ति, समूह अथवा परिवार के संबंध में अंकित प्रारम्भिक सूचनाओं का प्रपत्र।

homeostasis — **समावस्थान**

विभिन्न शारीरिक प्रक्रियाओं या आंतरिक शरीर-क्रियात्मक दशाओं में संतुलन या उनके पारस्परिक संबंधों में स्थिरता बनाए रखना या बनाए रखने की दैहिक प्रवृत्ति।

home visit — **गृहवीक्षा**

समाज कार्य की सहायता-प्रक्रिया का एक चरण जिसके अंतर्गत कार्यकर्ता सेवार्थी के पारिवारिक एवं सामाजिक परिवेश का अध्ययन, निदान एवं मूल्यांकन करके आवश्यकतानुसार उसमें सुधार लाने एवं परिवार के अन्य सदस्यों को भी सहायता प्रक्रिया में सहभागी बनाने का प्रयास करता है। सहयोगी को उन तथ्यों से परिचित कराने के लिये कार्यकर्त्ता उसके घर जाकर साक्षात्कार करता है ताकि उपयुक्त एवं समन्वित उपचार या किसी अन्य कार्यक्रम की योजना बनाई जा सके।

homosexuality — **समलिंगरति**

काम इच्छा का एक विपर्यस्त प्रकार जब कोई व्यक्ति समलिंगी व्यक्ति के प्रति यौन संबंध के लिये आकृष्ट होता है या उससे रति सुख प्राप्त करता है।

honour system — **वचन प्रथा**

कारागारों में अनुशासन से संबंधित परीक्षण की एक प्रणाली जिसके अन्तर्गत बंदियों को लगातार निगरानी में रखने अथवा कार्य-निर्देश देने की

संपूर्ण समूह से संबद्ध अनुभव करे और अपने समूह तथा सामुदायिक विकास के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उपलब्ध अवसर और संसाधनों का उपयोग कर सके।

guilt अपराध, दोष

वह मनोभाव जिसमें व्यक्ति अपने किए को गलत समझता है। यह भाव प्रायः नैतिक एवं सामाजिक प्रतिमानों के विपरीत कार्यों तथा विचारों के कारण पैदा होता है।

H

habitual criminal अभ्यस्त अपराधी

वह व्यक्ति जो बार-बार अपराध करता हो और अपराध करना उसके स्वभाव का अभिन्न अंग बन गया हो।

hallucination विभ्रांति

प्रत्ययमूलक अनुभवों या ऐंद्रिय कल्पना को वास्तविक प्रत्यक्ष समझकर उसका मिथ्या निरूपण करने की असामान्य मानसिक घटना जो यदा-कदा सामान्य व्यक्तियों में भी देखने में आती है। विभ्रांति में प्रत्यक्षण इस सीमा तक मिथ्या होता है कि इंद्रिय-विशेष से संबद्ध कोई भी उद्दीपन न होने पर भी व्यक्ति को उस इंद्रिय से संबद्ध प्रत्यक्षों की कल्पनामूलक अनुभूति होती है।

handicapped बाधाग्रस्त

वह व्यक्ति जो शारीरिक, मानसिक अथवा सामाजिक निर्योग्यताओं वश अपने दायित्वों को सामाजिक प्रतिमानों के अनुरूप पूरा करने में असमर्थ हो।

hard labour कठोर श्रम

ऐसा श्रम जिसके लिए प्रचुर मात्रा में शारीरिक शक्ति खर्च करनी पड़ती है। प्रायः कुछ कैदियों को दण्ड स्वरूप कठोर श्रम करने की सजा दी जाती है।

hazardous occupation खतरनाक धन्धा, जोखिमी व्यवसाय

कुछ ऐसे काम-धन्धे जिन्हें राज्य और संघीय कानूनों के अन्तर्गत स्त्रियों तथा अल्पवयस्कों के लिए खतरनाक घोषित किया गया हो। इनमें काम की शर्तों की देख-भाल सावधानी पूर्वक की जाती है और अल्प वयस्कों की भर्ती पर रोक लगा दी जाती है।

heredity **आनुवंशिकता**

माता-पिता से मिलने वाले वे संपूर्ण जैविक-प्रभाव या कारक जो प्राणी को अपने पर्यावरण का अपने विशिष्ट ढंग से उपयोग करने में मदद देते हैं या पर्यावरण से उसके समायोजन के विशेष तौर-तरीकों को निर्धारित और प्रभावित करते हैं।

hired worker **भाड़े का मजदूर**

ऐसा व्यक्ति जिसे दुकान, छोटे रोजगार आदि में सहायतार्थ भाड़े पर काम करने के लिए बुलाया जाता है।

history sheet **वृत्तपत्रक**

व्यक्ति, समूह अथवा परिवार के संबंध में अंकित प्रारम्भिक सूचनाओं का प्रपत्र।

homeostasis **समावस्थान**

विभिन्न शारीरिक प्रक्रियाओं या आंतरिक शरीर-क्रियात्मक दशाओं में संतुलन या उनके पारस्परिक संबंधों में स्थिरता बनाए रखना या बनाए रखने की दैहिक प्रवृत्ति।

home visit **गृहवीक्षा**

समाज कार्य की सहायता-प्रक्रिया का एक चरण जिसके अंतर्गत कार्यकर्ता सेवार्थी के पारिवारिक एवं सामाजिक परिवेश का अध्ययन, निदान एवं मूल्यांकन करके आवश्यकतानुसार उसमें सुधार लाने एवं परिवार के अन्य सदस्यों को भी सहायता प्रक्रिया में सहभागी बनाने का प्रयास करता है। सहयोगी को उन तथ्यों से परिचित कराने के लिये कार्यकर्त्ता उसके घर जाकर साक्षात्कार करता है ताकि उपयुक्त एवं समन्वित उपचार या किसी अन्य कार्यक्रम की योजना बनाई जा सके।

homosexuality **समलिंगरति**

काम इच्छा का एक विपर्यस्त प्रकार जब कोई व्यक्ति समलिंगी व्यक्ति के प्रति यौन संबंध के लिये आकृष्ट होता है या उससे रति सुख प्राप्त करता है।

honour system **वचन प्रथा**

कारागारों में अनुशासन से संबंधित परीक्षण की एक प्रणाली जिसके अन्तर्गत बंदियों को लगातार निगरानी में रखने अथवा कार्य-निर्देश देने की

व्यवस्था से मुक्त रख कर, कुछ सीमा तक स्वयं उन्ही को उनके आचरण की जिम्मेदारी सौंप दी जाती है। इस पद्धति को केवल संस्थाओं के अन्दर कार्य करने वाले बंदियों पर ही नहीं बल्कि बाहर काम करने वाले बंदियों पर भी लागू किया जाता है।

horizontal communication — समस्तरीय संचार

किसी संगठन के प्रशासकीय उत्क्रम में समाज स्तर के सहकर्मियों के बीच सम्प्रेषण।

horizontal promotion — समस्तरीय पदोन्नति

पदोन्नति का एक ऐसा क्रम जिसमे व्यक्ति के व्यावसायिक स्तर में कोई मूलभूत परिवर्तन नहीं आता बल्कि उसे अधिक महत्व का स्थान मिल जाता है, जैसे स्टेनोग्राफर को वैयक्तिक सहायक बनाना या लिपिक को संप्रेषण कार्य से गोपनीय कार्य के लिए स्थानान्तरित करना।

hormone — हार्मोन

शरीर के किसी अंग द्वारा उत्पन्न एक विशेष प्रकार का रासायनिक द्रव्य जो रुधिर द्वारा शरीर के दूसरे कोशों तक पहुंच कर उनकी क्रियाशीलता पर विशिष्ट प्रभाव डालता है।

hospital social service — चिकित्सालय-समाजसेवा

रोग निरोध, उपचार एवं उत्तररक्षा सम्बन्धी समस्त चिकित्सालयीय सेवाएं जो प्रशिक्षित सामाजिक कार्यकर्ता अथवा उनके दल द्वारा दी जाती हैं। इनका कार्य क्षेत्र मूलतः चिकित्सालय के अन्तर्गत ही होता है किन्तु अब यह कार्यक्षेत्र चिकित्सालय से समुदाय तक माना जा रहा है।

hostility — शत्रुता

विध्वसात्मक या हानिप्रद कार्यों की ओर प्रेरित करने की सावेगिक प्रतिक्रिया। यह प्रतिक्रिया कुंठा अथवा आघातजन्य हो सकती है।

humanism — मानववाद, मानवतावाद

मानव की मर्यादा, नैतिकता विवेकशीलता एवं विश्वास का सिद्धांत। इस विचार-धारा के अनुसार मानव व्यवहार में विघटन तभी होता है जब मानव की सहज प्रवृत्तियों की अभिव्यक्ति में अवरोध उत्पन्न होता है।

hypnoanalysis सम्मोहन विश्लेषण

जागृत अवस्था में मुक्त साहचर्य के बजाय सम्मोहावस्था में सम्मोहन क्रिया द्वारा किया गया मनोविश्लेषण ।

hypnotism सम्मोहन

सम्मोह और सम्मोहात्मक घटनाओं और तथ्यों का वैज्ञानिक अनुशीलन ।

hypochonodriacal delusions स्वकाय-चिंता भ्रमासक्ति

मानसिक रोगी के वे विभ्रम जो उसकी शारीरिक रुग्णता से संबद्ध हों, जैसे अकारण नाना प्रकार के शारीरिक रोगों की अनुभूति करना, शरीर में दुर्गंध का अनुभव करना तथा यह अनुभव करना कि शरीर को कोई काट रहा है या शरीर पर घातक कीटाणु रेंग रहे हैं, आदि ।

I

ideal personality आदर्श व्यक्तित्व

वाञ्छित श्रेष्ठता अथवा पूर्णता के मानदंड के अनुरूप व्यक्तित्व ।

identification तदात्मीकरण

किसी कुंठाग्रस्त व्यक्ति का अपने को किसी अन्य व्यक्ति या समूह से इतना अधिक संबद्ध कर लेना कि वह उसके मूल्यों, आदर्शों, मान्यताओं और व्यवहार के तौर-तरीकों को अपना ही समझने लगे और इस प्रकार जो कार्य वह स्वयं न कर पाया हो उसे उस व्यक्ति विशेष द्वारा पूरा होते देख आत्मतोष अनुभव करे ।

identity पहचान, तादात्म्य

प्रत्येक अवस्था में एक ही प्रकार से रहने की स्थिति । मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से व्यक्ति अपने लक्ष्य, उद्देश्य तथा स्मृति की निरन्तरता कायम रखते हुए अपने को वही व्यक्ति मानता है जो वह पहले था ।

idiot जड़बुद्धि, जड़

क्षीण बुद्धिता का निम्नतम स्तर जिसमें व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता दो वर्ष के बालक की बुद्धि के समान होती है । ऐसे व्यक्ति की बुद्धि-लब्धि 25 से ऊपर नहीं होती । उसे किसी प्रकार की शिक्षा-प्रशिक्षण नहीं दिया जा सकता । वह अपनी दैनिक चर्या के सामान्य कार्य भी नहीं कर पाता ।

illegitimate child : प्रवैध सन्तान

वह संतान जो स्त्री के पति से न होकर किसी अन्य व्यक्ति से हो।

illicit cohabitation प्रवैध सहवास

स्त्री-पुरुष का बिना विवाह किए कानून या रीति रिवाज के विरुद्ध पति-पत्नी के रूप में रहना

illusion भ्रम

उद्दीपन के यथार्थ रूप को न देख पाकर उसकी गलत व्याख्या करना या उसे वैसा न समझना जैसा कि वह है।

imagery प्रतिमावली, बिंबावली

(1) कल्पना प्रक्रियाओं का समष्टि रूप या कल्पना प्रक्रिया।

(2) इंद्रियों के समक्ष अनुपस्थित चीजों का ऐसा मानसिक प्रतिनिधान या प्रत्यक्ष जिसे किसी कार्य के लिए विशेष रूप से प्रयुक्त किया जाता है।

imbecile हीनबुद्धि, बालिश

क्षीण बुद्धिता का वह स्तर जिसमें व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता 3 वर्ष से 7 वर्ष के बालक की बुद्धि के समान होती है। ऐसे व्यक्ति की बुद्धि लब्धि 25 से 49 के बीच होती है। उसे प्राथमिक प्रशिक्षण द्वारा इस योग्य बनाया जा सकता है कि वह दैनिक चर्या के सामान्य कार्य कर सके।

immobility of labour श्रमिक गतिहीनता

रोजगार बदलने अथवा काम करने के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने में श्रमिक की असमर्थता।

impaling सूली चढ़ाना, शूलारोपण

मृत्यु दण्ड का एक अत्यंत प्राचीन तरीका जिसके अन्तर्गत या तो अपराधी के सीने में भाला या नुकीली लकड़ी घोप दी जाती थी या जमीन पर भालों अथवा नुकीली लकड़ियों को गाड़ कर अपराधी को एक ऊंचे स्थान से उस पर फेंक दिया जाता था।

impotence नपुंसकता, क्लीवता

पुरुष के अन्दर सम्भोग की क्षमता तथा इच्छा का लोप हो जाना। ऐसा शारीरिक अथवा मानसिक कारणों से होता है। अत्यधिक थकान, चिन्ता

तथा रोगग्रस्तता अथवा मानसिक द्वन्द्व, भय, निराशा तथा विषाद के कारण स्थायी अथवा अस्थायी रूप से कामेच्छा समाप्त हो जाती है ।

imprisonment — **कारावास, कैद**

दण्डस्वरूप व्यक्ति को जेल में रखना ।

impulse — **आवेग**

(1) किसी चिंतन या ऐच्छिक निर्देशन या किसी उद्दीपन के विभेदक नियंत्रण के बिना अविलंब किया गया कार्य-विशेष, हालांकि उस कार्य को करने में उद्दीपन का कुछ हाथ अवश्य रहता है किन्तु निर्धारक कारक व्यक्ति की दशा विशेष ही होती है ।

(2) एक प्राक्कल्पित शरीर-क्रियात्मक या अतर्नोद-प्रभावित दशा जिसमें कोई कार्य किया जाता है या उसके प्रति जागरूक हुआ जाता है ।

inadequacy — **अपर्याप्तता**

वैयक्तिक गुणों अथवा आवश्यक मानसिक योग्यता एवं विशिष्ट ज्ञान के अभाववश वर्तमान परिस्थिति का सामना करने में व्यक्ति की अक्षमता ।

inadequate personality — **अपर्याप्त व्यक्तित्व**

ऐसा व्यक्तित्व जो बौद्धिक, सांवेगिक, सामाजिक एवं भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति में अक्षम होता है । इस प्रकार के व्यक्तित्व में प्रायः निर्णय की क्षमता कम होती है तथा आवश्यक शारीरिक, सामाजिक और सांवेगिक सामर्थ्य का अभाव होता है ।

inarticulate industrial unrest — **मूल औद्योगिक अशांति, अस्पष्ट औद्योगिक अशांति**

ऐसी औद्योगिक अशान्ति जिसके पीछे कोई स्पष्ट योजना नहीं होती और न ही श्रमिकों की क्रियाओं में सामंजस्य और एकरूपता की अभिव्यक्ति होती है । इसके पीछे अफवाह, अनिश्चितता तथा निरुद्देश्य कार्यवाहियाँ आदि होती हैं जो निराधार भय अथवा असंतोष के कारण उत्पन्न होती हैं ।

incest — **अगम्यगमन, अजाचार**

परिवार के कुछ सदस्यों के बीच पारस्परिक यौन-सम्बन्ध जिसे समाज द्वारा निषिद्ध माना जाता है, जैसे भाई-बहन या पिता-पुत्री में यौन सम्बन्ध ।

incorrigible child — असुधार्य बालक

ऐसा अपचारी या व्यवहार-दोषी बालक जिसका सुधार असंभव प्रतीत हो ।

incorrigibility — असाध्यता

बालक अथवा अवयस्क का ऐसा असाधारण व्यवहार जिसका सुधार और परिमार्जन दुष्कर हो । सामान्यतः ऐसे व्यवहार करने वाले बालक बाल-न्यायालय के सेवा क्षेत्र के अन्तर्गत आते हैं ।

indentured apprenticeship — करारबद्ध शिक्षुता

शिक्षुता की एक प्रणाली जिसके अन्तर्गत नियोजक अनुबंध द्वारा शिक्षु को दो या तीन वर्ष की लम्बी अवधि तक वेतन तथा वेतन वृद्धि की *गारन्टी देता है ।*

indeterminate sentence — अनियतकाल दण्ड

अपराध के लिए कारावास की ऐसी सजा जिसमें समय की कोई सीमा नहीं होती । अपराधी की रिहाई बंदीगृह में उसके अच्छे व्यवहार पर निर्भर होती है ।

indirect communication — अप्रत्यक्ष संसूचन, अप्रत्यक्ष संपर्क

संगठन अथवा समूह के सदस्यों में सूचना, विचार तथा भाव आदि का आरोह आदि अन्य पात्रों के माध्यम से आदान-प्रदान या संचार की स्थिति अथवा व्यवस्था, जैसे कर्मचारियों को उनके कार्यों के बारे में विचार-गोष्ठियों या विशेषज्ञ परामर्श के माध्यम से निर्देशन देना ।

individual practice — वैयक्तिक वृत्ति, एकल पेशा

प्रशिक्षित सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा दी जाने वाली सेवा की वह पद्धति जिसमें वह स्वतंत्र रूप से अकेले ही सेवा प्रदान करता है । उसका अपना कार्यालय तथा साधन होता है । वह सहकर्मियों का सहयोग नहीं लेता या बहुत कम लेता है ।

indoor relief — अंतःशाल सहायता

व्यक्ति को सार्वजनिक अथवा व्यक्तिगत रूप से मिलने वाली वह सहायता जो उसे अपने घर के बजाय किसी शिविर, अनाथाश्रम अथवा इसी प्रकार की अन्य संस्थाओं में रहने पर प्राप्त होती है ।

industrial arbitration — **उद्योग विवाचन**

मालिकों और कर्मचारियों के बीच उत्पन्न विवादों को सुलझाने के लिए उन्हें निष्पक्ष अधिनिर्णायकों को सौंप देने की प्रक्रिया ।

industrial community — **औद्योगिक समुदाय**

किसी क्षेत्र में स्थापित एक या कई औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों एवं उनके परिवारों का वह समूह जो आपस में अन्त:क्रिया करते हैं और औद्योगिक प्रतिष्ठानों के इर्द-गिर्द उनके जीवन के कुछ सामान्य लक्ष्य भी निर्मित हो जाते हैं। सामान्य रूप से इस प्रकार के समुदायों में कुछ ऐसे सदस्य भी सम्मिलित हो जाते हैं जो उद्योगेतर कार्य करते हुए उस समुदाय की कुछ विशेष आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं।

industrial conflict — **औद्योगिक संघर्ष**

प्रबंधकों, कार्य की शर्तों, कार्य-स्थितियों, श्रम-संगठन, राजकीय नीति आदि से उत्पन्न असंतोष के कारण श्रमिक वर्ग की विरोधात्मक क्रियाएं ।

industrial counselling — **औद्योगिक परामर्श, औद्योगिक उपबोधन**

औद्योगिक परिवेश में कार्मिकों को दिया जाने वाला परामर्श जिसके द्वारा श्रमिकों को औद्योगिक प्रतिष्ठान में समायोजित कर उनके मनोबल एवं कार्य क्षमता को बढ़ाते हुए उन्हें इस योग्य बनाया जाता है कि उद्योग के लक्ष्यों की प्राप्ति में वे सर्वोत्तम योगदान दे सकें । इस प्रक्रिया के अन्तर्गत श्रमिकों की समस्याओं के निराकरण का भी प्रयास किया जाता है ।

industrial court — **औद्योगिक न्यायालय**

औद्योगिक विवादों को सुलझाने के लिए स्थापित किया गया एक स्थायी सरकारी अभिकरण ।

industrial disease — **उद्योग जन्य रोग**

औद्योगिक कर्मचारियों में कार्य की अस्वस्थकर स्थितियों या उद्योग में प्रयुक्त हानिकारक सामग्रियों के कारण उत्पन्न होने वाली अक्षमता या रुग्णता ।

industrial dispute — **औद्योगिक विवाद**

वेतन, कार्य की शर्तों, छँटनी, संघ की मान्यता या किसी अन्य मामले को लेकर प्रबन्ध और श्रमिकों या औद्योगिक सम्बन्धों के बारे में सरकार और प्रबन्धकों या सरकार, प्रबन्ध-मण्डल और कर्मचारियों के बीच कोई मतभेद ।

industrial education — उद्योग शिक्षा

उद्योग से सम्बन्धित विशेष-योग्यता, ज्ञान और प्रवृत्तियों के विकास के लिए आयोजित शिक्षण और प्रशिक्षण ।

industrial employment — औद्योगिक रोजगार, औद्योगिक नियोजन

खदानों तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों आदि में रोजगार ।

industrial health — औद्योगिक स्वास्थ्य

उद्योग में श्रमिकों की वह मानसिक एवं सामाजिक स्थिति जिसके कारण औद्योगिक सम्बन्ध सुदृढ़ होते हैं, श्रमिकों की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है और श्रमिक वर्ग आत्म संतोष का अनुभव करता है। इस स्थिति की प्राप्ति के लिए पौष्टिक आहार, चिकित्सा, मनोरंजन, आवासीय सुविधा एवं अच्छी कार्यदशाओं की व्यवस्था की जाती है ।

industrial hygiene — 1. औद्योगिक स्वास्थ्यविज्ञान 2. औद्योगिक स्वास्थ्य रक्षा

(1) स्वास्थ्य विज्ञान की वह शाखा जिसमें किसी संयत्र अथवा कारखाने के श्रमिकों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले पर्यावरण सम्बन्धी प्रभावों का अध्ययन किया जाता है ।

(2) औद्योगिक प्रतिष्ठानों के श्रमिकों की प्रतिष्ठान के भीतर और बाहर स्वास्थ्य रक्षा के लिए किए जाने वाले विभिन्न कार्य ।

industrial jurisprudence — उद्योग न्यायशास्त्र

औद्योगिक सम्बन्धों के आधारों के निर्धारण, सम्बन्धों के नियंत्रण के लिए अधिनियमन तथा विवादों के उचित निर्णय का शास्त्र ।

industrial psychology — औद्योगिक मनोविज्ञान

मनोविज्ञान की एक शाखा जिसमें मनोविज्ञान की अध्ययन प्रणालियों और उनके सम्प्रत्ययों तथा सिद्धांतों के आधार पर विविध औद्योगिक समस्याओं का वैज्ञानिक अनुशीलन करके उससे प्राप्त निष्कर्षों का अनुप्रयोग उत्पादन क्षमता और दक्षता बढ़ाने में किया जाता है ।

industrial relations — औद्योगिक संबंध, मालिक-मजदूर संबंध

किसी औद्योगिक प्रतिष्ठान में श्रमिक वर्ग एवं प्रबन्धक वर्ग के बीच स्थापित सभी प्रकार के विधायी एवं अविधायी सम्बन्ध । व्यापक रूप से इसके

अन्तर्गत कार्मिक-प्रबंध एवं श्रम-कल्याण के क्रियाकलापों को सम्मिलित किया जाता है । सीमित रूप से इसमें सामूहिक सौदेबाजी, संयुक्त परामर्श, परिवेदना निवारण, मजदूरी निर्धारण, हड़ताल-तालाबंदी तथा शिकायत निवारण की प्रक्रिया शामिल है ।

industrial safety — **उद्योग सुरक्षा, औद्योगिक सुरक्षा**

श्रम-कल्याण का एक निरोधात्मक स्वरूप जिसके अन्तर्गत औद्योगिक प्रतिष्ठानों के निर्माण, मशीनों के अनुरक्षण एवं उनके प्रयोग सम्बन्धी उचित प्रशिक्षण में सावधानी लाकर और खतरों की पूर्व सूचना देकर श्रमिकों को दुर्घटनाओं से बचाने का प्रयास किया जाता है ।

industrial tribunal — **औद्योगिक अधिकरण, उद्योग न्यायाधिकरण**

औद्योगिक विवादों के न्यायिक हल के लिए (भारतीय औद्योगिक विवाद अधिनियम 1949 के अन्तर्गत) बनाया गया एक विशेष अभिकरण ।

industrial union — **उद्योगव्यापी श्रमिकसंघ**

कोई ऐसा संघ जिसका सदस्य उद्योग विशेष का प्रत्येक कर्मचारी बन सकता हो, चाहे वह कुशल, अथवा अर्धकुशल कर्मचारी हो या अश्रमिक वर्ग का कोई व्यक्ति हो ।

industrial unrest — **औद्योगिक अशान्ति**

रोजगार की शर्तों, कार्य की परिस्थितियों, प्रबन्धक, सरकार अथवा संघ के कार्यों के परिणामस्वरूप उत्पन्न असंतोष ।

industrywide agreement — **उद्योगव्यापी करार, उद्योगव्यापी समझौता**

ऐसा सामूहिक समझौता जो उद्योग के समस्त नियोजक तथा कर्मचारी वर्ग पर लागू होता है ।

industrywide bargaining — **उद्योगव्यापी सौदाकारी**

सामूहिक सौदाकारी की एक प्रणाली जिसके अन्तर्गत किसी उद्योग के समस्त नियोक्ता, श्रमिक संघ तथा श्रमिक आपस में मिलकर एक सामूहिक समझौता करते हैं जिसके द्वारा उस उद्योग के अधिकांश कर्मचारियों के काम की शर्तों, वेतन आदि का विनियमन होता है ।

industrywide strike उद्योगव्यापी हड़ताल

वह हड़ताल जिसमें उद्योग के समस्त कर्मचारी संगठित होकर भाग लेते हैं ।

infamous crime कुख्यात अपराध

वह अपराध जिसे समाज में घोर या महापातक समझा जाता है । ऐसा अपराध करने वालों को निकृष्ट माना जाता है और न्यायालय में भी विश्वास योग्य नहीं समझा जाता ।

infamous punishment कुख्यात दण्ड

घोर अपराध या महापातक कृत्य के लिए दोषी ठहराए गए व्यक्ति को दिया जाने वाला दण्ड ।

infamy अपकीर्ति, बदनामी

कुख्यात अपराध करने के कारण व्यक्ति का इतना बदनाम हो जाना कि उसे सार्वजनिक अपमान का सामना करना पड़े तथा नागरिक एवं मौलिक अधिकारों से वंचित होना पड़े ।

infancy period शैशव काल

विकास की वह आरम्भिक अवस्था (प्रायः जन्म से 3 वर्ष का काल) जिसमें बालक सुख और सुरक्षा के लिए पूर्णरूप से दूसरों पर निर्भर रहता है तथा अपनी आधारभूत शारीरिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उसे अन्य व्यक्ति की आवश्यकता होती है ।

infantile sexuality शैशवीय कामुकता

छोटे बच्चों की काममूलक अनुभव की प्रवृत्ति या क्षमता । छोटे बच्चों के चेतन या अचेतन सभी प्रकार के काममूलक व्यवहारों और अनुभवों की संपूर्णता या उनका संहति रूप ।

infertility वंध्यता, बांझपन

स्त्री की संतान उत्पन्न करने की अक्षमता ।

initiative पहल

किसी कार्य, घटना, एवं सामाजिक गतिविधि में व्यक्ति की पहल करने की क्षमता ।

insecurity — **असुरक्षा**

व्यक्ति की वह मानसिक स्थिति जिसमें वह खतरे का अनुभव करता है और चिन्तित रहता है । इसके परिणामस्वरूप उसकी अनुक्रियाएं सीमित हो जाती हैं और विश्वास की कमी के कारण उसे अन्य व्यक्तियों से सम्बन्ध स्थापित करने में कठिनाई होती है ।

inservice training — **सेवाकालीन प्रशिक्षण**

कर्मचारी अथवा श्रमिक की नियुक्ति के पश्चात् उसकी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए उसे प्रशिक्षण अथवा पुनः प्रशिक्षण देना ।

insight development — **अंतर्दृष्टि विकास**

समाजकार्य की एक प्रविधि जिसका उपयोग मूलतः वैयक्तिक सेवाकार्य में किया जाता है । इस प्रविधि द्वारा जटिल तथा समस्याग्रस्त उन व्यक्तियों की, जिसकी समस्याएं अचेतन स्तर की हों, सहायता की जाती है जिससे वे प्रबल संवेग एवं द्वन्द्वात्मक स्थितियों को समझ सकें और सुखी जीवन के लिए उत्साही एवं प्रयत्नशील हो सकें ।

inspirational group therapy — **प्रेरणात्मक समूह चिकित्सा**

मनश्चिकित्सा की एक विधि जिसमें सेवार्थियों को एक समूह में रखकर ऐसा उत्साह एवं अवसर प्रदान किया जाता है कि वे एक दूसरे के अनुभवों में सहभागी हो सकें, समूह-सवेगों का विकास तथा समूह के साथ तदात्मीकरण कर सकें। इस विधि का प्रयोग प्रायः ऐसे रोगियों के साथ किया जाता है जिनमें समूह भावना का अभाव होता है तथा जो समूह तथा परिवार में समायोजन नहीं कर पाते ।

instinct — **मूलप्रवृत्ति**

समस्त जीवों की वह सहज-स्वाभाविक प्रवृत्ति जो जन्मजात अथवा नैसर्गिक होती है । युयुत्सा-वृत्ति, पलायन-वृत्ति तथा काम-प्रवृत्ति आदि प्राणी की मूलप्रवृत्तियां हैं। प्रयोजनवाद के अनुसार मूलप्रवृत्तिया व्यवहार की प्राथमिक प्रेरणाएं हैं तथा प्रत्येक मूलप्रवृत्ति की उद्दीपक-स्थिति, प्रेरणा और आवेग भिन्न-भिन्न होते हैं।

instinctive behaviour — **मूल प्रवृत्तिक व्यवहार**

ऐसा व्यवहार जिसका निर्धारण मुख्यतः जीवन की वंशागत शरीर रचना द्वारा होता है ।

Institutional behaviour संस्थागत व्यवहार

किसी संस्था के उद्देश्य, नियमों एवं कार्यप्रणाली से प्रभावित व्यवहार ।

Institutional care संस्थागत देखभाल

सेवार्थी को संस्था में भरती करके उसकी देखभाल और उपचार करने की प्रणाली ।

Institutionalization संस्थायन

विक्षिप्तों, मद्य व्यसनिकों, अपचारी युवकों, अपराधियों, अरक्षित महिलाओं, बच्चों और वृद्धों की विशिष्ट देखभाल के लिए किसी संस्था में रखना ।

intake interview प्रवेश साक्षात्कार

किसी संस्था में प्रवेश के समय वे दो या तीन प्रारम्भिक साक्षात्कार जिनका उद्देश्य सेवार्थी की समस्याओं तथा विशिष्टताओं की जानकारी करना और उसे संस्था की अपेक्षाओं, प्रदत्त सेवाओं तथा कार्य विधि से परिचित कराना होता है ।

integration एकीकरण, समाकलन

वह सामाजिक प्रक्रिया जिससे व्यक्तित्व की विरोधी एवं द्वंद्वात्मक इकाइयों में एकरूपता लाने का प्रयास किया जाता है। यही प्रक्रिया समूह अथवा समाज की विभिन्न इकाइयों को परस्पर विरोध तथा द्वन्द्व की स्थितियों में एकता तथा समरसता की ओर ले जाती है ।

intelligence बुद्धि

(1)–(अ) एकदम नई परिस्थिति में तत्काल किसी नई व्यनुकूलनात्मक अनुक्रिया द्वारा अपना काम सफलतापूर्वक चलाने की क्षमता ।

(ब) जटिल, दुस्साध्य और अमूर्त समस्याओं का शीघ्र समाधान करने तथा नई परिस्थितियों, सामाजिक मूल्यों और मानकों से सफलतापूर्वक समायोजन करने की योग्यता ।

2. सामान्यतया बौद्धिक समझे जाने वाले कार्यों में मानकीकृत बुद्धि परीक्षणों द्वारा मापी जाने वाली सफलता ।

Interaction अन्तःक्रिया, अन्योन्यक्रिया

पारस्परिक सम्बन्ध और मनोवृत्ति के आधार पर अन्तर्वैयक्तिक तथा अन्तःसामूहिक प्रतिक्रियाएं करना ।

interest group — **हितबद्ध समूह, अभिरुचि समूह**

किसी विशेष प्रयोजन, इच्छा अथवा आवश्यकता की पूर्ति के लिए संगठित किया गया समूह ।

interim agreement — **अंतरिम अनुबंध, अंतरिम करार, अंतरिम समझौता**

एक अस्थायी समझौता जो अन्तिम अनुबंध के तैयार होने तक प्रभावशाली रहता है।

interim grievance procedure — **अंतरिम शिकायत निवारण प्रक्रिया**

शिकायतों को दूर करने की एक अस्थायी प्रक्रिया जो शिकायत निवारण की अंतिम प्रक्रिया तक प्रभावशाली रहती है।

intermittent group — **सविराम समूह**

कोई ऐसा क्रियाशील समूह जिसके सदस्य कुछ समय के अंतराल से अथवा यदा-कदा मिलकर विचार विनिमय कर लिया करते हैं और इन बैठकों के न हो पाने की स्थिति में भी वह समूह कार्यरत रहता है।

intermittent worker — **यदाकदिक श्रमिक**

वे श्रमिक जो वर्ष भर में केवल कुछ दिन, कुछ सप्ताह अथवा कुछ महीने मजदूरी पर काम करते हैं। इस प्रकार के श्रमिक प्रायः वे विवाहित स्त्रियां होती हैं जो या तो पूर्णकालिक काम नहीं चाहतीं या किसी विशेष प्रयोजन के लिए कुछ धन जमा करना चाहती हैं। भारत में खेतिहर मजदूर भी इसी प्रयोजन से कारखानों तथा निर्माण कार्यों में काम करते हैं।

internal frustration — **आंतरिक कुंठा**

व्यक्ति की वह तनावपूर्ण मनोदशा जिसमें उसके उद्देश्यों की असफलता का प्रमुख कारण उसकी वैयक्तिक निर्योग्यता, वैयक्तिक त्रुटियां और सामाजिक अभिरुचि का अभाव ही होता है। ऐसी दशा में व्यक्ति आत्म-अवमूल्यन करता है तथा सामाजिक सम्मान, वैवाहिक समायोजन एवं परिस्थितियों का सामना करने में अत्यन्त कठिनाई अनुभव करता है।

interpersonal relationship — **अंतर्वैयक्तिक संबंध**

व्यक्तियों के मध्य होने वाली अंतःक्रियाएं। प्रत्येक व्यक्ति का अपना एक मत और भाव होता है और जब वह दूसरे व्यक्ति के संपर्क

में आता है तो इसमें उसकी भावनाओं तथा संपर्क में आने वाले व्यक्ति की भावनाओं एवं मत में कुछ परिवर्तन आता है जिसके फलस्वरूप दोनों के बीच एक नई अंतःक्रिया विकसित होती है।

interpretative therapy — व्याख्यापरक चिकित्सा

मनश्चिकित्सक तथा समाज कार्यकर्ता द्वारा रोगी को अपने अंतर्द्वन्द्वों को शब्दों में व्यक्त करने तथा उसके प्रतीकात्मक अर्थ को समझने में सहायता प्रदान करना। इस प्रकार की चिकित्सा से रोगी अपनी समस्या का समाधान स्वयं करता है।

interunion dispute — अंतःसंघ विवाद, अंतःसंघ कलह

सदस्यता या अन्य मामलों को लेकर संघों के बीच उत्पन्न होने वाले विवाद।

interview — साक्षात्कार

दो या दो से अधिक व्यक्तियों की उद्देश्यपूर्ण वार्ता। समाज कार्य का एक उपकरण जिसके माध्यम से कार्यकर्ता सेवार्थी के अध्ययन, निदान एव उपचार-कार्य का मार्ग प्रशस्त करता है।

interview blank (=interview schedule) — साक्षात्कार फार्म, साक्षात्कार अनुसूची

एक प्रपत्र जिसका उपयोग साक्षात्कर्ता समालापी के संबंध में प्राप्त तथ्यों, वार्ता ' अथवा साक्षात्कार के परिणाम लिखने के लिए करता है।

interview therapy — साक्षात्कार चिकित्सा

मानसिक विकारों के उपचार की एक प्रणाली जिसमें रोगी और चिकित्सक के बीच सौहार्दपूर्ण वार्तालाप का विशेष महत्व होता है। रोगी की समस्याएं चर्चा का केंद्र बिन्दु होती हैं, वह चिकित्सक के प्रोत्साहन पर अपनी कठिनाइयां, मानसिक तनाव आदि के बारे मे बात करके अपने को हल्का महसूस करता है।

intimacy — सन्निकटता, घनिष्ठता

व्यक्तित्व का वह गुण जिसमें कोई व्यक्ति दूसरों से अनुरक्त होकर उन्हें अपना प्यार देता है और उनसे प्यार पाता है। यह दूसरों के साथ विचार एव भावनाओं के आदान-प्रदान की एक कला है। इससे व्यक्ति की सहनशीलता बढ़ती है और पारस्परिक आस्था और विश्वास पैदा होता है।

introspection — अंतर्निरीक्षण

अपने अनुभवों, मानसिक क्रियाओं और व्यवहार का स्वयं ही निरीक्षण कर उनका विधिवत विवरण देना।

introversion — अंतर्मुखता

युंग के अनुसार व्यक्ति की बाह्य वस्तुओं और सामाजिक पर्यावरण से असहयोग करके या उनसे विमुख होकर केवल अपने में ही विशेष रुचि रखने, आत्मलीन रहने और स्वैर कल्पनाओं में अपनी इच्छाओं को संतुष्ट करने की उग्र प्रवृत्ति।

introvert personality — अंतर्मुखी व्यक्तित्व

दे० introversion

J

job analysis — कार्य विश्लेषण

किसी विशिष्ट कार्य से संबंधित विभिन्न क्रियाओं, योग्यताओं, क्षमताओं, कार्य की दशाओं, वेतन, पदोन्नति के अवसर आदि का वैज्ञानिक अध्ययन।

job analyst — कार्य विश्लेषक

वह व्यक्ति जो किसी व्यवसाय या कार्य की विशिष्टताओं एवं विवरणों को तैयार करने, उनका विश्लेषण तथा समस्त व्यवसायों के विश्लेषण का कार्य करता है।

job classification — कार्य वर्गीकरण

व्यवसाय-प्रतिष्ठान या उद्योग विशेष के विभिन्न कार्यों को उनकी समानता अथवा विविधता के आधार पर कुछ सामान्य श्रेणियों अथवा समूहों में विन्यस्त करने की एक प्रणाली। यह वर्गीकरण कार्य सम्पादन के लिए कार्मिकों के आवश्यक प्रशिक्षण, अनुभव तथा कुशलता को ध्यान में रख कर किया जाता है।

job hazard — कार्य संकट

कार्य के पर्यावरण या उसकी दशाओं से संबंधित समायोजन की कुछ ऐसी विशिष्ट एवं विकट समस्याएं जिनसे उस कार्य में लगे व्यक्ति में तंत्रिका-ताप पैदा हो सकता है।

job psychograph — कार्य मनोलेख

किसी धंधे के लिए अनेक अभिक्षमता परीक्षणों में से संभवतः

सर्वाधिक उपयुक्त परीक्षण का चुनाव करने के उद्देश्य से उस कार्य या कार्य-समूह के लिए अपेक्षित विशेषकों और योग्यताओं को कार्य में लगे कार्मिकों के प्रतिशत के रूप में व्यक्त करने वाला रेखाचित्र।

job replica — कार्य प्रतिकृति

दे०, job sample test

job rotation — कार्य आवर्तन

दिन प्रतिदिन या एक ही दिन कार्मिकों के कार्यों में पारी-पारी से पारस्परिक परिवर्तन करते रहना।

job sample test — कार्य प्रतिदर्श परीक्षण

किसी उद्योग या प्रतिष्ठान के किन्हीं विशिष्ट एवं जटिल कार्यों का एक उपलब्धि परीक्षण जिसमें कार्मिक को उन धंधों के लिए अपेक्षित सभी वास्तविक संक्रियाओं या उनके महत्वपूर्ण नमूनों को प्रस्तुत करने वाली परीक्षणात्मक स्थिति में रख कर उसके कार्य और तत्संबंधी विशिष्ट योग्यताओं की जांच की जाती है।

job specification — कार्य विनिर्देशन

कार्य का विश्लेषण करके उसकी तुलना कार्मिक के अपेक्षित गुणों और क्षमताओं के साथ करना जिससे यह निर्धारित किया जा सके कि वह व्यक्ति उस कार्य के लिए कितना उपयुक्त है।

juvenile court — किशोर न्यायालय, बाल न्यायालय

अपचारी और असुरक्षित बालकों पर न्यायिक विचार करने तथा उनकी सुरक्षा, सुधार और पुनर्वास सम्बन्धी व्यवस्था के लिये गठित विशेष न्यायालय। बाल-अधिनियम के अंतर्गत इस प्रकार के न्यायालयों की व्यवस्था है और सामान्यतः 16 से 18 वर्ष तक के बच्चों के मामले इन न्यायालयों के सामने लाए जाते हैं।

juvenile delinquency — किशोर अपचार, बालापचार

16 या 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों का समाज विरोधी और अनैतिक व्यवहार। उन्हें अपने व्यवहार के लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार नहीं ठहराया जाता और उनके व्यवहार के सुधार और शिक्षण की व्यवस्था की जाती है।

Juvenile probation — किशोर परिवीक्षा

बाल अपराधियों या बाल अपचारियों को न्यायालय के निर्देशानुसार माता-पिता या अभिभावक की देख-रेख में रखकर सुधार करने की व्यवस्था।

L

labour — 1. श्रम
2. श्रमिक, मजदूर, कामगार

1. वस्तुओं के उत्पादन तथा सेवा प्रदान करने के लिए व्यक्ति द्वारा किए जाने वाले शारीरिक प्रयत्न।

2. समाज का वह वर्ग जो अपनी शारीरिक शक्ति के द्वारा उत्पादन अथवा अन्य आर्थिक कार्यों में भाग ले।

labour contract — श्रम ठेका, श्रम संविदा

एक प्रकार का अनुबंध जिसके अंतर्गत कर्मचारी निर्धारित वेतन दर पर नियोजक के प्राधिकार, निर्देशन तथा पर्यवेक्षण में काम करने की शर्तें स्वीकार करता है।

labour court — श्रम न्यायालय

श्रम संबंधी विवादों की सुनवाई करने वाली न्यायिक संस्था। यह संस्था विशेषतया श्रम के अधिकारों, सामूहिक समझौते आदि से उत्पन्न विवादों की सुनवाई कर अपना निर्णय देती है।

labour dispute — श्रम विवाद, श्रमिक विवाद

दे० **industrial dispute**

labour law — श्रम कानून

श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और उनकी स्थिति सुधारने तथा श्रमिक संगठनों के अनुचित बल प्रयोग से नियोजकों और समाज की रक्षा करने के उद्देश्य से बनाये गये कानून।

labour maintenance — श्रम अनुरक्षण

नीतियों, पद्धतियों तथा कार्य-प्रणालियों का ऐसा संचालन जिससे कर्मचारी संतुष्ट रहें नियोजक और कार्य के प्रति प्रतिबद्ध रहें और उद्योग में अनुपस्थिति से कार्य में अरुचि तथा श्रम-अशांति आदि की स्थिति उत्पन्न न हो।

labour management — श्रम प्रबंधन

किसी औद्योगिक संगठन में कार्मिक प्रबंध का वह पक्ष जिसके द्वारा जनशक्ति का उचित नियंत्रण किया जाता है। इसमें श्रमिकों की भर्ती, चुनाव प्रक्रिया, प्रशिक्षण, कार्य निर्धारण तथा उनके कुशल उपयोग के कार्य निहित हैं।

labour mobility — श्रम गतिशीलता

श्रमिकों का अपने प्रतिष्ठान या नगर-गांव से अन्यत्र कार्य करने के लिए जाना या एक प्रकार के कार्य को छोड़ कर दूसरे प्रकार के कार्य में लग जाना।

labour movement — श्रमिक आंदोलन, श्रम आंदोलन

अपने अधिकारों एवं कल्याण के लिए श्रमिकों द्वारा संगठित प्रयास। प्राय: ये प्रयास श्रम-संघों तथा श्रम संबंधी अन्य अभिकरणों द्वारा किए जाते हैं।

labour racketeer — मज़दूर धोखेबाज़

वह व्यक्ति जो श्रमिकों के साथ छल व बेईमानी करता हो। इसका काम घूस लेना तथा हड़ताल या तालाबंदी की धमकी देकर पैसा ऐंठना होता है।

labour reformer — श्रम सुधारक

श्रमिकों को उनकी अपनी समस्याओं, जैसे मद्यव्यसन, ऋणग्रस्तता आदि, का ज्ञान कराकर उनके समाधान का उपाय ढूंढने तथा उनके जीवन को समृद्ध बनाने में सहायता प्रदान करने वाला व्यक्ति। ऐसा व्यक्ति श्रम कानून में सुधार लाने, राजनीतिक जागरूकता पैदा करने तथा उद्योगों में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने या आद्योपान्त परिवर्तन लाने के लिए आंदोलन तथा हड़ताल आदि का सहारा भी लेता है।

labour relations — श्रम-संबंध

दे० industrial relations

labour solidarity — श्रमिक एकात्मता

श्रम शक्ति एवं संगठनों के पारस्परिक संबंधों की वह स्थिति जिसमें एक होकर कार्य करने का भाव हो। यह एकता श्रम शक्ति का प्रतीक है। इसकी अभिव्यक्ति सरकार के पास भेजे गए संयुक्त अभ्यावेदन तथा हड़ताल आदि के माध्यम से होती है।

labour standard — **श्रम मानक**

विधियों, विनियमों एवं प्रशासकीय व्यवहारों के लिये प्रयुक्त सामान्य शब्द जिसका सम्बन्ध मजदूरी उपार्जकों की उन कार्यदशाओं से होता है जिनसे उनका सामाजिक और आर्थिक स्तर प्रभावित होता है।

labour time standard — **श्रम-समय-मान**

उत्पादन प्रतिष्ठान में किसी एक कार्य के लिए आवश्यक औसत समय। इसके निर्धारण में आवश्यक अवकाश काल, कार्य-आरम्भ समय, उपकरणों की सफाई और मरम्मत आदि में लगे समय की गणना भी रहती है।

labour time ticket — **श्रम-समय पर्चा**

श्रम व्यय के हिसाब के लिए प्रयुक्त एक प्रपत्र। इसमें प्रत्येक कार्य के सम्पादन में विभिन्न कार्मिको, व्यक्तियों द्वारा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लगाए गए समय का विवरण रहता है।

labour turnover rate — **श्रम आवर्त दर**

किसी प्रतिष्ठान में श्रमिकों के कार्य छोड़ने तथा नये कर्मचारियो की भर्ती की दर।

labour union — **श्रमिक संघ, मजदूर संघ**

अपने हितो की रक्षा के उद्देश्य से बनाया गया श्रमिकों का स्वैच्छिक संगठन। यह संगठन एक ही उद्योग या एक ही नियोजक के अधीन कार्य करने वाले श्रमिकों का अथवा अनेक उद्योगो या नियोजकों के अधीन कार्य करने वाले श्रमिको का हो सकता है।

labour unrest — **श्रम अशांति**

किसी कार्य-प्रतिष्ठान में श्रम-प्रबन्ध संबंधों की ऐसी स्थिति जब दोनों पक्षों के बीच अविश्वास एव तनाव विद्यमान हो, औद्योगिक शांति का अभाव हो और श्रमिकों अथवा श्रमिक संघों के द्वारा अपनी मांगों की पूर्ति के लिए प्रायः हड़ताल, प्रदर्शन, घेराव आदि किए जाते हों।

labour welfare — **श्रम कल्याण, श्रमिक कल्याण**

श्रमिकों के शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक और सामाजिक कल्याण को अवस्था। इस अवस्था की प्राप्ति के अतर्गत वे समस्त कार्यक्रम आते

हैं जो श्रमिक और औद्योगिक प्रतिष्ठान एवं राष्ट्रीय विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक होते हैं, जैसे श्रमिक शिक्षा, स्वास्थ्य केन्द्र, शिशुगृह और जलपान गृह आदि।

latency period — अव्यक्तता काल, कामप्रसुप्ति काल

मानव में काम विकास की वह अवस्था जिसमें विकास की शक्तियां तिरोहित होकर व्यक्तित्व मे व्यवस्थित रहती है। यह अवस्था सामान्यत: 6 वर्ष से 12 वर्ष तक होती है जिसे फ्रायड के अनुसार विकास का चौथा चरण कहा जाता है। सामाजिक और मानसिक विकास की दृष्टि से यह अवस्था महत्वपूर्ण है क्योंकि बच्चों में सामाजिक गुणों का विकास, शिक्षा में दिलचस्पी तथा टोली बनाकर साथ रहने की प्रवृत्ति का विकास इस अवधि मे काफी तेज गति से होता है।

lay-off — जबरी छुट्टी

काम अथवा कच्चे माल की कमी या अन्य अपरिहार्य कारणों से कर्मचारियों को अस्थायी या स्थायी तौर पर काम से हटा देना। आनुशासनिक कार्यवाही, बरखास्तगी अथवा अयोग्यता के कारण सेवामुक्त किये गए कर्मचारी इस श्रेणी में नही आते।

lay-off pay — जबरी छुट्टी वेतन

जबरी छुट्टी के अंतर्गत काम से हटाये गये कर्मचारियों को मिलने वाले उनके वेतन का वह भाग जो उन्हे तब तक मिलता रहता है जब तक वे काम पर वापस नहीं बुला लिये जाते या कोई अन्य नौकरी नही पा जाते।

leadership — नेतृत्व

एक स्थिति परक प्रक्रिया जिसके अंतर्गत एक या एक से अधिक व्यक्ति समूह की सामाजिक समस्याओं को सुलझाने की अपनी वास्तविक या तथाकथित योग्यता के कारण समूह के लिए अनुकरणीय बन जाते हैं और समूह के सदस्यो के व्यवहार को प्रभावित करते हैं।

libido — कामलिप्सा, लिबिडो

वह शक्ति जो शरीर को तनावों से मुक्त रखने का निरंतर प्रयास करती है तथा दो व्यक्तियों को आपस में मिलाने की प्रेरणा प्रदान करती है। यह जिजीविषा जैसी मूल-प्रवृत्तियों के क्रियाकलापों में परिलक्षित होती है। मनोविश्लेषक इसे काम की इच्छा कहते हैं।

lie detector — असत्य सूचित

पात्र से जांच-पड़ताल करते और कुछ प्रश्नों का उत्तर पूछते समय उसके रक्तदाब, नाड़ी-गति और श्वास-क्रिया में होने वाले परिवर्तनों और वैद्युत-उद्दीपक अनुक्रिया को मापने वाला उपकरण जिससे यह पता चलता है कि उसने सच बोला है या झूठ।

life history method — जीवनवृत्त प्रणाली

प्रेक्षण की एक प्रविधि जिसमें पात्र के विशिष्ट व्यवहार के विकास की व्याख्या उसके विगत और वर्तमान व्यवहार के यथार्थ एवं विस्तृत विवरणों के आधार पर की जाती है जिससे उसके बाह्य और आतंरिक जीवन में घटने वाली विभिन्न घटनाएं प्रकाश में आती हैं।

living wage — निर्वाह मजदूरी

मजदूरी की वह दर जिसके द्वारा श्रमिक विवेकपूर्ण ढंग से अपना तथा अपने परिवार का जीवन-यापन कर सकें और अपनी क्षमताओं की रक्षा और उसका विकास कर सकें। भारत सरकार द्वारा गठित उचित मजदूरी समिति (1948) के अनुसार यह मजदूरी ऐसी होनी चाहिए जिससे श्रमिक अपनी भोजन, वस्त्र, आवास और आवश्यक सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके एवं बच्चों की शिक्षा, बीमारियों से अपनी और अपने परिवार की रक्षा का प्रबंध कर सके और अनिश्चित भविष्य तथा दुर्दिन के लिए कुछ बचत भी कर सके।

lobster shift — निशीथ पारी

कई पारियों में कार्य करने वाले कारखानों की वह पारी जो प्रायः मध्य-रात्रि से आरंभ होकर प्रातःकाल तक चलती है।

lock out — तालाबंदी

नियोजक द्वारा अपने उद्योग या प्रतिष्ठान को अस्थायी तौर पर बंद कर देना, ताकि वह मजदूरों से अपनी शर्तों को मनवा सके या उन्हें अपनी मांगों में परिवर्तन करने के लिए बाध्य कर सके। यह कार्यवाही कभी-कभी हड़ताली कर्मचारियों के प्रति प्रतिक्रिया की भावना से की जाती है।

logotherapy — उद्बोधक चिकित्सा

एक प्रकार की सेवार्थी केन्द्रित मनश्चिकित्सा जिसमें रोगी में

आत्मनिर्देशन की ओर अपने अस्तित्व को सार्थक समझने की आवश्यकता पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

long service bonus — दीर्घ सेवा बोनस

अनेक वर्षों तक अपने नियोजक की अविच्छिन्न और संतोषप्रद सेवा करने वाले कर्मचारियों को मिलने वाला बोनस या विशेष पुरस्कार।

lust murder — कामांध हत्या

कामोत्तेजना की पूर्ति की राह में आने वाले अवरोधों के कारण की गई हत्या।

M

maladaptation — अपव्यनुकूलन

किसी जीव में पर्यावरण के प्रति अनुक्रियाएं-प्रतिक्रियाएं करने के लिए जैविक दृष्टि से उपयोगी विशेषताओं का न होना या जीव द्वारा ऐसी विशेषताओं को विकसित न कर पाना।

maladjustment — कुसमायोजन, अपसमायोजन

वह मानसिक अवस्था जब कोई व्यक्ति या समूह अपनी जीवन-यापन की सामान्य समस्याओं का समाधान करने में लगातार असफल रहता है तथा अपने बाह्य और आभ्यांतरिक द्वन्द्वों और तनावों को दूर करने और अनुकूलन तथा समंजन स्थापित करने में असमर्थ रहता है।

malfunction — अपक्रिया

जीवित रहने या शरीर के विभिन्न अंगो के सामंजस्यपूर्ण कार्यों के लिए अनुपयुक्त जैविक क्रिया।

malingering — रोग-व्याज

किसी वास्तविक मनोविकृति या शारीरिक अक्षमता को छिपाने के लिए बीमारी या अन्य प्रकार की असमर्थता का बहाना बनाना।

management — 1. प्रबंध 2. प्रबंधक वर्ग

1. किसी संगठन, संस्था अथवा प्रतिष्ठान के उद्देश्य, मितव्ययिता और कुशलता प्राप्ति के लिए किये गये सभी सामान्य कार्य, जैसे संगठन, नीति निर्माण, आयोजन, कर्मचारी व्यवस्था, समन्वय आदि।

2. किसी संगठन, उद्योग अथवा प्रतिष्ठान का नियोजन या नियोजन मंडल जो उसका प्रशासन चलाने, निर्देशन या नेतृत्व के लिए उत्तरदायी हो।

management prerogative — प्रबंधक विशिष्टाधिकार

किसी उद्योग का मालिक होने के नाते प्रबंधक का अधिकार विशेष जिसके अंतर्गत वह मजदूर संघ से परामर्श किये बिना ही कोई कार्यवाही कर सकता है।

management training — प्रबंध प्रशिक्षण

किसी औद्योगिक प्रतिष्ठान अथवा व्यावसायिक या अन्य संगठन में प्रभावशाली कार्य संचालन, नियंत्रण अथवा समन्वय की कला का प्रशिक्षण या विकास की एक प्रक्रिया। इसका उपयोग विशेषतः वर्तमान या भावी प्रशासकों के प्रशिक्षण के लिए किया जाता है।

man-day[1] — दिहाड़ी, श्रम-दिन

एक व्यक्ति का एक दिन का कार्य। प्रायः इस शब्द का प्रयोग श्रम संबंधी आंकड़ों में किया जाता है।

man-hour — श्रम-घंटा

एक व्यक्ति का एक घंटे का कार्य।

man-power management — जनशक्ति प्रबंध

किसी उद्योग या प्रतिष्ठान में श्रमिकों के चयन और उनकी योग्यता का विकास करने, उनका उपयोग तथा उन्हें कार्यरत रखने की योजना बनाने तथा उसे क्रियान्वित करने का विज्ञान। यह प्रबंध का एक विशिष्ट स्वरूप होता है। इसके द्वारा प्रतिष्ठान अपने उद्देश्यों की पूर्ति मितव्ययितापूर्वक प्रभावशाली ढंग से कर सकता है।

man-to-man rating scale — प्रतिव्यक्ति निर्धारण मापनी

किसी निर्धार्य व्यक्ति की उन व्यक्तियों से तुलना करने की प्रणाली जिन्हें किसी खास विशेषता की विभिन्न मात्रा के उदाहरणस्वरूप चुना गया होता है। निर्धार्य व्यक्ति में जिस चुने हुये व्यक्ति की विचाराधीन विशेषता ज्यादा होती है उसे उसी चुने हुए व्यक्ति का प्राप्तांक या कोटि दी जाती है।

manual labour — 1. शारीरिक श्रम 2. शारीरिक श्रमिक

1. मुख्यतः शारीरिक श्रम से जीविकोपार्जन करना।
2. मुख्यतः शारीरिक श्रम से जीविकोपार्जन करने वाला व्यक्ति।

marginal group — उपांत समूह, सीमांत समूह

एक ऐसा समूह जिसने न तो अपनी पूर्व संस्कृति का परित्याग किया हो और न ही अपने निवास स्थान की नई संस्कृति को पूर्णरूप से आत्मसात् किया हो, जैसे नट आप्रवासी ।

marriage counselling — विवाह परामर्श, वैवाहिक उपबोधन

पति-पत्नी के पारस्परिक संबंधों को सुदृढ़, उन्नत तथा स्वस्थ बनाने और उनके पारस्परिक मतभेदो को सुलझाने के लिए उनकी स्थिति, साधन, व्यक्तिगत क्षमताओं और अक्षमताओं को ध्यान में रखकर व्यावसायिक समाज कार्यकर्ता, मनोवैज्ञानिक अथवा मनश्चिकित्सक द्वारा परामर्श देने की प्रक्रिया और सेवा ।

masochism — स्वपीड़न रति, मैसोकीयता

अपने आपको पीड़ा देकर काम-सुख की अनुभूति करना । कभी-कभी आत्महत्याएं, दुर्घटनाएं तथा आत्मघात इसी अचेतन सुख के लिए किया जाता है ।

mass madness — जनोन्माद, सामूहिक पागलपन

ऐसा मानसिक रोग जो जन समुदाय अथवा समूहो में व्यापक रूप से हो, जैसे युद्धकाल में चिन्ता तथा उन्माद रोग आदि का प्रसार ।

master agreement — प्रतिमान करार, मानक अनुबंध

1. ऐसा सामूहिक समझौता जिसे प्रमुख उद्योगपति अथवा अनेक उद्योगपतियो के हस्ताक्षर कर देने पर मानक अनुबंध समझा जाए ।

2. विभिन्न उद्योगों की श्रम संविदाओं मे एकरूपता लाने के उद्देश्य से मालिकों और श्रमिकों के बीच किया गया एक सामान्य अथवा मानक समझौता ।

maternal overprotection — मातृ अतिरक्षण

बच्चों के प्रति मा की वह प्रवृत्ति जिसके कारण वह उनकी देखभाल के लिए अनावश्यक रूप से चिंतित तथा अत्यधिक सतर्क रहती है ताकि उन्हें किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे । इस अभिवृत्ति के कारण वह बच्चे के वस्त्र, औषधि तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की पूर्ति आवश्यकता से अधिक करती है।

maternity home — प्रसूति-गृह

विशेष चिकित्सालय अथवा चिकित्सालय का वह भाग जहां शिशु-जनन के लिए माताओं [illegible]

maturation परिपक्वन

शरीर में विकासात्मक प्रक्रियाओं और परिवर्तनों का परिपूर्ण हो जाना। यह पूर्णता आनुवंशिकता और पर्यावरण दोनों ही से प्रभावित होती है।

maturity परिपक्वता

व्यक्ति की क्षमताओं और योग्यताओं के विकास की स्थिति ।

mean माध्य

किसी बारंबारता वितरण की केन्द्रीय प्रवृत्ति का एक माप जिसे साधारणतया औसत भी कहा जाता है और जिसे उस वितरण के समस्त मूल्यों या प्राप्तांकों के जोड़ को प्राप्तांकों की कुल संख्या से भाग देकर निकाला जाता है ।

mechanization यंत्रीकरण, मशीनीकरण

उत्पादन प्रक्रिया में मनुष्यों के स्थान पर मशीनों का प्रयोग करना ।

median मध्य, माध्यिका

केंद्रीय प्रवृत्तियों की माप या वह बिंदु जिससे वितरण दो भागों में इस तरह बटता है कि जितने प्राप्तांक बिंदु से ऊपर होते हैं उतने ही नीचे ।

mediation board मध्यस्थता मंडल, मध्यस्थता बोर्ड

विवाद से संबंधित मामलों में दोनों पक्षों में समझौता कराने के लिए नियुक्त मंडल ।

medical social work चिकित्सा समाज कार्य

रोगियों के निदान और उपचार से संबंधित वैयक्तिक, पारिवारिक तथा सामाजिक समस्याओं के अध्ययन और निवारण का वृत्तिक समाज कार्य ।

mental ability मानसिक योग्यता

अमूर्त प्रत्ययों को समझने सीखने और समस्याओं का वस्तुनिष्ठ रूप से विश्लेषण करने तथा जटिल कार्यों को करने की क्षमता ।

mental conflict मानसिक द्वंद्व, अंतर्द्वंद्व

व्यक्ति की वह मानसिक स्थिति जब उसके मन में परस्पर विरोधी भाव कार्य करते हों ।

mental deficiency मानसिक न्यूनता, मानसिक हीनता

अवसामान्य बौद्धिक विकास के सभी स्तरों का द्योतक शब्द जिसमें मूढ़ता, बालिशता, जड़ बुद्धि और सीमांत न्यूनता सभी शामिल हैं ।

mental disorder — मनोविकार

अस्थायी या दीर्घकालीन, मनोजात या देहजात, कार्यात्मक या आंगिक किसी भी प्रकार की समंजन संबंधी गंभीर या निर्योग्यताकारी विफलता जिसमें मनस्ताप और तंत्रिकाताप दोनों शामिल हैं किन्तु आमतौर पर मानसिक न्यूनता शामिल नहीं है ।

mental faculty — मनःशक्ति

मस्तिष्क की सक्रिय अथवा निष्क्रिय दोनों ही प्रकार की अवस्थाओं में उपस्थित रहने वाली कुछ शक्तियां, जैसे स्मृति, बुद्धि आदि ।

mental growth — मानसिक वृद्धि

आयु के साथ-साथ किसी भी मनोवैज्ञानिक उपलब्धि या मानसिक क्रिया में वृद्धि होना, प्राय. सीमित अर्थ में बुद्धि की वृद्धि के लिए प्रयुक्त होने वाला शब्द ।

mental health — मानसिक स्वास्थ्य

व्यक्ति के स्वास्थ्य की वह स्थिति जिसमें वह अपने संवेगो को संतुलित रखते हुये सुखी जीवन यापन के लिये प्रयत्नशील हो तथा अन्य व्यक्तियो के साथ समायोजन बनाये रखे और समाज के विकास में सहयोगी हो ।

mental hygiene — मानसिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान

मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा और उत्कृष्टता से संबंधित कार्य और विज्ञान ।

metabolism — चयापचय

जीव की वे शारीरिक और रासायनिक अनुक्रियाएं जिनसे जीवद्रव्य बनता और नष्ट होता है और जिनसे जीवित रहने के लिए ऊर्जा का निर्माण होता है ।

model agreement — 'आदर्श अनुबंध, आदर्श करार

दे० master agreement

money wage — नकद मजदूरी

देखिए nominal wage

monogamy — एक विवाह प्रथा

विवाह की एक प्रथा जिसमें समाज अथवा सामजिक संस्थाओं द्वारा एक पुरुष को एक पत्नी और एक स्त्री को एक पति के साथ रहने की स्वीकृति प्राप्त होती है ।

morbidity — अस्वस्थता

यह जैविक अवस्था जब शरीर, कोशिकाएँ या अन्य अंग अपना कार्य ठीक ढंग से न कर रहे हों अर्थात् जीव या उसके अंगों की रोगग्रस्त, विकार युक्त या असामान्य अवस्था ।

moron — मूढ़ बुद्धि

क्षीण-बुद्धि का वह स्तर जिसमें व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता 7 से 12 वर्ष के बालक के समान होती है । ऐसे व्यक्ति की बुद्धि लब्धि 50 से 69 के बीच होती है । उन्हें शिक्षा और प्रशिक्षण द्वारा सामाजिक क्रियाओं के योग्य बनाया जा सकता है ।

mortality rate — मृत्यु-दर

किसी जनसंख्या में मृत्यु की दर, जो प्रतिशत में न होकर प्रति हजार में होती है ।

mother-dominance — मातृ प्रभुत्व, मातृ प्रमुखता

पिता की अपेक्षा माता का परिवार में अधिक महत्व एवं अधिकार । ऐसे परिवार में पिता की भूमिका कम हो जाती है और प्यार तथा अनुशासन की जिम्मेदारी माता की होती है ।

multidisciplinary team — बहुविज्ञ टोली

अन्वेषण अथवा उपचार के लिए बनाई गई ऐसी टोली जिसमें विभिन्न व्यावसायिक विशेषज्ञ मिलकर किसी समस्या के अध्ययन, निदान व उपचार का प्रयास करते हैं ।

multi-employer bargaining — बहुनियोजक सौदाकारी, बहुमालिक सौदाकारी

दे० collective bargaining

multiple interaction — बहु-अन्तरक्रिया

समूह अथवा समूह के सदस्यों के सामाजिक संबंधो पर प्रभाव डालने वाले विभिन्न अभिकरण अथवा शक्तियां ।

multiple shift system — बहुपारी प्रणाली

ऐसी कार्यप्रणाली जिसके अंतर्गत एक से अधिक पारियों में कार्य होता है ।

music therapy संगीत चिकित्सा

मानसिक विकारों की चिकित्सा अथवा संवेगों तथा व्यक्तित्व समायोजन में सहायता प्रदान करने के लिए रोगी को संगीत सुनने, वाद्यों का प्रयोग करने तथा परम्परागत अथवा लोक-गीतों को गाने का अवसर देना।

N

nail biting नाखून चबाना

मानसिक तनावों को कम करने की अचेतन व सुरक्षात्मक क्रिया जिसमें व्यक्ति अपने आन्तरिक भय और विद्रोह को भूलने के उद्देश्य से नाखूनों को चबा कर अपने को व्यस्त रखता है। व्यक्तित्व का यह एक विकासात्मक दोष है जिसे बच्चे बाल्यकाल व किशोरावस्था में कठोर अनुशासन, भय, तनाव व सांवेगिक द्वन्द्व से छुटकारा पाने के लिए तंत्रिकीय आदत के रूप में विकसित कर लेते हैं जो प्रौढ़ावस्था तक चल सकती है। मनोविश्लेषणात्मक दृष्टिकोण से यह आदत मौखिक रति की अवस्था का स्थिरीकरण है।

national agreement राष्ट्रीय समझौता, राष्ट्रीय करार

एक ऐसा सामूहिक समझौता जो उस देश अथवा राष्ट्र के एक ही प्रकार के सारे उद्योग, व्यापार अथवा व्यवसाय पर लागू होता है।

national service scheme राष्ट्रीय सेवा योजना

स्नातक स्तर पर छात्रों के लिए कक्षागत अध्ययन के अतिरिक्त नगर एवं ग्रामीण अंचलों तथा विद्यालय परिसर में समाज सेवा व रचनात्मक कार्य करने का राष्ट्रीय कार्यक्रम। इससे छात्रों में कक्षागत ज्ञान के साथ-साथ राष्ट्रीय विकास की चेतना एवं आत्म विश्वास आदि गुणों का विकास होता है और शिक्षित व अशिक्षित के बीच की दूरी भी कम होती है।

natural group सहज समूह

व्यक्तियों के पारस्परिक सौहार्द या मित्रता के आधार पर निर्मित एक स्वतः स्फूर्त संगठन। सदस्यों के पारस्परिक सौहार्द पर आधारित ऐसे समूह किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा स्थापित समूह तथा रुचि या विशेष उद्देश्य के आधार पर गठित समूह से अलग होते हैं।

naturalism प्रकृतिवाद

व्यवहार के विश्लेषण में मूल प्रवृत्तियों, जैसे भूख तथा काम, पर बल देना और इन मूल प्रवृत्तियों की संतुष्टि और मानसिक असंतुलन की व्याख्या यह मानकर करना कि ये प्रवृत्तियां अनुकूलनक्षम नहीं होतीं।

necrophilia — शव कामुकता, शवरति

काम सम्बन्धी गम्भीर मानसिक विकृति जिसमें रोगी, स्त्री शव को देखने या उसके साथ रति करने में उत्तेजना या काम-सुख का अनुभव करता है।

need measurement — आवश्यकता मापन

किसी व्यक्ति, समूह अथवा समुदाय की विभिन्न अथवा विशिष्ट आवश्यकताओं (जिनकी पूर्ति अपेक्षित है) का वैज्ञानिक अध्ययन और मापन।

need response pattern — आवश्यकतामूलक अनुक्रिया प्रतिमान

व्यक्ति की आवश्यकताजन्य व्यवहार शैली। इसके अनुसार व्यक्ति की अनुक्रियाएं उसकी मूलभूत आवश्यकताओं के कारण विकसित होती है और वे व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी होती है।

negativism — नकारवृत्ति

दूसरों के सुझावों का विरोध करने अथवा बताये गये काम को न करने की प्रवृत्ति। इस विकार से ग्रस्त व्यक्तियों के मुह से प्रारंभ में प्रत्येक बात पर 'नही' शब्द निकलता है यद्यपि इसके तत्काल बाद उन्हें यह अनुभव होता है कि उन्हें 'हा' कहना चाहिए था।

negotiator — समझौताकार, संवार्ताकार

दोनों पक्षों की ओर से संवार्ता करने वाला व्यक्ति अथवा समूह।

neighbourhood — प्रतिवेश

किसी सीमित क्षेत्र में रहने वाला समुदाय जिसके सदस्यो में उत्कृष्ट प्रकार का वैयक्तिक तथा प्रत्यक्ष संबंध होता है।

neighbourhood council — प्रतिवेश परिषद्

किसी समुदाय के लोगों का संगठन जिसमे समुदाय तथा सदस्यों की व्यक्तिगत तथा सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति एवं सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए कार्य किया जाता है। ये संगठन औद्योगिकरण और शहरीकरण की प्रक्रिया में श्रमिक बस्तियों तथा निम्नवर्गीय जन समुदायों को सामान्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए बनते है और महानगरों में आज भी ऐसे संगठन बन रहे हैं।

neighbourhood group प्रतिवेशी समूह, प्रतिवेश-समूह

पास-पड़ोस में रहने वाले लोगों का अनौपचारिक समूह ।

neurosis तंत्रिकाताप

आवेगिक दबावों, दोषपूर्ण समायोजनों, कुंठाओं और अंतर्द्वन्द्वों से उत्पन्न मृदु कार्यात्मक मनोविकार जिसमें व्यक्ति के सामाजिक संबंध असंगत हो जाते हैं किंतु उसके व्यक्तित्व में गंभीर विघटन नहीं होता । इन लक्षणों का उपचार विभिन्न मनोवैज्ञानिक प्रविधियों द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया जा सकता है।

neurotic delinquent तंत्रिकातापी अपचारी

तंत्रिकीय विक्षिप्ति से ग्रस्त वे अपचारी जो कुछ विशेष प्रकार के कार्य करने के लिए संवेगात्मक रूप से बाध्य होते हैं, जैसे आवश्यकता न होने पर भी वस्तुओं को चुराना या 'आग लगाना' ।

night shift रात्रि-पारी, रात की पारी

कर्मशालाओं व प्रतिष्ठानों में कार्य की वह पारी जिसका अधिकांश भाग रात्रि के समय होता है ।

night-shift premium रात्रिपारी अधिवेतन

रात की पारी में काम करने वाले कर्मचारियों को देय अधिक वेतन।

nihilistic delusion शून्यता भ्रमासक्ति

भ्रमासक्ति का एक प्रकार जिसमें व्यक्ति को यह मिथ्या विश्वास हो जाता है कि किसी भी वस्तु का अस्तित्व नहीं है। उसे ऐसा अनुभव होता है कि वह 'छायाओं की दुनिया' में रह रहा है अथवा उसकी मृत्यु बहुत पहले ही हो चुकी है और अब उसकी प्रेतात्मा ही विचरण कर रही है ।

nominal hours निर्दिष्ट घंटे, नियत घंटे

किसी उद्योग अथवा प्रतिष्ठान में कार्य के निर्धारित घंटे ।

nominal wage नकद मजदूरी, नकद वेतन

वह धनराशि जिसे कर्मचारी अपने श्रम के बदले में प्राप्त करता है।

non-directive therapy अनिदेशात्मक चिकित्सा

इस सिद्धान्त पर आधारित चिकित्सा प्रणाली कि मनश्चिकित्सा का उद्देश्य रोगी को अपनी समस्याओं का हल ढूंढने के लिए उसकी सोई हुई मानसिक शक्तियों को जागृत करने में उसकी सहायता करना है ।

non-financial incentive — **अवित्तीय प्रोत्साहन, अवित्तीय प्रेरणा**

कर्मचारियों को उनके अधिक उत्पादन या कुशल कार्यसम्पादन के लिए पुरस्कारस्वरूप नकद धन न देकर अतिरिक्त सुविधा, साधन या सम्मान प्रदान करना, जैसे प्रशस्ति पत्र या उपाधि देना या परिभ्रमण, अच्छे मकान आदि की सुविधा देना ।

norm — **मानक, प्रतिमान**

1. किसी समूह विशेष के सामान्य निष्पादन से सबंधित मूल्यों का परास या कोई मूल्य; केन्द्रीय प्रवृत्ति का कोई भी माप ।

2. गुण, आकार, रूप या कार्य में सामान्य होना ।

normality — **सामान्यता**

1. किसी मान्य मानक के अनुसार होना या काम करना ।

2. स्वस्थ और द्वन्द्वों से मुक्त होना ।

nostalgia — **गृहातुरता**

अपने घर और स्वजनों की याद में अत्यधिक उदास हो जाने पर व्यक्ति के व्यवहार का अवसामान्य हो जाना ।

no strike clause — **हड़ताल निषेध धारा**

कतिपय सामूहिक समझौतों में एक अतिरिक्त धारा की व्यवस्था, जिसके अनुसार मालिकों द्वारा श्रमिकों की शर्तें स्वीकार कर लेने की स्थिति में वे हड़ताल न करने के लिए बाध्य होते हैं ।

nymphomania — **नारी कामोन्माद**

स्त्रियों में कामेच्छा की विकृत प्रबलता ।

O

objective relationship — **वस्तुनिष्ठ संबंध**

कार्यकर्ता द्वारा स्थिति से संवेगात्मक रूप से असम्पृक्त रह कर और अपनी पूर्वधारणाओं और अभिनतियों आदि से मुक्त होकर सेवार्थी से संबंध स्थापित करने की वह प्रक्रिया जो न केवल सेवार्थी की समस्या के समाधान में, बल्कि स्वयं कार्यकर्ता के वृत्तिक-आत्म के विकास में सहायक होती है ।

objectivity — **वस्तुनिष्ठता**

पूर्वग्रहों, संवेगों, अभिनतियों एवं पूर्वधारणाओं से मुक्त होकर घटनाओं एवं तथ्यों को उनके वास्तविक परिप्रेक्ष्य में देखने और तदनुसार कार्य करने की क्षमता ।

observation — प्रेक्षण

व्यावहारिक या सैद्धांतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए घटनाओं का सावधानीपूर्वक सूक्ष्म निरीक्षण करना ।

obsession — मनोग्रस्ति

मानसिक क्रिया की कोई भी अबौद्धिक, अनर्गल, अवास्तविक और अनियंत्रित अवस्था जिसमें व्यक्ति के मन में कोई परेशान करने वाली निर्मूल दुश्चिंता या भयमूलक विचार लगातार मौजूद रहता है ।

occupational disease — व्यवसायजनित रोग

औद्योगिक प्रतिष्ठान में कार्य करने या कार्य विशेष अथवा सम्पूर्ण औद्योगिक प्रतिष्ठान की कार्य स्थिति से उत्पन्न बीमारी ।

occupational hierarchy — व्यावसायिक अधिक्रम

किसी समाज में विभिन्न व्यवसायों के सापेक्ष महत्व का निर्धारण । प्रत्येक समाज में व्यवसायों को कार्य संबंधी सामाजिक मूल्यों के संदर्भ में न्यूनाधिक महत्व दिया जाता है परन्तु आधुनिक कर्मनिष्ठ जनतांत्रिक समाजवादी व्यवस्था में कृषकों का महत्व अधिक है ।

occupational injury — व्यवसायजनित क्षति

औद्योगिक दुर्घटनाओं या यंत्रों के संपर्क में आने से श्रमिकों को लगने वाली चोट ।

occupational level — व्यावसायिक स्तर

किसी कार्य संपादन के लिए अपेक्षित दक्षता अथवा तत्संबंधी क्रियाओं को ध्यान में रख कर श्रेणी निर्धारण, जैसे कुशल, अर्ध-कुशल या अकुशल स्तर का कार्य ।

occupational mobility — व्यावसायिक गतिशीलता

श्रमिक या कर्मचारी का अपने व्यावसायिक स्तर से उच्च स्तर के कार्य के लिए स्थान परिवर्तन । यह स्थान परिवर्तन एक ही व्यवसाय प्रतिष्ठान में हो सकता है या किसी दूसरे प्रतिष्ठान में । इस प्रकार स्थानान्तरण का मुख्य संबंध कार्मिक के कार्य-कौशल से भी होता है ।

occupational shift — व्यावसायिक विचलन

उद्योगों में मशीनीकरण, व्यावसायिक अभिरुचि में परिवर्तन, कार्य-रुचि में कमी या वृद्धि आदि के कारण श्रमिक द्वारा व्यवसाय-परिवर्तन ।

occupational stratification — व्यावसायिक स्तरीकरण

जनसंख्या का व्यवसाय या कार्य के आधार पर वर्गीकरण ।

occupational structure — व्यावसायिक संरचना

किसी विशेष अर्थतंत्र, उद्योग अथवा संयंत्र में काम कर रहे समस्त व्यक्तियों को सर्वोच्च श्रमकोटि देकर निम्नतम श्रम-कोटि के अंतर्गत स्थानानुसार श्रेणी या संहिताबद्ध करना ।

occupational survey — व्यवसायगत सर्वेक्षण

किसी क्षेत्र अथवा समुदाय का व्यावसायिक अध्ययन । इसमें लोगों के कौशल, शिक्षा, आयु, स्वास्थ्य, पदोन्नति से संबंधित आकांक्षाओं, व्यावसायिक प्राथमिकताओं आदि का अध्ययन किया जाता है ।

occupational therapy — व्यावसायिक चिकित्सा

रुग्ण एवं (शारीरिक एवं मानसिक) बाधाग्रस्त व्यक्तियों को किसी उत्पादक कार्य में लगाकर उनका उपचार करने की एक विशिष्ट विधि । इस विधि का दुर्घटनाग्रस्त कार्मिकों अथवा अन्य कर्मचारियों के पुनर्वास में विशेष महत्व है ।

occupationology — व्यावसायिकी, व्यवसायविद्या

धंधों अथवा व्यवसायों का अध्ययन ।

off shift — इतर पारी

जिन उद्योगों में दो या तीन पारियों में नियमित रूप से कार्य होता हो उनमें एक और अतिरिक्त पारी की व्यवस्था । इसे विशेष पारी या अंशकालिक पारी भी कहा जा सकता है ।

off shift premium — इतरपारी अधिवेतन

निर्धारित पारी के अतिरिक्त कार्य करने वाले मजदूरों की मजदूरी दरों में की जाने वाली वृद्धि ।

one man strike — एक-जन हड़ताल

नियोजक द्वारा किसी एक कर्मचारी के विरुद्ध की गई अनुचित कार्यवाही के विरोध में की जाने वाली हड़ताल जिसका मुख्य अभिप्राय न केवल उस व्यक्ति के हितों की रक्षा करना होता है बल्कि समस्त कर्मचारी वर्ग उस व्यक्ति के प्रति की गई अनुचित कार्यवाही के प्रति रोष प्रकट करते हैं ।

on the job training — अंतःकार्य प्रशिक्षण

कार्यरत कर्मचारी को कार्य संपादन प्रक्रिया में ही निरीक्षक अथवा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिया जाने वाला शिक्षण व अनुदेश ।

open door policy — मुक्त द्वार नीति

सामाजिक संस्थाओं की यह नीति कि जो व्यक्ति या समूह उनके मामलों के अनुकूल कार्य करते हैं वे संस्था के कार्यों में भाग ले सकते हैं या सेवाओं से लाभान्वित हो सकते हैं ।

open group — विवृत समूह

ऐसा समूह जिसकी सदस्यता उसमें रुचि रखने वाला कोई भी व्यक्ति प्राप्त कर सकता है ।

open shop — संघमुक्त प्रतिष्ठान

ऐसा प्रतिष्ठान जिसमें किसी भी श्रमिक संघ के सदस्य कार्य पा सकते हैं और उन्हें समान अधिकार प्राप्त होते हैं ।

oral period — मौखिक काल

बालकों में जन्म से लेकर 18 माह तक की अवस्था जिसमें उन्हें चूसने और काटने से आनन्द मिलता है ।

organizational picketing — संगठनात्मक धरना

मजदूर संघ द्वारा नियोजकों से सामूहिक सौदाकारी के लिये अपना पक्ष मनवाने के लिये धरना देना ।

organization chart — संगठन चार्ट, व्यवस्था चार्ट

किसी संस्था, संगठन अथवा प्रतिष्ठान में प्राधिकार, उत्तरदायित्व, संचार, निदेशन, नियंत्रण तथा समन्वय को दर्शाने वाला लेखा चित्र ।

organized crime — संगठित अपराध

ऐसे अपराध जिनके करने में दो या दो से अधिक व्यक्ति टोली के रूप में सहयोगपूर्वक कार्य करते हैं । ऐसे संगठन छोटे-छोटे अनौपचारिक समूह हो सकते हैं या बड़े-बड़े संगठन ।

organized group — संगठित समूह

अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से संगठित कोई सामाजिक समूह जिसके प्रत्येक सदस्य व्यक्तिगत रूप से अथवा उपसमूहों में विभक्त होकर समूह के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये निष्ठापूर्वक कार्य करते हैं ।

orientation — **अभिविन्यास**

कर्मचारियों को कार्य प्रतिष्ठान, कार्य व्यवस्था, नियम, सहयोगियों की स्थिति आदि का ज्ञान कराना। ऐसे प्रशिक्षण की आवश्यकता कम्पनी में नये श्रमिकों के आने या पुराने श्रमिकों को परिवर्तित नीतियों एवं परिस्थितियों का ज्ञान कराने के लिये होती है।

orphanage — **अनाथालय**

वह संस्था जहां अनाथों की देखभाल की जाए। ऐसी संस्थाओं में उन बच्चों को भी रखा जाता है जिनका घरबार न हो।

orthopsychiatry — **ऋजु मनोरोगविज्ञान, आर्थोमनोरोगविज्ञान**

मनोरोगविज्ञान की एक शाखा जिसमें मनोविकारों का उपचार आरंभ में ही करके उनकी रोकथाम करने पर जोर दिया जाता है।

other group — **इतर समूह**

वयं-समूह तथा अंतःसमूह से भिन्न कोई समूह। वयं अथवा अंतःसमूहों के सदस्य न समझे जाने वाले व्यक्ति इतर-समूह के सदस्य माने जाते हैं।

outdoor relief — **बहिरशाला सहायता**

सामाजिक और आर्थिक समस्याओं से ग्रस्त व्यक्तियों एवं परिवारों को उनके अपने घरों में दी जाने वाली सहायता।

outgroup — **बहिःसमूह, बाह्य समूह**

किसी अंतः समूह की परिधि के बाहर के लोग अथवा एक ऐसा विशिष्ट समूह जिसे किसी अंतः समूह के सदस्य पराया या 'वह' समूह कह कर संबोधित करते हैं। दोनों वर्गों के लोगों के बीच भेद, दूरी और प्रायः पारस्परिक विरोध भी होती है।

outlaw strike — **विधि विरोधी हड़ताल**

वह हड़ताल या कार्यबंदी जो विधिसम्मत न हो या जो मजदूर संघ से अनुमति लिये बिना ही कुछ मजदूर प्रतिनिधियों द्वारा करवा दी गई हो।

out patient clinic — **बाह्यरोगी चिकित्साशाला**

वह स्थान जहां रोगियों को चिकित्सा-सेवा बिना अस्पताल प्रवेश के दी जाती है और वे चिकित्सा-उपचार के बाद अपने आवास पर जाकर स्वास्थ्य लाभ कर सकते हैं।

out worker — बाह्य कामगार

1. ऐसे कामगार जो कारखानों, दुकानों अथवा अन्य कार्य-स्थलों पर बनाई गई वस्तुओं को ठीक-ठाक करने अथवा पुर्जे आदि जोड़ने के कार्य को अपने घर पर लाकर करते हैं या जो कच्चा माल ले जाकर तैयार माल अपने घर में बनाते हैं।

2. कारखाने, दुकान आदि पर नियुक्त वे कर्मचारी जो लोगों के घरों पर जाकर मरम्मत का कार्य करते हैं, जैसे टेलीविजन, रेडियो, लिफ्ट-मिस्त्री आदि।

overcompensation — अतिप्रतिपूर्ति

किसी क्षति, त्रुटि या हीनभावना को दूर करने के लिए अपेक्षित प्रयास से अधिक चेष्टा करना।

over-indulgence — अत्यासक्ति

पारिवारिक अनुशासन का वह प्रकार जिसमें माता-पिता या अभिभावक अपने बच्चे के प्रति अत्यधिक उदार होते हैं। वे उसके बुरे कार्यों या अवांछित व्यवहार के प्रति न तो अपनी अप्रसन्नता व्यक्त करते हैं और न किसी प्रकार का दण्ड देते हैं अपितु उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करते रहते हैं।

overt behaviour — प्रकट व्यवहार

प्रेक्षण द्वारा सरलता से देखा जा सकने वाला कार्य; कोई भी दृश्य, श्रव्य या मूर्त या स्पर्शनीय पेशीय या ग्रंथीय क्रिया।

overtime pay — समयोपरि वेतन, समय अतिरिक्त वेतन

वह वेतन या मजदूरी जिसे व्यक्ति अपने नियत काम के घंटों के अतिरिक्त समय में काम करके कमाता है।

P

parental behaviour — पैतृक व्यवहार

शिशुओं की देखभाल और पोषण तथा उनकी रक्षा करने की जन्मजात प्रवृत्ति।

parental rejection — पितृ-अस्वीकारण

माता-पिता द्वारा शिशु को अनावश्यक समझना अथवा उसका तिरस्कार करना।

parole — परोल

न्यायालय द्वारा दंडित और सुधार गृहों में रखे गये व्यक्तियों की सशर्त रिहाई। इसके अन्तर्गत अपनी दंडावधि की कुछ अवधि समाप्त कर लेने पर व्यक्तियों

को इस शर्त पर छोड़ दिया जाता है कि वे आगे भी अच्छा व्यवहार करेंगे। इसके विपरीत आचरण करने पर उन्हें पुनः दंडित किया जा सकता है।

parole contract — **परोल संविदा**

परोल के अधीन मुक्त किये गये व्यक्तियों के लिए अनिवार्य रूप से पालनीय एक शर्तनामा।

parolee — **परोली**

न्यायालय द्वारा दंडित तथा सुधार गृहों में रखे गये वे अपराधी जिन्हें इस शर्त पर रिहा कर दिया जाता है कि वे भविष्य में अच्छा व्यवहार करेंगे।

partial strike — **आंशिक हड़ताल**

किसी उद्योग या संयंत्र में काम करने वाले कर्मचारियों में से कुछ कर्मचारियों द्वारा हड़ताल। यह हड़ताल विधि सम्मत नहीं होती और इससे उत्पादन का एक अंश ही प्रभावित होता है।

participant observation — **सहभागी प्रेक्षण**

वैज्ञानिक अन्वेषण की एक विधि जिसके माध्यम से शोधकर्ता सामाजिक प्रक्रियाओं में स्वयं भाग लेकर गतिविधियों, घटनाओं और अन्योन्य क्रियाओं आदि का निरीक्षण एवं विश्लेषण करता है और सामाजिक प्रक्रिया में सम्मिलित अन्य लोगों के अनुभवों से सहमत होकर भी भावनात्मक रूप से असपृक्त रहता है।

passive-aggressive personality — **निष्क्रिय आक्रामक व्यक्तित्व**

पराश्रयता, असहायावस्था, अनिर्णयात्मकता एवं दूसरों से जुड़े रहने की आवश्यकता अनुभव करने वाला व्यक्ति। इस प्रकार के व्यक्ति जिद्दी तथा बाधा उत्पन्न करने वाले होते हैं।

pathogenic family patterns — **विकृतिजनक पारिवारिक प्रतिमान, रोगजनक परिवार ढांचा**

परिवार की संरचना तथा मूल्यों और व्यवहार के वे स्वरूप जो मानसिक अथवा सामाजिक स्वास्थ्य के लिये हानिकारक हों या व्यक्ति के चरित्र व व्यवहारगत दोषों को प्रोत्साहित करते हों।

pattern bargaining — **प्रतिरूप सौदाकारी**

एक प्रकार की सामूहिक सौदाकारी जिसमें मजदूर संघ अन्यत्र किये गये किसी समझौते को अपने लिए लाभदायक समझ कर नमूने के रूप में स्वीकार कर लेते हैं और उसका उपयोग अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिये करते हैं।

pauperism कंगाली

आर्थिक आश्रितता की वह स्थिति जब कोई व्यक्ति अथवा समूह अपने जीवन-यापन के लिए सामाजिक प्रतिमानों द्वारा अमान्य साधनों का उपयोग करता है।

penalty rate कठिन-कार्य दर

वेतन अथवा मजदूरी की वह ऊंची दर जो समयोपरि, रविवार, छुट्टियों अथवा अरुचिकर या खतरनाक कार्यों के लिये दी जाती है।

penitentiary सुधारागार, परिताप कक्ष

सुधारागार के लिए प्रयुक्त एक प्राचीन नाम जहां अपराधियों को दंडित करने के स्थान पर सुधारने में विश्वास किया जाता था।

peno-correctional treatment दण्ड-सुधार उपचार

दण्ड तथा सुधार संस्थाओं जैसे कारावास, बालसुधार गृह, रिफार्मेटरी स्कूल आदि में रख कर अपचारी अथवा समाज विकृत व्यक्ति का सुधार करना।

penology दण्डविज्ञान, दण्डशास्त्र

व्यावहारिक समाजशास्त्र की वह शाखा जिसका संबंध समाज विरोधी व्यवहार करने वाले व्यक्तियों की सामाजिक प्रक्रिया, उनके दण्ड सुधार, पुनर्वास एवं तत्संबंधी संस्थाओं के संगठन, प्रशासन तथा अपराध के निरोध में है।

performance appraisal निष्पादन मूल्यांकन

कर्मचारी के वेतन में वृद्धि, पदोन्नति, स्थानान्तरण और प्रशिक्षण आदि पर निर्णय करने से पूर्व उसके निष्पादन अथवा दक्षता का मूल्यांकन करना।

performance wage निष्पादन वेतन

कौन कितना और कैसा काम करता है इस आधार पर उसका वेतन या पारिश्रमिक तय करना या उसमें वृद्धि करना।

permanent disability स्थायी अपंगता, स्थायी अशक्यता

आघात अथवा दुर्घटना के परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाली पूर्ण या आंशिक शारीरिक अपंगता जिसके कारण व्यक्ति अपने कार्य को सामान्य ढंग से कर सकने में असमर्थ हो गया हो।

permanent partial disability — स्थायी आंशिक अपंगता, स्थायी आंशिक अशक्यता

शरीर के किसी एक अंग जैसे एक आंख, हाथ अथवा पैर का किसी क्षति या दुर्घटना के कारण स्थायी तौर पर बेकार हो जाना या किसी विशेष बीमारी के कारण कर्मचारी का अपने कार्य को सामान्य ढग से करने में असमर्थ हो जाना।

permanent total disability — स्थायी पूर्ण अपंगता, स्थायी पूर्ण अशक्यता

किसी क्षति या औद्योगिक दुर्घटना के परिणामस्वरूप कर्मचारी की दोनों आंखों, हाथ या पैरों या एक हाथ और पैर अथवा लकवे के कारण दोनों हाथ या पैरों का स्थायी तौर पर बेकार हो जाना जिससे वह अपने कार्य को सामान्य ढंग से करने में बिल्कुल ही असमर्थ हो जाये।

personal data sheet — वैयक्तिक विवरण पत्रक

किसी व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी पाने के लिए तैयार की गई प्रश्नावली।

personality — व्यक्तित्व

व्यक्ति के समग्र व्यवहार एव विचार की विशिष्टताओं को निर्धारित करने वाला उसका मन : शारीरिक संगठन। इसके अन्तर्गत बुद्धि, स्वभाव, कुशलता, नैतिकता एवं मनोवृत्तिया आदि आती हैं।

personality disorder — व्यक्तित्व विकार

अ—व्यवहार संबंधी ऐसे दोष जो मुख्यत : व्यक्ति के अभिप्रेरणात्मक और सामाजिक कुसमायोजन में प्रकट होते हैं पर सार्वेगिक या बौद्धिक क्षेत्र में नहीं।

ब—व्यक्तित्व संरचना का विकृत विकास जिसमें दुश्चिंता या तो बिल्कुल नही होती या बहुत कम होती है और मनस्ताप या तंत्रिकाताप बिल्कुल नही होते।

personality disorganization — व्यक्तित्व विघटन

अभिप्रेरकों और अन्य गत्यात्मक प्रवृत्तियों का परस्पर विच्छिन्न होकर असंतुलन और असमंजन की ऐसी दशा उत्पन्न करना कि व्यक्ति की सारी प्रवृत्तियां परस्पर विरोधी दिशा में क्रियाशील होने लगें और आंतरिक संघर्ष की विषम स्थिति आ जाए।

personality inventory — व्यक्तित्व सूची

ऐसी जांच सूची जिसे कोई व्यक्ति स्वयं भरता है। इस सूची में व्यक्तिगत विशेषताओं से संबंधित कुछ अभिकथन होते हैं और व्यक्ति को यह भरना पड़ता है कि उनमें से कौन से उस पर लागू होते हैं और कौन से नहीं, या ऐसे प्रश्न होते हैं जिनका जवाब 'हां', 'ना', या 'संदिग्ध' कहकर देना पड़ता है।

personality reorganization — व्यक्तित्व पुनर्गठन

व्यक्ति के मूल्यों तथा क्रियाओं में मूलभूत परिवर्तन होना।

personality style — व्यक्तित्व शैली

कुछ विशिष्ट प्रेरक-पेशीय या गति संबंधी अनुक्रियाएं करने की सामान्यीकृत प्रवृत्ति या प्रवणता।

personality trait — व्यक्तित्व विशेषक

व्यक्ति की संवेगात्मक तथा सामाजिक व्यवहार संबंधी चिरस्थायी प्रवृत्ति या विशेषता जो उसके व्यवहार की समरूपता में परिलक्षित होती है।

personality type — व्यक्तित्व प्ररूप

व्यक्ति के व्यवहार की विशिष्ट प्रवृत्तियों और उसके व्यवहार के सामान्य तौर-तरीकों के आधार पर उसका उपयुक्त वर्गीकरण। यह एक प्रकार का औसत होता है क्योंकि किसी समूह के अधिकाश सदस्यों की सर्वनिष्ठ विशेषताओं के आधार पर ही किसी व्यक्ति को किसी वर्ग या समूह का प्ररूप माना जाता है।

personnel management — कार्मिक प्रबंध

किसी सामाजिक अभिकरण या उद्योग प्रतिष्ठान के प्रबंध तंत्र का वह अंग या भाग जिसका सम्बंध कर्मचारियों या कार्मिकों के सेवायोजन, उत्पादन वृद्धि तथा कल्याण-कार्य को उन्नत बनाकर प्रशासन के मानवीय पक्ष को सुदृढ़ बनाता है। कार्मिक प्रशासन की मुख्य क्रियाएं कर्मचारी प्रतिचयन, नियुक्ति, प्रशिक्षण, कार्य आवंटन, पदोन्नति, स्थानान्तरण, अवकाश, सेवानिवृत्ति, वेतन तथा अन्य आर्थिक लाभ आदि हैं।

personology — व्यक्तित्व-अध्ययन

(1) व्यक्तित्व को मनोविज्ञान की एक अलग शाखा मानकर उसका अध्ययन।

(2) समस्त मनोवैज्ञानिक घटनाओं का व्यक्तित्व के चरों के संदर्भ में अध्ययन या व्यक्ति से संबंधित घटनाओं का व्यवस्थित अध्ययन।

perversity **विपर्यस्तता**

समाज द्वारा गर्हित और निंदित आचरण; विशेषकर, काम संबंधों के क्षेत्र में।

philanthropy **परोपकार, मानवप्रेम**

लोगों की भलाई की भावना से प्रेरित होकर किया गया कल्याण-कार्य।

phobia **दुर्भीति**

किसी भी वस्तु का स्थायी, तीव्र, अदम्य, अयुक्तियुक्त और निर्मूल भय जो तंत्रिकाताप का एक प्रमुख लक्षण है।

physiotherapy **भौतिकचिकित्सा**

औषधियों और शल्यक्रिया के अलावा अन्य भौतिक उपायों जैसे जल चिकित्सा वाष्प या ऊष्मा चिकित्सा और मर्दन आदि के द्वारा रोगोपचार की पद्धति।

physique **शरीरगठन**

व्यक्ति के सामान्य संरचनात्मक संगठन का द्योतक एक अनिश्चित शब्द।

picketing **धरना देना**

विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर एक या अनेक व्यक्तियों या कर्मचारियों द्वारा किसी संस्था या प्रतिष्ठान के सामने अहिंसात्मक ढंग से विरोध के प्रदर्शन के लिए बैठ जाना। धरना देने वाले अपने मत का प्रचार करते हैं और अन्य लोगों से अनुसरण करने का आग्रह करते हैं।

piece rate **उजरती दर, कार्य इकाई दर**

वेतन भुगतान की वह पद्धति जिसमें उत्पादन की इकाई के लिये देय मजदूरी निश्चित होती है और कार्मिक को भुगतान उसके कार्य की मात्रा के अनुसार किया जाता है।

planned family **नियोजित परिवार**

ऐसा परिवार जिसमें बच्चों की संख्या व जन्मान्तराल पारिवारिक साधनों और आवश्यकताओं तथा राष्ट्रीय नीति के अनुरूप हो।

planned parenthood **नियोजित पितृत्व**

माता-पिता द्वारा पारिवारिक साधनों एवं आवश्यकताओं के अनुसार बच्चों के जन्म पर नियंत्रण रखना और उनकी शारीरिक, सामाजिक एवं संवेगात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति करना जिससे उनमें निहित योग्यताओं का अधिकतम विकास हो सके।

play group — क्रीड़ा समूह, क्रीड़ा टोली

बच्चों का ऐसा समूह जिसके सदस्य परस्पर सहयोग भाव से खेल में भाग लेते हैं।

potentiality — विभवता, शक्यता, शक्ति

व्यक्ति या प्राणी की वे विशेषताएं जो किसी नियत समय पर उसमें विद्यमान या प्रकट नहीं होती किन्तु कालांतर में विकसित या प्रकट हो सकती हैं।

precipitating factor — अवक्षेपक कारक

किसी व्यवहार दोष, रोग, घटना या स्थिति परिवर्तन से संबंधित वह विशेष कारक जिसके प्रभाव से उक्त घटना या दोष शीघ्र परिलक्षित होता है यद्यपि उक्त परिवर्तन में अन्य कारक भी योगदान देते हैं।

predisposing factor — पूर्वयोगी कारक, पूर्वप्रवृत्तिक कारक

मानसिक विकार उत्पन्न करने वाली स्थितियों को प्रोत्साहित करने वाले कारक, जैसे पति-पत्नी में विवाद, प्रेम में निराशा, माता-पिता द्वारा अतिरक्षण।

pre-gang age — प्राक्टोली आयु

दो वर्ष से लेकर छह वर्ष तक सामाजिक विकास की वह अवस्था जिसमें बालक सामान्यतः अन्य व्यक्तियों, विशेषतः समवयस्कों के साथ व्यवहार करना और सामाजिक सम्पर्क बनाना सीख रहा होता है।

pre-group situation — प्राक्-समूह स्थिति

समूह-निर्माण या समूह-संगठन की वह प्रारम्भिक स्थिति जब सदस्यों में उत्साह और सक्रियता का अभाव होता है तथा समूह के कार्यक्रम और लक्ष्य भी अस्पष्ट और अनिश्चित रहते हैं।

prejudice — पूर्वग्रह

(क) पर्याप्त प्रमाणों के अभाव में किसी के भी प्रति बनी ऐसी संवेगप्रधान अनुकूल या प्रतिकूल धारणा या विश्वास या पूर्वनिर्णय जिसे विरोधी साक्ष्य देने पर भी आसानी से नहीं बदला जा सकता।

(ख) एक प्रकार की अभिवृत्ति या स्थायी भाव जिसमें व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति या पदार्थ के बारे में अपने अनुकूल या प्रतिकूल पूर्वनिर्णय के अनुसार एक खास ढंग से सोचने, अनुभव करने और कार्य करने

prenatal influence — **प्रसवपूर्व प्रभाव**

जन्म के पूर्व बच्चे पर माता की शारीरिक व मानसिक स्थितियों का पड़ने वाला प्रभाव। मां के सावेगिक अनुभव उसकी मनोवृत्ति को बनाते हैं। यह मनोवृत्ति माता और शिशु के पारस्परिक संबंध को प्रभावित करती है। गर्भकाल के सुखद अनुभव जन्मोपरान्त बच्चे को सुख एव सुरक्षा प्रदान करते हैं और बच्चा संसार में अपने अस्तित्व के महत्व का बोध करता है।

prestige suggestion — **प्रतिष्ठा संसूचन**

किसी प्रतिष्ठित और विश्वसनीय व्यक्ति की ओर से दिये गए सुझाव, अभिमत, प्रोत्साहन या आदेश जिन्हें अपेक्षाकृत तत्परतापूर्वक स्वीकार कर लिया जाता है और उनका अनुपालन भी किया जाता है।

preventive case work — **निवारक केस-कार्य, निरोधक केस-कार्य**

व्यक्तियों, परिवारों तथा अभिभावकों को प्रशिक्षित सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा दी जाने वाली वे परामर्श सेवाएं जिनका उद्देश्य सेवार्थियों को समस्याग्रस्त होने से बचाना एवं समस्याओं का स्वत. हल करने के योग्य बनाना है।

preventive treatment — **निरोधक उपचार**

उन शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्थितियों का उन्मूलन करना जिनसे व्यक्ति अस्वस्थ होता है तथा उन विधायी स्थितियों का सृजन करना जिनसे व्यक्ति स्वस्थ होता है, जैसे टीका लगाना, दवाओं का छिड़काव करना, जल-प्रदूषण को रोकना तथा स्वास्थ्य-शिक्षा और पोषक-आहार की व्यवस्था करना आदि।

primary conflict — **प्राथमिक द्वंद्व**

एक प्राथमिक समूह का दूसरे प्राथमिक समूह से अथवा एक ही प्राथमिक समूह के सदस्यों के बीच उत्पन्न होने वाला पारस्परिक द्वंद्व।

primary employment — **मुख्य रोजगार, प्राथमिक रोजगार**

(1) जब व्यक्ति एक ही साथ कई प्रकार के काम धंधों में लगा हो तो उसका वह व्यवसाय जिसमे वह नियमित रूप से पूरे समय कार्य करता हो।

(2) वे उद्योग अथवा पेशे जो प्राथमिक या मूलभूत व्यवसाय की कोटि में आते हैं, जैसे कृषि, उत्खनन, लकड़ी काटना या मछली पकड़ना आदि।

primary setting — **मूल परिवेश**

समाज-कार्य के वे क्षेत्र जिनमे सामाजिक कार्यकर्ता ही मुख्य रूप से सेवाएं प्रदान करने का उत्तरदायित्व निभाता है। परिवार एवं बाल-कल्याण संस्थाएं इसका उदाहरण हैं।

prison community — **कारागार समुदाय**

कारागार में रखे गये वयस्क अपराधियों की सामाजिक संरचना, सामाजिक संबंध और सामाजिक प्रतिक्रियाएं।

prisoner classification — **बंदी वर्गीकरण**

बंदियों की वैयक्तिक और सामाजिक पृष्ठभूमि का अध्ययन करके उन्हें उनकी अभिवृत्तियों और आवश्यकताओं के अनुसार कारागार में उपयुक्त श्रेणी में रखना ताकि उनकी विशेष आवश्यकताओं की पूर्ति हो और उनका सुधार हो सके।

prison labour (=convict labour) — **1. बंदी श्रम, कारागार श्रम 2. बंदी श्रमिक, कारागार श्रमिक**

कारागार मे कैदियो से उत्पादन कार्य करवाना ताकि कैदियों में मानसिक और शारीरिक अनुशासन की भावना उत्पन्न हो और वह अपने और समाज के उपयोग के लिये आवश्यक वस्तुओं का उत्पादन करे। कभी-कभी उनके इस कार्य के लिए पारिश्रमिक भी मिलता है।

prison psychosis — **कारा मनस्ताप**

कारागार में दीर्घकाल तक रहने वाले बन्दियों मे कठोर अनुशासन के कारण उदासीनता, कुंठा, विद्रोहवृत्ति तथा उग्रता पैदा होना।

probation — **परिवीक्षा**

1. बालापचारियों तथा अपराधियों को सुधारने के लिए संस्था से अलग विशेष व्यवस्था। अपराध प्रमाणित हो जाने पर अभियुक्त को कारागार या सुधार संस्था में भेजने के स्थान पर उसे अच्छा आचरण करने और नियमपूर्वक कार्यरत रहने के प्रतिबंधों के साथ किसी विशेष अधिकारी या व्यक्ति की देखरेख में छोड़ दिया जाता है। यदि अभियुक्त इन प्रतिबंधो का उल्लंघन करता है तो उसे कारागार मे सजा भुगतने के लिए भेज दिया जाता है।

2. कार्मिक प्रबंध मे कर्मचारियों की नियुक्ति के संबंध में प्रचलित व्यवस्था। इसके अंतर्गत कुछ समय तक कर्मचारी की आजमाइश की जाती है और उस काल में उसके कार्य और व्यवहार के संतोषजनक रहने पर ही उसकी स्थायी नियुक्ति की जाती है।

probationer — **परिवीक्षार्थी**

1. ऐसा अभियुक्त जिसकी रिहाई परिवीक्षा नियम के अंतर्गत हुई थी।

2. वह व्यक्ति जिसकी अपने वर्तमान पद पर नियुक्ति या धारणाधिकार स्थायी न हुआ हो और उसके लिए वह परीक्षा काल में हो।

problem child — **समस्या बालक**

ऐसा बालक जिसका आचरण मानव-व्यवहार से इतना अधिक भिन्न हो कि सामान्य शैक्षणिक तरीके से उसका सुधार सम्भव न हो।

problem personality — **समस्याग्रस्त व्यक्तित्व**

वह व्यक्ति जिसके व्यक्तित्व के विभिन्न घटकों में साम्य न हो अथवा जो अपने पर्यावरण के साथ समायोजन न कर पाए जिसके फलस्वरूप उसका व्यवहार समाज के लिए कष्टप्रद हो और उसकी समस्या के निवारण और सुधार की आवश्यकता हो।

production worker — **उत्पादक श्रमिक, उत्पादक कामगार**

ऐसे श्रमिक जिसके कार्यों का परिणाम प्रत्यक्ष उत्पादन के रूप में सामने आता है, जैसे मशीनों के पुर्जे जोड़ने वाले श्रमिक, सूत कातने व कपड़ा बनाने वाले श्रमिक आदि।

profession — **वृत्ति, पेशा, व्यवसाय**

जीवन निर्वाह के लिए किया जाने वाला कोई भी उद्यम जिसके साथ पर्याप्त सामाजिक शक्ति तथा सामाजिक स्थिति जुड़ी होती है और जो काफी हद तक संस्थागत हो चुका होता है।

professional criminal — **वृत्तिक अपराधी, पेशेवर अपराधी**

अपराध कार्यों की पूर्ण जानकारी रखने वाले एवं इस कार्य में विशेष रूप से दक्ष व्यक्ति जो अपराध को एक नियमित व्यवसाय के रूप में करते हैं और जिनकी जीविका अपराधाश्रित होती है।

professional education — **वृत्तिक शिक्षा**

किसी सामाजिक व्यवसाय के सदस्यों को उस व्यवसाय से संबंधित दृष्टिकोण, ज्ञान, कौशल, आचरण-संहिता तथा अभिवृत्तियों को सिखाने तथा पुष्ट करने के लिए किया जाने वाला शैक्षणिक आयोजन।

professional occupation — **वृत्तिक व्यवसाय, वृत्तिक धंधा**

वे काम-धंधे जिनके सम्यक सम्पादन के लिये उच्च स्तर का मानसिक प्रयास, गहन शिक्षण और प्रशिक्षण एवं कभी-कभी लम्बी अवधि के अनुभव की आवश्यकता पड़ती है।

professional outlook **वृत्तिक दृष्टिकोण**

व्यक्ति, समाज एवं सामाजिक समस्याओं के प्रति सामाजिक कार्यकर्ता के वे विचार जो वृत्तिक प्रशिक्षण एवं कार्यानुभव के परिणामस्वरूप विकसित एवं पुष्ट होते हैं।

professional regard **वृत्तिक आदर भाव, वृत्तिक सम्मान**

सेवार्थी के मूल्यों, सिद्धान्तों, धार्मिक विश्वासों इत्यादि से सहमत या असहमत न होने पर भी उनके प्रति कार्यकर्ता द्वारा सम्मान की भावना रखना।

professional role **वृत्तिक भूमिका**

वृत्तिक एवं अभिकरण के मानकों तथा संस्था में अपनी विशिष्ट प्रस्थिति के अनुसार सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा किये जाने वाले कार्य।

profile analysis **परिच्छेदिका विश्लेषण**

व्यक्ति की विलक्षणताओं एवं विशेषकों के मूल्यांकन की एक वैज्ञानिक विधि।

prognosis **पूर्वानुमान, फलानुमान**

किसी समस्याग्रस्त व्यक्ति अथवा रोगी की वर्तमान स्थिति के ज्ञान के आधार पर उसके रोग और उपचार क्रिया के अनुक्रम तथा परिणामों का चिकित्सक द्वारा पहले से अनुमान करना।

programme development **कार्यक्रम विकास**

समूह की बदलती या बढ़ती हुई आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सदस्यों एवं अभिकरण की पारस्परिक सहमति एवं सहयोग से अभिकरण द्वारा प्रदत्त सेवाओं तथा समूह की गतिविधियों का संवर्धन और परिवर्धन।

progression schedule **वृद्धि अनुसूची**

स्वीकृत अथवा पूर्व निर्धारित अंतराल में कर्मचारी के पद और मजदूरी में स्वतः होने वाली वृद्धि की सूची।

progressive system **प्रगतिशील प्रणाली**

कैद की स्थिति में सुधार लाने की एक प्रणाली जिसके अन्तर्गत बंदी ज्यों-ज्यों अपने व्यवहार में सुधार लाता है, परिश्रम करता है और शिक्षा ग्रहण करने में रुचि दिखलाता है त्यों-त्यों उसकी असुविधापूर्ण तथा एकान्तवास की स्थिति में सुधार कर दिया जाता है।

progressive wage system — **प्रगतिशील मजदूरी पद्धति**

कर्मचारी द्वारा अधिक उत्पादन करने पर उसके वेतन मे वृद्धि करने की पद्धति ।

projection — **प्रक्षेप, प्रक्षेपण**

1. अपनी विशेषताओं, अनुभवों या अभिवृत्तियों आदि को अनजाने ही दूसरों पर आरोपित करना ।

2. अपनी कमियो, इच्छाओ आदि को जानबूझ कर दूसरों पर आरोपित करना और उसके लिए उन्हें दोषी ठहराना ।

promiscuity — **स्वैरिता**

विवाह से पहले और बाद मे यौन सम्बन्ध रखना तथा यौन अपचार करना ।

protective detention — **संरक्षात्मक निरोध**

विकारयुक्त या सुधार के अयोग्य अपराधियो को अधिकाधिक समय तक अभिरक्षण में रखने की नीति । इस अवधि में उन्हें अपने को सामान्य व्यक्ति सिद्ध करने का पर्याप्त अवसर दिया जाता है किन्तु जब वे वैसा नही कर पाते तब उनकी परोल पर छोड़े जाने की प्रार्थना को अस्वीकार करके उन्हें उसी स्थिति में रहने दिया जाता है जिसमें वे थे ।

protective labour legislation — **संरक्षात्मक श्रम-विधान**

ऐसा श्रम-विधान जिससे श्रमिकों की रक्षा सहकर्मियों या औद्योगिक तंत्रों द्वारा उत्पन्न होने वाले खतरों से अथवा उनके सामान्य हितों के लिए सुगमतापूर्वक की जा सके ।

psychiatric social worker — **मनश्चिकित्सकीय समाजकार्यकर्ता**

मनोरोग-विज्ञान में प्रशिक्षित समाज कार्यकर्ता जो मानसिक रोगी तथा रोगी के परिवार से संबंधित समस्याओ को मनश्चिकित्सक तथा नैदानिक मनोविज्ञानियो के सहयोग से सुलझाने का कार्य करता है ।

psychiatry — **मनोरोगविज्ञान**

मानसिक रोगों और दोषों तथा व्यक्तित्व की समस्याओ के निदान, उपचार और उनकी रोकथाम से संबंधित चिकित्सा विज्ञान की एक विशिष्ट शाखा ।

psychoanalysis **मनोविश्लेपण**

1. फ्रायड द्वारा प्रतिपादित चिकित्सा मनोविज्ञान का एक गत्यात्मक सम्प्रदाय जिसमे मनोविकारो की उत्पत्ति, विकास, व्याख्या और चिकित्सा मे अचेतन स्मृतियों, आवेगो और दमित शैशवीय कामुकता के महत्व पर विशेष वल दिया जाता है।

2. स्वतंत्र साहचर्य आदि उपायों द्वारा मानसिक विश्लेषण करके रोगी की मनश्चिकित्सा करने की एक विशेष प्रणाली।

psychodynamics **मनःगतिकी**

व्यनुकूलनात्मक या अपव्यनुकूलनात्मक व्यवहार मे निहित अभिप्रेरकों और संवेगों का अध्ययन।

एक शाखा जिसमे मानसिक प्रक्रियाओं के परिवर्तनो और विकास का अध्ययन किया जाता है।

psychogenetics **मनःआनुवंशिकी**

मनोविज्ञान की एक शाखा जिसमें व्यक्तित्व के विशेषकों और मानवीय व्यवहार के वंशागत आधार पर अध्ययन किया जाता है।

psychometrics **मनोमिति**

1. मानसिक या मनोवैज्ञानिक परीक्षण प्रणाली का अध्ययन।

2. मनोविज्ञान मे गणितीय पद्धतियों के अनुप्रयोग और विकास से संबद्ध अध्ययन की एक शाखा।

psychopath **मनोविकृत**

1. मानसिक और तंत्रिकीय या केवल मानसिक विकारो से ग्रस्त व्यक्ति।

2. व्यवहार, आचरण और चारित्रिक दोषों से युक्त विकृत व्यक्तित्व।

psychopathic offender **मनोविकृत दोषी**

अपराध कार्यों मे लगे वे व्यक्ति जो मानसिक विकारो से ग्रस्त अथवा मनोवैज्ञानिक दृष्टि से अपसामान्य होते हैं।

psychopathic personality **मनोविकृत व्यक्तित्व**

वह व्यक्ति जो समाज सम्मत आचरण करने में असमर्थ हो। इस प्रकार के व्यक्ति में निष्ठा तथा आचार-संहिता का अभाव पाया जाता है, व्यक्ति उचित-अनुचित का ध्यान दिये बिना आनन्दभाव से काम करता है और उसमें आवेगिक अस्थिरता होती है।

psychopathology — **मनोविकृति विज्ञान**

एक शाखा जिसमें अपसामान्य व्यवहार या विकृत मनोदशाओं के कारणों और स्वरूप का व्यवस्थित अध्ययन किया जाता है।

psychosis — **मनस्ताप**

उग्र मानसिक और सांवेगिक विकार या उग्र व्यक्तित्व-विकार जिसमें व्यक्ति समाज में अपना समायोजन नहीं कर पाता और उसका व्यवहार वास्तविकता से कट जाता है और वह विभिन्न भ्रमासक्तियों और विभ्रांतियों से ग्रस्त रहता है।

psychosomatic disorder — **मनःकायिक विकार**

मनोजन्य विकारों या लगातार सांवेगिक तनाव की स्थिति बनी रहने के कारण प्रकट होने वाली शारीरिक विकृतियां जिनसे ऊतकों की क्षति हो सकती है और जो संरचनात्मक कायिक परिवर्तनों के लिए हानिकार हो सकती है।

psychotherapy — **मनश्चिकित्सा**

किसी भी मनोवैज्ञानिक प्रविधि द्वारा व्यक्ति के विभिन्न मानसिक विकारों या कुसमायोजनों का उपचार करने की पद्धति जिसमें चेतन और सम्मोहावस्था में दिए गए संसूचन, पुनर्शिक्षण, अनुनय, मनोविश्लेषण और परामर्श आदि शामिल हैं।

psychotic delinquent — **मनस्तापी अपचारी**

ऐसा अपराधी जो गम्भीर रूप से मानसिक रोगी हो, उसके अपराध का कारण उसका मानसिक रोग हो या अपराध करने के बाद वह आत्मग्लानि या अन्य किसी कारण से मनोविक्षिप्त हो गया हो, या फिर कारावास के दण्ड के बाद मनोविक्षिप्त हो गया हो।

puberty — **यौवनारंभ**

जीवन के विकासक्रम की वह अवस्था जब प्रजनन अंग परिपक्व होकर अपना कार्य करना शुरु कर देते हैं और व्यक्ति में गौण लैंगिक लक्षण प्रकट होने लगते हैं।

public assistance — **1. सार्वजनिक सहयोग 2. राज्य-सहायता, सरकारी सहायता**

राज्य द्वारा कुछ आपदाओं, जैसे वृद्धावस्था, शारीरिक एवं मानसिक बाधाएं, बेरोजगारी तथा विपन्नता आदि से ग्रस्त व्यक्तियों को दी जाने वाली सहायता।

public relation — जन-संपर्क, लोक-संपर्क

किसी व्यक्ति, संगठन, व्यापारिक संस्थान अथवा सरकार द्वारा जन-समुदाय के उस वर्ग से सम्बन्ध स्थापित करना जिसकी अनुकूलता एवं सहयोग उसके कार्यों की सफलता के लिये आवश्यक होता है।

public welfare — जन-कल्याण, लोक-कल्याण

सामाजिक एवं आर्थिक संकटों में व्यक्तियों एवं परिवारों की रक्षा हेतु प्रदत्त वे राजकीय सेवाए जिनका अंतिम लक्ष्य आत्म-निर्भरता प्राप्त करने में लोगों की सहायता करना होता है।

purposivism — प्रयोजनवाद

ऐसी कोई भी मनोवैज्ञानिक विचारधारा जिसमें उद्दीपनों के अलावा प्रयोजन को भी किसी न किसी रूप में व्यवहार का प्रभावकारी निर्धारक माना जाता है।

Q

quality bonus — गुणानुसार बोनस

कर्मचारियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर उत्साह वर्धन के लिये देय बोनस।

quantity bonus — मात्रानुसार बोनस

निर्धारित मानक से अधिक कार्य करने पर कर्मचारियों को दिया जाने वाला बोनस।

quartile — चतुर्थक

वह बिंदु जिससे किसी क्रमपूर्वक विन्यस्त समूह को चार भागों में बांटा जाता है।

questionnaire — प्रश्नावली, प्रश्नमाला

तथ्य संकलन की एक विधि। अपेक्षित तथ्यों के संकलन के लिये प्रश्न-सूची बनाकर अन्वेषक की सहायता के बिना या उसके द्वारा उत्तरदाता से तथ्यों के बारे में पूछना।

R

ranking method — श्रेणीकरण प्रणाली

किसी उद्योग के विभिन्न धंधों की उस उद्योग के सभी धंधों से पारस्परिक तुलना करके उनका ऐसा मापन करना जिससे प्रत्येक धंधे को उच्चतम से लेकर निम्नतम तक के सातत्य में एक निश्चित कोटि दी जा सके।

rank order — **कोटि क्रम**

मूल्यों, प्राप्तांकों या व्यक्तियों की शृंखला को किसी निश्चित की गई विशेषता के अनुसार व्यवस्थित करना ।

rapport — **सौहार्द-स्थापन**

दो या दो से अधिक व्यक्तियों के संबंधों, उनकी प्रतिक्रियाओं अथवा आदान-प्रदान की परस्पर विश्वासपूर्ण एवं सहानुभूति की पूर्ण अवस्था, जैसे परीक्षक और परीक्षणाधीन व्यक्ति या सामाजिक कार्यकर्ता और सेवार्थी में पारस्परिक विश्वास का संबंध ।

rate buster — **मान भंजक, दर वर्धक**

किसी उद्योग में दलगत हित के बजाय व्यक्तिगत हित को ध्यान में रखने वाले ऐसे प्रतिभावान या प्रतिस्पर्धी कार्मिक जिनका निष्पादन अपेक्षाकृत कम कुशल एवं कम प्रतिभा वाले कार्मिकों के लिए घातक सिद्ध हो सकता है, विशेषकर तब जबकि प्रबंधक उस कार्मिक को आदर्श मानने लगे ।

rating scale — **निर्धारण मापनी**

किसी कर्मचारी की अर्हताओं, व्यक्तिगत योग्यताओं, व्यक्तित्व तथा कार्यों को पूर्वनिर्धारित मानक के आधार पर मापने की एक विधि । कर्मचारी के प्रत्येक गुण को आलेख में अंकित किया जाता है और कर्मशाला में उसके अनुमानित स्थान को निर्दिष्ट किया जाता है ।

raw score — **मूल प्राप्तांक**

किसी परीक्षण या माप उपकरण द्वारा उपलब्ध प्रारंभिक प्राप्तांक; किसी प्रेक्षण का वह मूल्य या परिणाम जिसका सांख्यिकीय-अनुशीलन किया गया हो ।

reaction — **प्रतिक्रिया**

किसी उद्दीपन के प्रति जीव द्वारा की जाने वाली कोई भी क्रिया चाहे वह किसी ग्रंथीय कार्य से संबंधित हो जैसे लार बहना या किसी पेशीय कार्य से संबंधित हो जैसे दौड़ना ।

reaction formation — **प्रतिक्रिया विधान**

किसी ऐसे विशेषक या व्यवहार के नियमित ताने-बाने का दृढ़ बन जाना जो किसी प्रबल अचेतन प्रवृत्ति का प्रत्यक्ष विरोधी हो, जैसे डर को दबाने या उससे

public relation — जन-संपर्क, लोक-संपर्क

किसी व्यक्ति, संगठन, व्यापारिक संस्थान अथवा सरकार द्वारा जन-समुदाय के उस वर्ग से सम्बन्ध स्थापित करना जिसकी अनुकूलता एवं सहयोग उसके कार्यों की सफलता के लिये आवश्यक होता है।

public welfare — जन-कल्याण, लोक-कल्याण

सामाजिक एवं आर्थिक संकटों से व्यक्तियों एवं परिवारों की रक्षा हेतु प्रदत्त 'वे राजकीय सेवाएं जिनका अंतिम लक्ष्य आत्म-निर्भरता प्राप्त करने में लोगों की सहायता करना होता है।

purposivism — प्रयोजनवाद

ऐसी कोई भी मनोवैज्ञानिक विचारधारा जिसमें उद्दीपनों के अलावा प्रयोजन को भी किसी न किसी रूप में व्यवहार का प्रभावकारी निर्धारक माना जाता है।

Q

quality bonus — गुणानुसार बोनस

कर्मचारियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर उत्साह वर्धन के लिये देय बोनस।

quantity bonus — मात्रानुसार बोनस

निर्धारित मानक से अधिक कार्य करने पर कर्मचारियों को दिया जाने वाला बोनस।

quartile — चतुर्थक

वह बिंदु जिससे किसी क्रमपूर्वक विन्यस्त समूह को चार भागों में बांटा जाता है।

questionnaire — प्रश्नावली, प्रश्नमाला

तथ्य संकलन की एक विधि। अपेक्षित तथ्यों के संकलन के लिये प्रश्न-सूची बनाकर अन्वेषक की सहायता के बिना या उसके द्वारा उत्तरदाता से तथ्यों के बारे में पूछना।

R

ranking method — श्रेणीकरण प्रणाली

किसी उद्योग के विभिन्न धंधों की उस उद्योग के सभी धंधों से पारस्परिक तुलना करके उनका ऐसा मापन करना जिससे प्रत्येक धंधे को उच्चतम से लेकर निम्नतम धंधे के सातत्य में एक निश्चित कोटि दी जा सके।

rank order **कोटि क्रम**

मूल्यों, प्राप्तांकों या व्यक्तियों की शृंखला को किसी निश्चित की गई विशेषता के अनुसार व्यवस्थित करना ।

rapport **सौहार्द-स्थापन**

दो या दो से अधिक व्यक्तियों के संबंधों, उनकी प्रतिक्रियाओं अथवा आदान-प्रदान की परस्पर विश्वासपूर्ण एवं सहानुभूति की पूर्ण अवस्था, जैसे परीक्षक और परीक्षणाधीन व्यक्ति या सामाजिक कार्यकर्ता और सेवार्थी में पारस्परिक विश्वास का संबंध ।

rate buster **मान भंजक, दर वर्धक**

किसी उद्योग में दलगत हित के बजाय व्यक्तिगत हित को ध्यान में रखने वाले ऐसे प्रतिभावान या प्रतिस्पर्धी कार्मिक जिनका निष्पादन अपेक्षाकृत कम कुशल एवं कम प्रतिभा वाले कार्मिकों के लिए घातक सिद्ध हो सकता है, विशेषकर तब जबकि प्रबंधक उस कार्मिक को आदर्श मानने लगें ।

rating scale **निर्धारण मापनी**

किसी कर्मचारी की अर्हताओं, व्यक्तिगत योग्यताओं, व्यक्तित्व तथा कार्यों को पूर्वनिर्धारित मानक के आधार पर मापने की एक विधि । कर्मचारी के प्रत्येक गुण को आलेख में अंकित किया जाता है और कर्मशाला में उसके अनुमानित स्थान को निर्दिष्ट किया जाता है ।

raw score **मूल प्राप्तांक**

किसी परीक्षण या माप उपकरण द्वारा उपलब्ध प्रारंभिक प्राप्तांक; किसी प्रेक्षण का वह मूल्य या परिणाम जिसका सांख्यिकीय-अनुशीलन किया गया हो ।

reaction **प्रतिक्रिया**

किसी उद्दीपन के प्रति जीव द्वारा की जाने वाली कोई भी क्रिया चाहे वह किसी ग्रंथीय कार्य से संबंधित हो जैसे लार बहना या किसी पेशीय कार्य से संबंधित हो जैसे दौड़ना ।

reaction formation **प्रतिक्रिया विधान**

किसी ऐसे विशेषक या व्यवहार के नियमित ताने-बाने का दृढ़ बन जाना जो किसी प्रबल अचेतन प्रवृत्ति का प्रत्यक्ष विरोधी हो, जैसे डर को दबाने या उससे इनकार करने के लिए व्यवहार का आक्रामक बन जाना ।

reaction time प्रतिक्रिया काल

उद्दीपन देने और उसके परिणामस्वरूप अनुक्रिया शुरु होने के बीच की अवधि या अंतराल।

readjustment पुनःसमायोजन

पूर्व मान्यताओं, पूर्वधारणाओं, पूर्वस्थापित तथ्यों और सिद्धांतों का पुनर्मूल्यांकन करके अपने विचारों और अस्वस्थ मान्यताओं म परिवर्तन कर लेना और नये संगत विचार अपना लेना।

reality principle वास्तविकता सिद्धांत

पर्यावरण की आवश्यकताओं का ज्ञान प्राप्त करके उनकी पूर्ति के लिये अपने व्यवहार को इस प्रकार समायोजित करना कि उसमे मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके।

real wage वास्तविक मजदूरी, वास्तविक वेतन

किसी भी व्यक्ति को अपने श्रम से प्राप्त समस्त लाभ; श्रमिक को अपने श्रम से उपलब्ध वेतन; इतरहित लाभ तथा नकद वेतन से प्राप्त समस्त वस्तुएं तथा सुविधाएं जिनसे उसके और उसके परिवार की आर्थिक-सामाजिक स्थिति प्रभावित होती हैं।

recall पुनःस्मरण

(1) विगत अनुभवों के फिर प्रकट होने की प्रक्रिया; किसी प्रतिमा की अनुभूति करना।

(2) पहले सीखे हुए शब्दों और अन्य सदृश सामग्री को दोहरा सकना।

receiving prison अभिग्राही कारागार

ऐसे कारागार या कारागार के खंड जहां अपराधी को प्रारम्भ में अस्थायी तौर पर रखा जाता है। वहां उसे कारागार-जीवन तथा व्यवस्था मे अवगत कराया जाता है। उसके व्यक्तित्व के मूल्यांकन, उसकी वैयक्तिक तथा सुधारात्मक आवश्यकताओं के आधार पर वर्गीकरण करके उसे उपयुक्त कारागार या सुधार संस्था में भेज दिया जाता है।

recidivism अपराध-व्यसन

बार-बार अपराध अथवा अपचार करने की प्रवृत्ति। अपराधी व्यवहार ऐसे व्यक्तियों के व्यक्तित्व का एक अभिन्न अंग बन जाता है।

ecognition **प्रत्यभिज्ञान**

(1) पूर्वानुभूति के कारण प्रत्यक्ष-स्थिति का परिचित लगना या उससे परिचित होने का आभास होना ।

(2) उस वस्तु का वोध जिसे पहले कभी देखा गया हो । स्मरण का एक रूप ।

ecreational therapy **मनोविनोद चिकित्सा**

मनोरोग के उपचार की एक प्रणाली जिसमे रोगी को विविध खेलों, सगीत कार्यक्रमो, सामाजिक उत्सवो और कलात्मक कार्यो आदि मे भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ।

ecreation centre **मनोरंजन केन्द्र**

ऐसा स्थान जहां खेलने, मनबहलाव अथवा अवकाशकालीन क्रियाकलापो के लिए सुविधाएं उपलब्ध हों ।

eference group **निर्देश समूह, संदर्भ समूह**

वह प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष समूह जिससे व्यक्ति मानसिक लगाव का अनुभव करता है और उसके सामाजिक मूल्यों, मनोवृत्तियो और व्यवहार प्रतिमानों को ग्रहण करता है तथा उससे तादात्म्य स्थापित करता है ।

eferral **1. परामर्श 2. संप्रेषण**

किसी व्यक्ति, संस्था अथवा सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा सेवार्थी को उसकी समस्या के किसी विशेप पक्ष अथवा सम्पूर्ण समस्या के समाधान के लिए किसी व्यक्ति अथवा अभिकरण के पास भेजना ।

eformation **सुधार आन्दोलन**

किसी विशेप सामाजिक ढाचे (प्रतिमान) मे कार्यात्मक सुधार । इसका उद्देश्य उसकी संरचना में परिवर्तन करना नही होता वलिक सामाजिक संरचना में परिवर्तन किये विना ही आपदा तथा कठिनाई का उन्मूलन तथा असमायोजन को दूर करने का प्रयास किया जाता है ।

reformatory **सुधारालय, सुधारगृह**

ऐसी सस्थाये जहा वालापचारी या वयस्क अपचारी सुधार के लिये रखे जाते है ।

regression **1. प्रतिगमन 2. समाश्रयण**

(1) क—आंतरिक या वाह्य सघर्षो से किसी प्रवृत्ति, आवश्यकता या लक्ष्य में वाधा पड़ने के कारण मानसिक शक्ति के प्रकृत प्रवाह का उलट जाना जिसमें

उसकी अभिव्यक्ति या तो बचकानी कल्पनाओं, अनुभवों या चेष्टाओं में होती है या बचपन के स्तर के व्यवहार में (मनोविश्लेषण)।

ख—दंड मिलने के बाद पहले से लुप्त किसी अनुक्रिया का फिर से प्रकट होना (अनुकूलन)।

(2) युग्मित चरों का ऐसा संबंध जिसे सरल या वक्ररेखा के समीकरण द्वारा व्यक्त किया जाए।

reinforcement — पुनर्बलन, प्रबलन

किसी तंत्रिकीय उत्तेजनकारी प्रक्रिया का दूसरी उत्तेजनकारी प्रक्रिया पर पड़ने वाला ऐसा प्रभाव जो उसकी प्रक्रिया की तीव्रता या प्रभाव क्षमता को बढ़ा देता है।

rejection — अस्वीकरण

एक प्रकार की अहम् रक्षा युक्ति जिसके माध्यम से व्यक्ति दुखद तथा बाह्य दबावों से मुक्ति पाने तथा अपना समायोजन करने का प्रयास करता है।

rehabilitation — पुनर्वास

वैयक्तिक, सामाजिक तथा मानसिक रूप से बाधित व्यक्तियों को अपने परिवेश, परिवार कार्य अथवा समाज में पुन:स्थापित करने की प्रविधि या प्रक्रिया।

relapse — पुनरावर्तन

किसी रोग अथवा अपराधी प्रवृत्ति का कुछ समय बाद पुन:प्रकट होना।

release therapy — निर्मोचन चिकित्सा

एक प्रकार की मनश्चिकित्सा जिसमें चिकित्सक अपनी देखरेख में रोगी की शत्रुतापूर्ण एवं विध्वंसकारी आवेगों की उन्मुक्त अभिव्यक्ति के लिए अवसर देकर उसे ठीक से समायोजन कर सकने योग्य बनाता है।

reliability — विश्वास्यता

किसी प्रेक्षण शृंखला, मापन उपकरण या संपूर्ण माप प्रक्रिया का एक जटिल गुणधर्म जिससे उसी उपकरण या प्रक्रिया का फिर अनुप्रयोग करने पर वही परिणाम प्राप्त होता है जो पहले होता था।

relief work — राहत कार्य, सहायता-कार्य

अकाल, बाढ़ या अन्य आपदाओं से पीड़ित व्यक्तियों को स्वैच्छिक एवं शासकीय अभिकरणों एवं अन्य संगठनों द्वारा दी जाने वाली सहायता।

remand home — प्रतिप्रेषण गृह

ऐसी संस्था जहां विचाराधीन बाल-अपराधी अथवा अरक्षित बालकों को उनके व्यवहार तथा व्यक्तित्व के अध्ययन तथा सुरक्षा के लिए अस्थाई रूप से रखा जाता है। ऐसी संस्थाओं को पर्यवेक्षण गृह भी कहा जाता है।

remedial institution — उपचारी संस्था

वे संस्थायें जो कुसमायोजित व्यक्तियों को सुधारने या उन्हें भली भांति समायोजित होने में सहायता पहुंचाती है।

remission — माफी, छूट, कमी

कारावास की अवधि में अच्छे आचरण, प्रशंसनीय श्रम संबंधी कार्य या किसी अन्य कारण से छूट देना।

replacement rate — प्रतिस्थापन दर

किसी प्रतिष्ठान में श्रम आवर्त की प्रतिशत दर।

repression — दमन

एक प्रकार की मानसिक प्रक्रिया जिसके द्वारा व्यक्ति का अहं उसके मन को अप्रिय लगने वाले और उसके आदर्शों का घोर विरोध करने वाले उद्देश्यों, विचारों या प्रत्यक्षों को अचेतन मन में ढकेल देता है जहां वे क्रियाशील रहते हुए परोक्षतः उसके व्यक्तित्व को प्रभावित करते रहते हैं। इसमें व्यक्ति का अहं उसके इन प्रसूत अनुभवों या उद्देश्यों को ही अस्वीकार नहीं करता अपितु उनकी सत्ता से ही इनकार करता है और उन्हें चेतन मन में नहीं आने देता।

reproduction age — जनन आयु

स्त्री की वह आयु जब वह संतानोत्पन्न करने के योग्य हो। सामान्यतः यह काल यौवनावस्था से रजोनिवृत्ति (12 वर्ष से 45 वर्ष) तक माना जाता है।

research design — अनुसंधान-अभिकल्प

अन्वेषण कार्य आरम्भ करने से पूर्व अन्वेषण संबंधी सभी कार्यों का पूर्वानुमान जिसमें समस्या का निरूपण, प्राक्कल्पनाओं का निर्धारण, तथ्य संकलन के स्रोत, तथ्य संकलन का क्षेत्र, निदर्शन विधि, तथ्य संकलन विधि तथा उपकरण और विश्लेषण आदि का संक्षिप्त विवरण शामिल होता है।

response — अनुक्रिया

(1) किसी अन्य मानसिक प्रक्रिया के कारण होने वाली कोई मानसिक प्रक्रिया जो ऐंद्रिय भी हो सकती है और काल्पनिक भी।

(2) जीव या व्यक्ति की कार्यनिष्पादक प्रक्रियाओं की इकाई विशेष ।

retardation — **मंदन**

मानसिक विकास, विशेषतः बुद्धि के विकास या शैक्षणिक उपलब्धियों मे पिछड़ जाना ।

retroactive pay — **पूर्वव्यापी वेतन**

वेतन में वृद्धि के कारण कर्मचारियों को किया जाने वाला वह भुगतान जो वेतन समझौते की तिथि से पूर्व किसी निश्चित तिथि से देय हो ।

retrogression — **पश्चगमन**

वर्तमान असतोषजनक परिस्थिति का सामना करने के लिए ऐसा व्यवहार करना जो विकास की किसी प्रारंभिक अवधि में संतोषप्रद रहा हो ।

retrospection — **पश्चावलोकन**

अपने व्यक्तिगत अनुभव पर ध्यान केंद्रित करके अपनी मानसिक क्रियाओं का स्वयं अवलोकन करके उन्हे समझने का प्रयास ।

role playing — **भूमिका निर्वाह**

किसी भूमिका को समझने की एक प्रणाली जिसमें उस भूमिका के सभी पहलुओं को विस्तार से और अच्छी तरह समझने के लिए कृत्रिम स्थितियों मे उसका अभिनय किया जाता है ।

rural community — **ग्राम समुदाय, ग्राम्य समुदाय**

पडौस से बाहर एक ऐसा क्षेत्र जहा के लोगों मे परस्पर प्रत्यक्ष सबध हों और वे उपलब्ध सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, धार्मिक और अन्य आवश्यक-सेवाओं का उपयोग सामूहिक रूप से करते हों और जिनकी मनोवृत्तिया और व्यवहार प्रतिमानो मे एकरूपता हो ।

rural community organization — **ग्राम्य सामुदायिक संगठन**

ग्रामीण समुदायो में समूहों और व्यक्तियो के बीच सबध स्थापित करने की एक प्रक्रिया जिससे वे ऐसी सुविधाओं को उपलब्ध करने और उन्हे बनाए रखने के लिए एक साथ काम कर सकें जिनके माध्यम से समुदाय के सभी सदस्यों के सार्वजनिक हित का महानतम लक्ष्य साकार हो सके ।

S

sadism — **सादीयता, परपीड़न-रति**

दूसरों को पीड़ा देकर काम सुख की अनुभूति करना ।

safe period (=sterile period) **सुरक्षित काल**

आर्तवचक्र के मध्य में कुछ ऐसे दिन जबकि संभोग करने पर स्त्री के गर्भ धारण की सभावना बहुत कम होती है।

safety appliance **सुरक्षा-युक्ति**

कर्मशाला या कारखाने में औद्योगिक दुर्घटना को कम करने अथवा कर्म-चारियों के बचाव की युक्ति।

sampling **प्रतिचयन, प्रतिदर्शग्रहण**

सांख्यिकी विश्लेषण आदि के लिए संपूर्ण जनसख्या या, किसी समूह में से यादृच्छिक रूप से कुछ लोगों को चुनकर उनके अध्ययन के आधार पर पूरी जन-सख्या की विशेषताओं का अनुमान लगाना।

schizoid personality **विदलनाभ व्यक्तित्व**

व्यक्तित्व का एक प्रकार। इस प्रकार के व्यक्तित्व वाला व्यक्ति सामूहिक जीवन से अलग होकर अकेला, स्वय में खोया या सिमटा रहता है। ऐसा व्यक्ति स्वभाव से संदेही, संयमी होता है और उसका शारीरिक गठन कृशकाय होता है।

school social work **विद्यालयीय समाज-कार्य**

शैक्षणिक परिवेश में प्रदान की जाने वाली वे समाजकार्य सेवाएं जो बालक के सामाजिक शैक्षणिक एव सावेगिक समायोजन में सहायक होती हैं।

scrip **पर्ची वेतन**

मजदूरी के आंशिक भुगतान स्वरूप मजदूरों को दिया जाने वाला एक प्रकार का प्रपत्र जिसके द्वारा प्रतिष्ठान भंडार से सामग्री खरीदी जा सके।

secondary setting **गौण परिवेश**

समाज-कार्य के वे क्षेत्र जिनमें सेवाएं प्रदान करने का मूल उत्तरदायित्व चिकित्सक, मनश्चिकित्सक अथवा परामर्शदाताओं का होता है और सामाजिक कार्यकर्ता उनकी सहायता के लिए कार्य करता है। चिकित्सकीय संस्थाएं, मनोरोग निदानशालाएं एवं बाल निर्देशन केन्द्र इसके उदाहरण हैं।

Sedentary occupation **आसनी व्यवसाय, बैठकी धंधा**

ऐसा व्यवसाय जिसमें व्यक्ति को सामान्यतः बैठे-बैठे ही कार्य करना होता है और शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय नहीं होना पड़ता, जैसे लेखा-कार्य, पत्राचार आदि।

self-consciousness — आत्म-चेतना

दूसरे लोगों के संदर्भ में अपने अस्तित्व और अपने विविध कार्यकलापों के प्रति अत्यधिक जागरूक रहने की प्रवृत्ति ।

self-differentiation — आत्मविभेदन

व्यक्ति की अपने को अपने समूह से किसी सीमा तक अलग और विलक्षण समझने की प्रवृत्ति ।

self discipline — आत्मानुशासन

व्यक्ति की वह योग्यता अथवा सामर्थ्य जिसके द्वारा वह आचरण या व्यवहार के स्वीकृत मानकों के अनुरूप अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है तथा उसके व्यवहार का नियमन करने वाली शक्ति का विकास बाह्य दबावों के परिणामस्वरूप न होकर स्वतः होता है ।

self identity — आत्म-तादात्म्य

व्यक्ति का वह भाव जो व्यक्तित्व के निरंतर विकास व परिवर्तन के बावजूद भी एक निश्चित प्रकार का बना रहता है और जिसके आधार पर वह अपने को अद्वितीय समझता है ।

self-knowledge — आत्मज्ञान

वृत्तिक प्रशिक्षण, कार्यानुभव, स्वाध्याय एवं पर्यवेक्षकीय सहायता द्वारा कार्यकर्ता का अपने पूर्वग्रहों, अभिनतियों एवं क्षमताओं से परिचित होने की स्थिति ।

समस्याग्रस्त सेवार्थी द्वारा कार्यकर्ता की सहायता से अपने व्यक्तित्व में निहित उन विभिन्न कारकों का बोध जो समस्याओं के उद्भव एवं उनके निराकरण में सहायक होते हैं ।

self support wage — आत्म-निर्भरता मजदूरी, आत्म-निर्भरता वेतन

मजदूरी की वह उचित मात्रा जो व्यक्ति के लिए आर्थिक आत्म-निर्भरता की दृष्टि से पर्याप्त हो ।

sex education — काम-शिक्षा, यौन-शिक्षा

(1) जननेंद्रिय तथा जनन-प्रक्रिया से संबंधित शिक्षा ।

(2) एक विशेष शैक्षिक कार्यक्रम या प्रक्रिया जिसके द्वारा व्यक्ति को स्वस्थ तथा मान्य तरीके से काम-संबंधी ज्ञान कराया जाता है ।

sex feeling — काम-भावना

अपने से विपरीत लिंग वालों के प्रति आकर्षण की अनुभूति, संवेग या भाव ।

sex hygiene — 1. यौन-स्वास्थ्य-रक्षा
2. यौन-स्वास्थ्य विज्ञान

(1) जननेंद्रियों को स्वस्थ रखने से संबंधित कार्य ।

(2) स्वस्थ काम-संबंध स्थापित करने तथा काम-वासना से संबंधित मन: शारीरिक अभिव्यक्तियों एवं कामुक आवेगो पर नियंत्रण आदि से संबधित अध्ययन ।

sex offender — कामापराधी

काम संबंधी सामाजिक तथा वैधानिक व्यवस्थाओं अथवा नियमों का उल्लंघन करने वाला व्यक्ति, जैसे समलिंगी मैथुन, परस्त्री गमन या बलात्कार करने वाला व्यक्ति ।

sexual deviation — काम विचलन

काम संबंधी सामाजिक मानको से हटकर आचरण करने की प्रवृत्ति ।

sexual instinct — काम प्रवृत्ति

(1) कामाकर्षण और मैथुन की प्रवृत्ति जो पूर्ण रूप से तो नही किन्तु बहुत हद तक जन्मजात होती है ।

(2) प्राय : प्रत्येक प्रकार की सुखेप्सामूलक प्रवृत्ति के लिए प्रयुक्त शब्द ।

shift — पारी

किसी औद्योगिक प्रतिष्ठान में प्रति दिन के कार्य का वह हिस्सा जबकि श्रमिक निरंतर कार्य करते हैं । पारी विशेष के प्रारंभ और समाप्ति का समय प्रति-दिन प्राय. एक ही होता है ।

short shift — अंशकालिक पारी, अल्पकालिक पारी

सपूर्ण पारी से कम समय तक कार्य करने वाले कर्मचारियों की पारी ।

shut down — कामबंदी

श्रम-विवाद, आर्थिक कठिनाई या कच्चे माल के न मिलने की स्थिति में किसी प्रतिष्ठान या कर्मशाला को संचालकों द्वारा बंद कर देना ।

sibling rivalry — सहोदर स्पर्धा

सगी संतान की पारस्परिक प्रतिस्पर्धा भावना । यह भावना प्राय: तब उत्पन्न होती है जब एक बच्चे को दूसरे से अधिक प्यार मिलता है ।

sickness benefits — बीमारी सुविधाएं, बीमारी हितलाभ

अस्वस्थ होने की स्थिति में कर्मचारियों को प्राप्त होने वाली सुविधायें या हितलाभ ।

single company union — एकल कंपनी संघ, एकल प्रतिष्ठान संघ

एक ही प्रतिष्ठान या कम्पनी के सदस्यों को शामिल करके बनाया गया श्रम संगठन ।

single employer bargaining — एकल मालिक सौदाकारी, एकल नियोक्ता सौदाकारी

एक ही नियोक्ता से संबंधित सामूहिक समझौता ।

single-plant bargaining — एकल कारखाना सौदाकारी

एक ऐसा सामूहिक समझौता जिसे एक ही मालिक के अधीन चलने वाले कई संयंत्रों में से किसी एक के कर्मचारियों के प्रतिनिधि और मालिक मिलकर करते हैं । यह समझौता केवल उसी एक संयंत्र पर लागू होता है ।

single shift system — एकल पारी पद्धति

उद्योगों अथवा कर्मशालाओं में काम के घंटों को इस प्रकार नियत करना कि उनमें कर्मचारियों की एक ही पारी का उपयोग हो । प्रायः यह कार्यकाल प्रातः 7-9 बजे से आरंभ होकर दोपहर बाद 3-5 बजे तक होता है ।

single union bargaining — एकल संघ सौदाकारी

एक प्रकार की सामूहिक सौदाकारी जिसमें केवल एक मजदूर संघ शामिल होता है ।

sit down strike — हाजिर हड़ताल

वह हड़ताल जिसमें श्रमिक या कर्मचारी अपनी मशीनों अथवा कार्यस्थलों पर उपस्थित होते हुये भी विरोध प्रदर्शनस्वरूप कार्य नहीं करते । उस स्थिति में मालिक यदि अन्य व्यक्तियों को काम पर लगाना भी चाहे तो वह वैसा नहीं कर सकता ।

situational approach — स्थितिपरक उपागम

सामाजिक या व्यक्तिगत समस्याओं का विश्लेषण एकल कारणों या व्यक्तिगत विशेषकों के आधार पर न करके पूरी स्थिति के अनुरूप करना ।

skill — कौशल, कुशलता

किसी विशिष्ट कार्य को अपेक्षित योग्यतापूर्वक सम्पादित करने की क्षमता जो प्रशिक्षण एवं अभ्यास द्वारा प्राप्त की जाती है ।

skill differential — कुशलता विभेदक

अधिक कुशल श्रमिकों या कर्मचारियों को कम कुशल कर्मचारियों से अधिक वेतन देना ।

sliding wage scale — विसर्पी मजदूरी मान

पूर्व निर्धारित सूत्र के अनुसार जीवन निर्वाह सामग्री की बिक्री दर में परिवर्तन के अनुसार वेतन-दर को समायोजित करना ।

slow down — कार्यमंदन

कर्मचारियों के एक समूह द्वारा काम की गति धीमी करके उत्पादन दर में कमी करने का प्रयास ।

snap strike — आकस्मिक हड़ताल

किसी अन्य प्रतिष्ठान के कर्मचारियों से सहानुभूति दिखाने अथवा अपनी ही कर्मशाला की प्रतिकूल कार्य-परिस्थितियों के विरोध स्वरूप अचानक अल्पकाल के लिए हड़ताल कर देना ।

social action — सामाजिक क्रिया

सामाजिक संरचना एवं सामाजिक संस्थाओं में परिवर्तन लाने के उद्देश्य से किया गया योजनाबद्ध और संगठित प्रयास जिसके माध्यम से जन-समुदाय या उसके किसी वर्ग को जागृत करके कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाता है ।

social agency — सामाजिक अभिकरण

सामाजिक नीतियों और उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सामाजिक तथा कल्याणकारी सेवाएं प्रदान करने वाला संगठन ।

social case work — व्यक्तिगत समाजकार्य

वृत्तिक समाजकार्य की एक विधि जिसमें समाज-कार्यकर्ता सेवार्थी की समस्याओं और विशिष्टताओं का अध्ययन और निदान करके उसकी सहायता करता है ताकि वह अपनी क्षमताओं का विकास तथा उनका समुचित उपयोग करके अपनी समस्याओं का हल स्वयं कर सके और अपने परिवेश से समायोजन कर सके ।

social diagnosis — सामाजिक निदान

सामाजिक कठिनाइयां उत्पन्न करने वाले उन तत्वों एवं कारकों का पता लगाना जिससे व्यक्ति के व्यवहार की व्याख्या उसके सामाजिक परिवेश में की जा सके और उसके लिये सामाजिक उपचार का कार्यक्रम बनाया जा सके ।

social discrimination — सामाजिक भेदभाव, सामाजिक विभेदन

समान सामाजिक प्रस्थिति वाले व्यक्तियों और समूहों के साथ किसी व्यक्ति, समूह या समुदाय द्वारा असमान व्यवहार करना । इस प्रवृत्ति के कारण समूहों

पर अनुचित और विवेकहीन ढग से बोझ लादने और उन्हें सुविधाओं से वंचित करने के कार्य किए जाते हैं।

social disorganisation **सामाजिक विघटन**

किसी भी समाज या समूह में उत्पन्न होने वाली विघटन, विक्षोभ, द्वन्द्व या मत भिन्नता की प्रवृत्ति जो सुस्थापित सामाजिक आदतों, व्यवहारों, सामाजिक संस्थाओं और सामाजिक नियंत्रणों को इस प्रकार प्रभावित करती है कि बिना किसी मध्यमार्गीय समायोजन के उसका सामंजस्यपूर्ण ढंग से कार्य करना असभव हो जाता है।

social distance **सामाजिक अंतर**

समाज में भिन्न-भिन्न हैसियत रखने वाले सदस्यों की अंत: क्रियाओं में उत्पन्न होने वाला अवरोध अथवा कठिनाई। यह अवरोध जातीय अथवा राष्ट्रीय या संस्थागत भिन्नता के कारण उत्पन्न हो सकता है।

social drive **सामाजिक अंतर्नोद**

सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवेश जन्य अन्तःक्रियाओं से उत्पन्न वह शक्ति जो व्यक्ति को अपनी जैविक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बाध्य करती है।

social dynamics **सामाजिक गतिकी**

किसी संस्कृति, संस्था या समाज में होने वाले परिवर्तनों के कारणों का अध्ययन।

social group **सामाजिक समूह**

ऐसे व्यक्तियों का एक समूह जिनमें परस्पर मानसिक अन्योन्यक्रिया होती हो फिर भी उनका अस्तित्व एक-दूसरे से अलग-अलग हो। सामाजिक समूह को अपना अस्तित्व कायम रखने के लिए सदस्यों के साथ स्थायी संपर्क रखना आवश्यक होता है ताकि यह अंत क्रिया अविच्छिन्न बनी रहे।

social group work **समूह समाज-कार्य**

वृत्तिक समाज कार्य की एक विधि जिसमें समूह की सामाजिक अन्तःक्रिया के माध्यम से व्यक्ति तथा समूह की क्षमताओं का विकास इस प्रकार किया जाता है कि वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति और समस्याओं का समाधान स्वयं करके अपने परिवेश से समायोजन कर सकें।

social group work method **समूह-समाज-कार्य पद्धति**

वृत्तिक समाज कार्य की एक विधि जो सामाजिक कार्यकर्ता और उसके सेवार्थी-समूह के पारस्परिक संबंधों पर आधारित होती है। इस संबंध में वृत्तिक

उपयोग के माध्यम से ही कार्यकर्ता सदस्यों और समूचे समूह को व्यक्तिगत तथा समष्टिगत उद्देश्यों की पूर्ति में सहायता प्रदान करता है ।

social guidance — सामाजिक निर्देशन, सामाजिक मार्गदर्शन

परिवार, पाठशाला अथवा अन्य सामाजिक संस्थाओं द्वारा व्यक्ति का पथप्रदर्शन इस प्रकार करना कि वह अपनी क्षमताओं का विकास कर सके, स्वयं सही मार्ग पर चल सके तथा समाज के लिये अधिक से अधिक उपयोगी हो सके ।

social hygiene — समाज-स्वास्थ्य रक्षा

सामाजिक संबंधों को स्वस्थ और सुदृढ़ बनाने तथा समाज से वेश्यावृत्ति तथा रतिज रोगों का उन्मूलन करने का विज्ञान ।

social insurance — सामाजिक बीमा

सामाजिक सुरक्षा की एक पद्धति जिसके अन्तर्गत बीमाकृत व्यक्तियों को कुछ विशेष आपदाओं में सुरक्षा प्रदान की जाती है । सहायता-कोष का निर्माण बीमाकृत सदस्यों के अंशदान से किया जाता है और उन्हें बेरोजगारी, बीमारी, शारीरिक या मानसिक बाधाओं तथा मृत्यु जैसी आपदाओं में आर्थिक हितलाभ तथा आवश्यकतानुसार चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान की जाती हैं ।

socialized medicine — समाजीकृत चिकित्सा

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की एक नवीन प्रवृत्ति जिसके अन्तर्गत प्रत्येक व्यक्ति को उसकी आय अथवा सामाजिक स्थिति का विचार किए बिना समान रूप से आधुनिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाती हैं ।

social legislation — सामाजिक विधान

समाज में पिछड़े वर्गों तथा बाधाग्रस्त व्यक्तियों को राहत प्रदान करने, उनकी बाधाओं को दूर करने तथा सामाजिक ढांचे में मूल रूप से परिवर्तन करने के लिए बनाए गए विधान ।

social policy — सामाजिक नीति

सामाजिक संरचना तथा सामाजिक नियंत्रण के उद्देश्यों, विधियों तथा भावी स्वरूप के बारे में एक स्थिर दृष्टिकोण ।

यह दृष्टिकोण सुव्यक्त या घोषित हो सकता है अथवा अस्पष्ट और केवल कार्यक्रमों तथा कार्यविधियों में निहित मात्र हो सकता है ।

social process — सामाजिक प्रक्रिया

वे सामाजिक परिवर्तन या अन्तः क्रियाएं जिनमें एक सामान्य प्रतिमान दृष्टिगोचर होता है और जिसे पहचाना जा सकता है। अन्य प्रक्रियाओं की ही भांति यह प्रक्रिया भी समाज की संरचना में परिवर्तन से संबंध रखती है।

social rejects — समाज अस्वीकृत व्यक्ति, समाज निरसित व्यक्ति

सामाजिक कुंठाओं, अवरोधों, उपेक्षाओं अथवा तिरस्कार के कारण विद्रोही बन गए युवकों का वर्ग। उनके रोष या विद्रोह की अभिव्यक्ति मार-पीट, झगड़ा-फसाद या अन्य अपराधी कार्यों में होती है।

social research — सामाजिक अनुसंधान

किसी समस्या के समाधान, परिकल्पना के परीक्षण अथवा कुछ नये तथ्यों या उनके पारस्परिक संबंधों के निर्धारण के लिए किसी वैज्ञानिक पद्धति का अनुसरण करते हुए अध्ययन करना।

social security — सामाजिक सुरक्षा

व्यक्तिगत या सामाजिक दृष्टि से असमर्थ होने या प्राकृतिक आपदाएं आने पर राज्य द्वारा दी जाने वाली सहायता जिसका उद्देश्य व्यक्ति की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को न्यूनतम स्तर पर कायम रखना होता है। इस प्रकार की सुरक्षात्मक सहायता मुख्यतः बेकारी, बीमारी या दुर्घटना आदि की स्थिति में दी जाती है।

social self — सामाजिक अहम्

(1) अन्य लोगों द्वारा किसी व्यक्ति को उसके सामाजिक अनुभवों तथा व्यक्तित्व के व्यवहारगत विशिष्ट गुणों के आधार पर देखना।

(2) अपेक्षित सामाजिक भूमिकाएं निभा सकने के लिए अपनी योग्यताओं की चेतना तथा उन गुणों का ज्ञान जिससे किसी व्यक्ति को अन्य लोग सम्मान की दृष्टि से देख सकें।

social service — समाज सेवा

किसी भी समुदाय अथवा राज्य में जनसाधारण के जीवन-स्तर को सुविधापूर्ण एवं उन्नत बनाने के लिए प्रदत्त सेवाएं, जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, मनोरंजन, संचार, आवास आदि की सुविधाएं।

social survey — **सामाजिक सर्वेक्षण**

(1) किसी स्थान विशेष में रहने वाले व्यक्तियों के किसी समूह के क्रिया-कलापों एवं सामाजिक संस्थाओं के अध्ययन की एक पद्धति ।

(2) किसी स्थान विशेष में रहने वाले व्यक्तियों के रहन-सहन एवं कार्य दशाओं के संबंध में किया गया तथ्य-संकलन ।

social trust — **सामाजिक विश्वास**

अपने तथा अन्य व्यक्तियों में आस्था या निष्ठा रखना। बच्चे इस गुण को माता-पिता, परिवार के सदस्यों या पड़ोस के संसर्ग में विकसित करते हैं। व्यक्ति के अधिकाश लक्ष्य सामाजिक विश्वास से ही प्राप्त होते हैं ।

social wage — **सामाजिक मजदूरी**

एक व्यापक अवधारणा जिसका तात्पर्य उस मजदूरी से है जिससे श्रमिक अपनी आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने के अतिरिक्त आराम तथा विलास के कुछ साधन भी जुटा सकता हो ।

social welfare — **समाज कल्याण**

(1) ऐसी व्यक्तिगत अथवा सार्वजनिक सेवाएं जिनका उद्देश्य सामाजिक स्थितियों में सुधार तथा सामाजिक विकृतियों को दूर करके सामाजिक कल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाना होता है ।

(2) बाधित, पिछड़े हुये तथा निर्बल व्यक्तियों एवं वर्गों के हितलाभ और उत्थान के कार्य ।

social work — **समाज-कार्य**

व्यक्तियों, समूहों, समुदायों और सामाजिक संस्थाओं को सहायता देने की कला और विज्ञान जिससे वे अपने को एक दूसरे के संदर्भ में देख और समझ सकें, अपनी बाधाओं, पिछड़ेपन, व्यक्तिगत और सामाजिक अंतराल तथा अल्प-अधिकार की स्थिति का निदान कर सकें, गरिमा और अवसरों की समानता की प्रस्थिति में आने और अपनी स्थिति सुधारने के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से अच्छा और पूर्ण जीवन बिताने के लिए अपना विकास कर सकें ।

समाज कार्य में व्यक्ति वर्तमान स्थिति के लिए ही नहीं वरन् मानव गरिमा, भातृ-भाव, समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर आधारित भविष्यो-न्मुख समाज के लिए भी सक्षम बनते हैं ।

social work agency समाजकार्य अभिकरण

ऐसा संगठन जिसके माध्यम से सामाजिक कार्यकर्ता एवं अन्य विशेषज्ञ अपने वृत्तिक ज्ञान और कौशल और संस्था में उपलब्ध सुविधाओं के उपयोग द्वारा व्यक्तियों तथा समूहों को उनकी सामाजिक, आर्थिक एवं मानसिक समस्याओं के उन्मूलन तथा सर्वांगीण विकास करने में सहायता पहुंचाते है ।

socio-drama समाज-नाटक

नाटक अथवा अभिनय के माध्यम से समाज-स्वीकृत अथवा समाजोपयोगी व्यवहार की शिक्षा देना ।

sociogram समाज-आलेख

किसी समूह के सदस्यों के बीच वास्तविक अन्योन्यक्रियाओं या कुछ वांछित या स्वीकार्य अन्योन्यक्रियाओं को दिखाने वाला आरेख ।

sociopathic delinquent समाज विरोधी अपचारी

बार-बार अपराध करने वाले वे बालक या व्यक्ति जिनका व्यक्तित्व, आचरण और व्यवहार विकृत प्रतीत होता है अथवा जो समाज-स्वीकृत नियमों का पालन नहीं करते । वे संवेगशील, आक्रोशयुक्त, अपराध की भावना से युक्त, अन्तर्वैयक्तिक संबंधों को बनाने और उसे कायम रखने में असमर्थ तथा अपने अनुभवों से लाभान्वित होने के अयोग्य होते हैं ।

sole bargaining right सौदाकारी एकाधिकार

मजदूर-संघों अथवा कर्मचारियों के किसी समूह को प्राप्त वह कानूनी अथवा संविदात्मक अधिकार जिसके द्वारा वे किसी प्रतिष्ठान अथवा उद्योग-समूह के श्रमिकों के लिए सामूहिक सौदाकारी के मामले में एक-मात्र अभिकर्ता अथवा प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर सकते हैं ।

solitary confinement एकांत कैद, एकांत परिरोध

कारागारों में कठोर दण्ड देने का एक तरीका जिसके अन्तर्गत कैदी को एक संकरी कोठरी में बंद किया जाता है जहा उसे भोजन व अन्य वस्तुएं बहुत कम दी जाती हैं और उसे किसी से बातचीत की भी मनाही होती है । उत्पीडन के लिए उसे जंजीर से इस प्रकार बांध दिया जाता है कि उसे अपने अंग संचालन में भी बड़ी कठिनाई होती है ।

sparetime work अवकाशकालीन कार्य

श्रमिक अथवा कर्मचारी द्वारा अपने पूर्णकालिक नियमित कार्य के अतिरिक्त शेष समय में किसी अन्य स्थान पर किया जाने वाला कार्य ।

specialisation of labour — **श्रम-विशिष्टीकरण**

काम की समस्त प्रक्रिया को उपखंडों में विभाजित करके प्रत्येक उपक्रिया को विभिन्न श्रमिक या कर्मचारी समूहों के सुपुर्द कर देना ।

staggering shift — **सांतर पारी**

अधिक लोगों को रोजगार देने के उद्देश्य से किसी संयंत्र अथवा उद्योग की पारियों के घंटो तथा वेतन में कटौती करके अतिरिक्त पारी की व्यवस्था करना ।

standard deviation — **मानक विचलन**

किसी परीक्षण में आवृत्ति वितरण के फैलाव का माप । इसका पता लगाने के लिए व्यक्तिगत अकों की माध्य से दूरिया मालूम करके उनके वर्गों के मध्य का वर्गमूल निकाल लिया जाता है ।

standard hours — **मानक घंटे**

काम के निर्धारित घटे जिसके लिये श्रमिकों अथवा कर्मचारियों को एक नियमित वेतन प्राप्त होता है और उक्त घंटों के बाद काम करने के लिए अतिरिक्त वेतन दिया जाता है ।

standard performance — **मानक निष्पादन**

कार्य की निर्धारित मात्रा जिसे किसी कर्मचारी के लिए एक निश्चित समय में पूरा करना आवश्यक है ।

standard rate — **मानक दर**

सामूहिक सौदाकारी, कम्पनी विधान या कानून द्वारा किसी संयत्र, उद्योग अथवा समुदाय में किसी कार्य के लिए निर्धारित वेतन की दर ।

standing order — **स्थायी आदेश**

किसी औद्योगिक प्रतिष्ठान में सेवा की शर्तों, अनुशासनिक कार्यवाही, कार्यमुक्ति एवं अवकाश आदि के सबंध में प्रबंध अथवा सरकार द्वारा बनाये गये नियम जिनका पालन श्रम और प्रबंध दोनों को करना आवश्यक होता है। इन आदेशों अथवा नियमों का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक विवादों की रोकथाम और अच्छे श्रम-प्रबंध संबंधों का विकास करना होता है ।

status — **स्थिति, प्रतिष्ठा**

व्यक्ति का किसी संस्था, संगठन या समाज में या तो प्राप्त या दिया गया स्थान । सामान्यत: व्यक्ति अपने को जो कुछ समझता है तथा समाज के अन्य सदस्यों द्वारा वह जिस रूप में समझा जाता है वही उसके समाज में उसकी स्थिति होती है ।

stay-in strike — अवस्थान हड़ताल

कार्य स्थल पर उपस्थित रहते हुए भी कर्मचारियों द्वारा कार्य न करना अथवा कम उत्पादन करना ।

sterile period — वंध्यकाल

दे० safe period

sterilization — वंध्यकरण

शल्य-क्रिया द्वारा व्यक्ति की संतान उत्पन्न करने की सामर्थ्य को समाप्त कर देना ।

stimulus question — उद्दीपन प्रश्न

वे प्रश्न जो साक्षात्कार या पारस्परिक वार्ता के अन्तर्गत व्यक्ति को प्रोत्साहित या उत्तेजित करने का कार्य करते हैं ।

stress — खिचाव

आन्तरिक दबाव या संकट की वह स्थिति जिससे व्यक्ति छुटकारा पाने अथवा सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास करता है । अत्यधिक खिचाव व्यक्ति को व्याधिग्रस्त बना सकता है ।

strike — हड़ताल

रोजगार की शर्तों में किये गये परिवर्तन के विरोध में अथवा अपनी मांगों को मनवाने के लिये कर्मचारियों द्वारा आपसी सहमति अथवा संघ के निर्देशों के अनुसार काम बंद कर देना ।

strike ballot
(=strike vote) — हड़ताल मत

हड़ताल करने या न करने के लिए किया गया मतदान ।

strike benefits — हड़ताल हितलाभ

श्रम संघ द्वारा हड़ताल में भाग ले रहे श्रमिकों को देय नकद सहायता । इसके लिए धन श्रमिकों के वेतन से नियमित रूप से इकट्ठा किया जाता है ।

strike breaker — हड़ताल भंजक

हड़ताल की अवधि में भी अपने कार्य को जारी रखने वाला व्यक्ति जिसके कारण हड़ताल के असफल होने की संभावना होती है ।

strike fund — हड़ताल कोष

मजदूर संघों द्वारा इकट्ठा किया गया कोष जिसका उपयोग हड़ताल संबंधी कार्यवाहियों का संचालन करने तथा हड़ताली कर्मचारियों की आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिये किया जाता है।

strike notice — हड़ताल नोटिस

कानून अथवा सामूहिक सौदाकारी समझौते की व्यवस्था जिसके अनुसार संघों के लिए यह अनिवार्य है कि वे हड़ताल करने के पूर्व हड़ताल करने के दिन तथा समय की सूचना दें।

strong ego — बलिष्ठ अहम्, प्रबल अहम्

वह अहम् जो व्यक्ति को परिपक्व व्यवहार करने की शक्ति देता है। भय, मुसीबत, विरोध एवं आपदा की स्थिति में सही दृष्टिकोण, वस्तुबोध, उचित निर्णय एव विवेकपूर्ण क्रियान्वयन की उत्कृष्ट क्षमता बलिष्ठ अहं की द्योतक है।

stuttering — हकलाना

बोलते समय किसी शब्द पर ध्वनि का क्षणिक या कुछ समय के लिए अवरुद्ध हो जाना। ध्वनि किसी शब्द पर पूर्ण रूप से अवरुद्ध हो सकती है अथवा शब्द अटक-अटक कर पुन: बाहर निकल सकता है जैसे ल——ल——लड़का। यह दोष बाल्यकाल के भय, चिन्ता, कठोर अनुशासन तथा दोषपर्ण शिक्षण के कारण उत्पन्न हो जाता है।

subconscious — अवचेतन

ऐसी प्रक्रियाएं जिनके प्रति व्यक्ति सचेत तो नही होता किन्तु फिर भी वे किसी न किसी रूप में चेतन अनुभव के निकट प्रतीत होती हैं।

subjective factor — व्यक्तिनिष्ठ कारक

संवेग, अनुभूति अथवा अभिवृत्ति जैसी अभ्यांतरिक स्थितियों से संबंध होने से व्यक्ति स्थितियों और घटनाओं की व्याख्या करते समय वैज्ञानिक वास्तविकता को कम और अपने अनुभवों और अनुभूतियों को अधिक महत्व देता है।

sublimation — उदात्तीकरण

आदिम प्रवृत्तियों, विशेषतः काम आवेग या लिबिडो की शक्ति को सामाजिक दृष्टि से उपयोगी लक्ष्यों की ओर दिशातरित कर उन्हें परिष्कृत रूप देने की अचेतन प्रक्रिया।

submission — अधीनता

प्रत्यक्ष वार्तालाप के समय प्रकट होने वाला एक प्रकार का व्यवहार जिसकी विशेषता यह होती है कि एक व्यक्ति दूसरे के समक्ष आत्मसमर्पण कर देता है या उसकी श्रेष्ठता स्वीकार कर लेता है अथवा अपने व्यवहार को उसके व्यवहार जैसा बनाने का प्रयास करता है।

subsistence allowance — निर्वाह भत्ता

किसी उद्योग से संबंधित कार्य के लिए बाहर जाने वाले कर्मचारियों को मिलने वाली वह राशि जिसे वे अपनी यात्रा के दौरान भोजन, निवास-स्थान और परिवहन आदि पर खर्च करते हैं।

subsistence wage — निर्वाह-मात्र मजदूरी, निर्वाह मात्र वेतन

श्रमिकों की वह मजदूरी जिससे उनकी न्यूनतम आवश्यकताओं की ही पूर्ति होती हो।

suggestion — संसूचन

(1) ऐसी प्रक्रिया जिससे कोई व्यक्ति बिना किसी तर्क-वितर्क, आदेश, अधिकार या दबाव के दूसरे व्यक्ति को किसी खास ढंग से काम करने या किसी बात को मान लेने के लिए प्रत्यक्ष रूप से प्रेरित करता है।

(2) शाब्दिक या अन्य संचार माध्यम जिसके द्वारा कोई व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को कोई काम करने के लिए प्रेरित करता है।

suggestion bonus — सुझाव बोनस

श्रमिक अथवा कर्मचारी द्वारा महत्वपूर्ण व लाभदायक सुझाव देने के लिए बोनस के रूप में दिया गया पुरस्कार।

super-ego — पराहम्

माँ-बाप और समाज से सीखी हुई नैतिक धारणाओं के आधार पर निर्मित व्यक्तित्व का नैतिक पक्ष जिसके दो अंग होते हैं—अहम् आदर्श और अन्तर्विवेक।

supervision — पर्यवेक्षण, देखरेख

समाज-कार्य प्रशिक्षण की एक विधि जिसके अन्तर्गत पर्यवेक्षक प्रशिक्षार्थी को सहायता प्रदान करते समय सामाजिक परिवेश को ध्यान में रखता है ताकि प्रशिक्षार्थी अपने शैक्षणिक उद्देश्यों को प्राप्त करते हुये संस्था के लक्ष्यों की पूर्ति में भी योगदान दे सकें।

supervisor rating — **पर्यवेक्षक योग्यता-मूल्यांकन**

पर्यवेक्षक की योग्यता का मूल्यांकन उसके स्वयं के कार्यों को तथा उसके अधीन व्यक्तियों द्वारा किये गय कार्यों को दृष्टि में रख कर करना।

supportive therapy — **पोषक चिकित्सा**

मनश्चिकित्सा का एक प्रकार जिसमें चिकित्सक रोगी की सहायता प्रत्यक्ष रूप से करता है। वह उसकी समस्याओं का विश्लेपण करके उसके हल के उपायों को सुझाता है और उसे स्वस्थ होने के लिए प्रोत्साहित करता है।

supportive treatment — **समर्थक चिकित्सा**

वैयक्तिक सेवाकार्य की एक प्रविधि जिसके अन्तर्गत कार्यकर्ता सेवार्थी को कोई नई जानकारी नहीं देता बल्कि तदात्मीकरण, शिक्षण, निर्देशन, विश्वासीकरण तथा सामान्यीकरण आदि उपप्रविधियों के द्वारा सेवार्थी में साहस और उत्साह का संचार करके उसकी अहम् शक्ति को सबल बनाता है। इसके फलस्वरूप सेवार्थी के मानसिक तनाव तथा दोष भावना का शमन होता है और उसमें आत्म-विश्वास एवं स्वस्थ रूप से कार्य करने के लिए अपेक्षित शक्ति का विकास होता है।

symbolism — **लाक्षणिकता, प्रतीकात्मकता, प्रतीकवाद**

(1) प्रतीकों का प्रयोग करना।

(2) दमित इच्छाओं आदि को प्रकट करने के लिए प्रतीकों का प्रयोग।

symbolization — **प्रतीकीकरण**

प्रतीकों का अचेतन रूप से उपयोग करना जिससे अचेतन इच्छायें (स्वप्न आदि के द्वारा) चेतन स्तर तक आ सकें।

sympathetic strike — **सहानुभूतिक हड़ताल**

उन उद्योगों और संयंत्रों के कर्मचारियों द्वारा की गई हड़ताल जिन्हें अपने नियोजकों से यद्यपि कोई शिकायत नहीं होती पर वे अन्यत्र हड़ताल कर रहे श्रमिकों के साथ अपनी एकता का परिचय देते हुए उनकी मांगों को मनवाने के लिए समर्थन देते हैं।

syndrome — **संलक्षण**

किसी रोग या मनोविकार के सूचक अनेक लक्षणों का समूह।

T

take home pay — **निवल वेतन**
(=net pay)

कुल वेतन में से जीवन बीमा, भविष्य निधि आदि की राशि कम करके श्रमिक को दिया गया वह वेतन जिसे वह घर ले जाता है।

team approach — दल-दृष्टिकोण

किसी अभिकरण के तत्वावधान में किसी विशेष केस, विषय या समस्या पर विभिन्न विशेषज्ञों जैसे चिकित्सक, मनोवैज्ञानिक तथा सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा विचार-विमर्श और कार्य प्रणाली का निर्धारण।

temperament — चित्तप्रकृति

(1) संवेगात्मक प्रतिक्रियायें करने के लिए किसी व्यक्ति की पहले से बनी हुई प्रवृत्ति।

(2) शरीर के ऊतकों में लगातार होते रहने वाले रासायनिक परिवर्तनों का व्यक्ति के मानसिक जीवन पर पड़ने वाला कुल प्रभाव।

(3) कायरसों के आधार पर व्यक्तित्व का चार रूपों में वर्गीकरण: पित्तप्रकृति, वातप्रकृति, श्लैष्मिक प्रकृति और रक्तप्रकृति।

tendency — प्रवृत्ति

(1) अनेक उद्दीपनों के होते हुए भी किसी जीव का विशेष प्रकार का ही व्यवहार करने की विशेषता।

(2) गति-परिवर्तन, घटनाक्रम या किसी सामग्री की ऐसी विशिष्टता जिससे किसी ऐसे बिन्दु या लक्ष्य की ओर निश्चित प्रगति की दिशा का पता चलता हो जो वस्तुतः अप्राप्य हो।

tension — तनाव

आवश्यकताओं की पूर्ति न होने, लक्ष्य-प्रवण व्यवहार में अवरोध उत्पन्न होने अथवा किसी कुंठा के कारण उत्पन्न होने वाली संवेगात्मक अशांति की अवस्था जिसके कारण संतुलित व्यवहार कर सकने में बाधा पड़ सकती हो।

terminal arbitration — अंतिम विवाचन

सामूहिक सौदाकारी प्रक्रिया की वह चरम सीमा जहा दोनों पक्ष किसी फैसले से सहमत हो जाते हैं और उसे अन्तिम मानते हैं।

test score — परीक्षण प्राप्तांक

किसी परीक्षण या परीक्षण एकांश में व्यक्ति के निष्पादन को दिया गया निश्चित परिमाणात्मक (सामान्यतः सांख्यिक) मान।

thanatos — मुमूर्षा, मरण प्रवृत्ति

वह मूल प्रवृत्ति जो जीवन को नष्ट करती है। शारीरिक दृष्टिकोण से यह मानव शरीर को नष्ट करने वाली शक्ति है। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से यह शक्ति

व्यक्ति के अन्दर विद्रोह एवं क्रोध का भाव पैदा करती है। जब जीवन में यह प्रवृत्ति प्रबल होती है तो व्यक्ति विद्रोह एवं संहार करता है और चीजों को नष्ट करता है तथा मानव जाति को समाप्त कर देता है। ऐसी प्रबल प्रवृत्ति के कारण व्यक्ति बड़ा आलोचक, कटुभाषी, अपराधी तथा समाज विद्रोही बन सकता है।

therapist चिकित्सक

चिकित्सा की तकनीकों का ज्ञान और उसके उपयोग की क्षमता रखने वाला व्यक्ति।

thumb sucking अंगूठा चूसना

शारीरिक एवं मानसिक आवश्यकता की पूर्ति की एक स्थानापन्न विधि तथा भय एवं असुरक्षा की स्थिति में अपने को आराम में रखने का बालक का प्रयत्न। जब बालक भयावह स्थिति तथा असुरक्षा का मुकाबला नहीं कर पाता तो वह माता-पिता की सहायता मांगने की अपेक्षा अपने ही शैशवकाल की स्थिति में लौट जाने तथा संतुष्टि प्राप्त करने के उद्देश्य से अंगूठा चूसने लगता है। विकसित आयु में इस आदत को एक व्यवहार-दोष या व्यक्तित्व-दोष समझा जाता है।

thyroid gland अवटु ग्रंथि

एक अन्तःस्रावी ग्रंथि जिसके दोनों खंड ऊपरी श्वासनलिका के दोनों ओर फैले होते हैं और जिसका स्राव शरीर के आधारिक चयापचय की वृद्धि और उसके नियमन के लिए विशेष महत्वपूर्ण होता है।

time card समय-कार्ड
(=clock card)

ऐसा कार्ड जिस पर कर्मचारी के काम पर आने तथा जाने का समय घड़ी द्वारा अंकित किया होता है।

time wage कालपरक मजदूरी

श्रमिकों अथवा कर्मचारियों को घंटेवार, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक अथवा वार्षिक दर से देय वेतन।

token strike सांकेतिक हड़ताल

थोड़े समय के लिये कार्य बंद करके इस बात का संकेत दे देना कि समझौता न होने की स्थिति में पूर्ण हड़ताल हो सकती है।

training within industry (T.W.I.) — **अंतः उद्योग प्रशिक्षण**

कतिपय उद्योगों द्वारा चालू किया गया एक कार्यक्रम जिसके अन्तर्गत कर्मचारियों की नियुक्ति के पश्चात् उन्हें काम का प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि उनकी योग्यता का पूर्ण लाभ उठाया जा सके।

trait — **विशेषक**

(1) आनुवंशिक रूप से प्राप्त या अर्जित की गई कोई ऐसी विशेषता जो सुसंगत और स्थायी हो।

(2) उद्देश्यों और आदतों का मेल जिससे प्रत्येक व्यक्ति का व्यवहार अलग-अलग तरह से निर्धारित होता है।

trait theory — **विशेषक सिद्धांत**

व्यक्तित्व का एक विशिष्ट सिद्धांत जो ऐसी आवश्यकताओं की बहुलता पर बल देता है जो विभिन्न व्यक्तियों में भिन्न-भिन्न होती हैं। इसके अनुसार प्रत्येक व्यक्ति के बाल्यकालीन अनुभव विलक्षण होते हैं जिनसे उनके अलग-अलग विलक्षण विशेषक विकसित होते हैं और प्रत्येक व्यक्ति के अभिप्रेरकों में कार्यात्मिक स्वायत्तता होती है।

transference — **अन्यारोपण**

मनोविश्लेषक के प्रति किसी रोगी की संवेगात्मक अभिवृत्ति का विकास जो सौहार्दपूर्ण (भावात्मक) भी हो सकता है और शत्रुतापूर्ण (निषेधात्मक) भी। इस संवेगात्मक अभिवृत्ति का विकास विश्लेषण के समय की स्थिति पर निर्भर न कर इस बात पर निर्भर करता है कि रोगी के अपने माता-पिता या दोनों में से किसी एक के प्रति कैसे संबंध थे।

transformation — **रूपांतरण**

किसी दमित अनुभूति का चेतन मन में बिलकुल प्रतिकूल या किसी प्रच्छन्न रूप में प्रकट होना।

transportation — **निर्वासन, देश निकाला**

दंड का एक प्रकार जिसके अन्तर्गत जघन्य अपराध करने वाले व्यक्ति को देश से निर्वासित कर दिया जाता था। भारत में पहले इस प्रकार के दंड पाने वाले व्यक्ति को अंडमान द्वीप भेज दिया जाता था किन्तु अब ऐसे अपराधियों को आजीवन कारावास का दंड दिया जाता है।

tripartite board — **त्रिपक्षीय मंडल, त्रिपक्षीय बोर्ड**

श्रमिकों, प्रबंधकों तथा सरकार के प्रतिनिधियों का संयुक्त मण्डल।

U

unconscious — **अचेतन**

(1) (अ) ऐसी क्रिया जिसके प्रति उसका कर्ता बेखबर हो ।
(ब) ऐसा व्यक्ति जो अपने द्वारा की जा रही क्रियाओं को न जाने ।

(2) फ्रायड की विचारधारा में मन की वे गतिशील प्रक्रियाएं जो अपनी प्रभाव-क्षमता और तीव्रता के बावजूद चेतन स्तर तक नहीं पहुंच पाती और जिन्हें संकल्प या स्मृति के द्वारा भी चेतन अनुभव के क्षेत्र में नहीं लाया जा सकता ।

undertrial — **विचारणाधीन**

ऐसा अभियुक्त जिसका मामला न्यायालय या किसी अन्य न्यायिक अभिकरण के विचाराधीन होता है ।

undertrial convict — **हवालाती, विचाराधीन अभियुक्त**

ऐसा व्यक्ति जिस पर कानून भंग करने का आरोप हो और जिसके विरुद्ध किसी न्यायाभिकरण में मामला चल रहा हो ।

undirected interview — **अनिदेशित साक्षात्कार**

ऐसा साक्षात्कार जिसमें साक्षात्कारकर्ता अपेक्षाकृत कम सक्रिय होता है । वह केवल मैत्री एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण तैयार करता है जिसमें पात्र अपने को सुरक्षित और स्वीकृत अनुभव करता है और अपने विचारों को स्पष्टता और निर्भयता से प्रकट कर सकता है ।

unemployment benefits — **बेकारी हितलाभ, बेकारी भत्ता**

राज्य, रोजगार क्षतिपूर्ति नियम, बेकारी बीमा अथवा मजदूर संघों द्वारा बेकार श्रमिकों को प्रति सप्ताह आर्थिक सहायता के रूप में कुछ धन देने की व्यवस्था ।

unemployment compensation — **बेरोजगारी प्रतिपूर्ति**

बेरोजगार व्यक्तियों को जीवन निर्वाह के लिए दी जाने वाली धन राशि । अधिकांश स्थितियों में यह धनराशि उन्हीं व्यक्तियों को दी जाती है जो किसी न किसी प्रतिष्ठान में पहले कार्यरत थे और बाद में यान्त्रिकीकरण, नवीन प्रविधियों के प्रयोग या अन्य किसी कारण से बेरोजगार हो गये हों तथा उन्हें पुनः रोजगार मिलने की सम्भावना हो ।

unemployment *insurance* — ***बेरोजगारी बीमा, बेकारी बीमा***

कर्मचारी को बेरोजगार होने की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा हेतु बीमा ।

unemployment relief — बेरोजगारी सहायता, बेकारी राहत

सरकार द्वारा उन व्यक्तियों को आर्थिक सहायता प्रदान करना जो काम के लिये उपयुक्त और तैयार तो हों पर किन्ही कारणों से उन्हें काम न मिल पाया हो।

unfair labour practice — अनुचित श्रम व्यवहार

अपनी मांगों की पूर्ति के लिए श्रमिकों या श्रम संघों द्वारा ऐसे तरीकों को अपनाना जो विधि सम्मत न हों।

union rate — संघ अनुमोदित दर

वेतन अथवा पारिश्रमिक की वह राशि जो किसी पेशे में कार्य करने वाले व्यक्तियों के लिये घंटेवार, साप्ताहिक अथवा मासिक दर से संघों द्वारा अनुमोदित हो और सघ के सदस्यो के लिये आवश्यक हो कि वे उक्त दर पर ही कार्य करना स्वीकार करें।

union shop — संघ समर्पित प्रतिष्ठान

ऐसा प्रतिष्ठान जिसमें प्रबंधक किसी भी व्यक्ति को कार्य पर रख सकता है किन्तु उस कर्मचारी के लिए एक निश्चित अवधि में मान्यता प्राप्त श्रमिक संघ का सदस्य बनना अनिवार्य होता है।

union wage — संघ वेतन, संघ मजदूरी

मजदूरी की वह दर जो एक या अनेक श्रम संघो द्वारा सामूहिक सौदाकारी के माध्यम से नियोक्ता या उनके संघ से तय होती है।

usuary — सूदखोरी

उधार दी गई राशि पर सामान्य से अधिक दर पर ब्याज लेने की कुप्रवृत्ति।

V

validity — वैधता

साधारण अर्थ में किसी सिद्धांत और उसके मान्य अर्थ का यथार्थ तथ्यों के अनुरूप होना।

वैज्ञानिक दृष्टि से किसी मापदंड के आधार पर तथ्यों की विश्वसनीयता की अभिव्यक्ति।

value conflict — मूल्य अंतर्द्वन्द्व

व्यक्ति की वह मानसिक अवस्था जिसमें वह वैयक्तिक मूल्यों तथा सामाजिक मूल्यों में विरोध पाता है और फलस्वरूप किसी निश्चित मानक या आदर्श से तादात्म्य

स्थापित नहीं कर पाता । यह स्थिति प्राय: जटिल समाज में किशोरावस्था के व्यक्तियों में अधिक पाई जाती है ।

vasectomy — **शुक्रवाहिनी कर्तन, नसबंदी**

वास डेफरेन्स (अंडकोष से शिश्न तक शुक्राणुओं के पहुंचने के लिये विशेष नलिका) को काटकर उसके दोनो सिरों को अलग-अलग बांध देना । परिवार नियोजन के निमित्त पुरुषों की यह शल्यक्रिया अत्यंत सरल है जिसे स्थानीय संवेदनशून्यता की स्थिति में किया जाता है । इसमें पुरुष की रतिक्रियाओं में कोई अन्तर नहीं आता ।

venereal disease — **रतिज रोग**

जननांग तथा मूत्रमार्ग की वे बीमारियां जो मैथुन के माध्यम से अन्य व्यक्तियों के शरीर में पहुचती हैं, जैसे सिफलिस और गोनोरिया ।

verbalization — **शाब्दिक अभिव्यक्ति**

रोगी को अपनी उन दबी हुई इच्छाओं या भावनाओं को प्रकट करने के लिए उत्साहित करना जो उसकी मनोदशा या व्यवहार में बाधा उत्पन्न करती है ।

vocation — **व्यवसाय, पेशा, वृत्ति**

वह कार्य या व्यवसाय जिसे व्यक्ति अपने जीविकोपार्जन के लिए करता है ।

vocational counselling — **व्यावसायिक परामर्शन**

व्यक्ति अथवा कर्मचारी की वैयक्तिक तथा सामाजिक आकांक्षाओं, अभिरुचियों और क्षमताओं के मूल्यांकनोपरांत तदनुरूप अधिकाधिक उपयोगी और उपयुक्त व्यवसाय के लिये परामर्श देना ।

vocational interest blank — **व्यावसायिक अभिरुचि पत्र**

स्ट्रांग द्वारा बनाई गई एक सूची जिससे अनेक व्यवसायों और उपव्यवसायों से संबंधित कामों के प्रति किसी व्यक्ति की पसंद-नापसंद और उदासीनता का पता लगाया जाता है और इस आधार पर कौन व्यक्ति किस काम के लिए अधिक उपयुक्त होगा इसे पहले से निर्दिष्ट किया जा सकता है ।

vocational psychology — **व्यावसायिक मनोविज्ञान**

मनोविज्ञान की एक शाखा जिसमें किसी व्यवसाय को चुनने, उसके लिए उपयुक्त कार्मिकों का चुनाव करने और उन्हें प्रशिक्षण देने से संबंधित समस्याओं पर मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों का अनुप्रयोग किया जाता है ।

vocational rehabilitation — **व्यावसायिक पुनर्वास**

मंदी, युद्ध, बीमारी, दुर्घटना अथवा अन्य कारणों से बेकार हुए व्यक्ति को

vocational training — व्यावसायिक प्रशिक्षण

विशिष्ट व्यवसायों में कुशलतापूर्वक कार्य करने के लिये व्यक्ति को उचित प्रशिक्षण देना। इस प्रकार के प्रशिक्षण की व्यवस्था नियोक्ताओं, मजदूर संघों अथवा सार्वजनिक निधियों द्वारा संचालित विद्यालयों के माध्यम से की जाती है।

voluntary arbitration — स्वैच्छिक विवाचन

विवाचन की एक प्रक्रिया जिसके अन्तर्गत मतभेद अथवा विवाद से संबद्ध पक्ष विवाद को पंच निर्णय के लिये एक तीसरे व्यक्ति अथवा व्यक्तिसमूह को सौंपने को परस्पर सहमत हो जाते हैं और उसके निर्णय को मानने के लिए नैतिक रूप से बाध्य होते हैं।

voluntary association — 1. स्वैच्छिक साहचर्य 2. स्वैच्छिक संस्था

सामूहिक हित के कार्यों को पूरा करने में रुचि रखने वाले व्यक्तियों का स्वेच्छा से संगठित समूह।

voluntary check-off — स्वैच्छिक चंदा कटौती

नियोक्ता द्वारा श्रमिक संघ का सदस्यता शुल्क वेतन से काटकर संघ को देने की प्रथा।

voluntary parenthood — स्वैच्छिक पितृत्व

शारीरिक स्वास्थ्य एवं आर्थिक स्थिति को ध्यान में रख कर तथा बच्चों की जन्म दरों में पर्याप्त अंतर देने के इच्छुक माता-पिता द्वारा परिवार को नियोजित करने का प्रयास।

W

wage — मजदूरी
(=wages)

मजदूर को परिश्रम के बदले में मिलने वाला धन तथा सुविधाएं।

wage analysis — मजदूरी विश्लेषण

मजदूरी का अध्ययन। इसके अन्तर्गत विभिन्न व्यवसायों की मजदूरी दरों की तुलना भौगोलिक मजदूरी दर अन्तर का अध्ययन, निश्चित अवधि में परिलक्षित होने वाली मजदूरी दरों की प्रवृत्तियों का मूल्यांकन तथा नकदी और वास्तविक मजदूरी दरों के अन्तर आदि का अध्ययन किया जाता है।

wage award — मजदूरी पंचाट, मजदूरी पंचनिर्णय

श्रमिकों और प्रबंधकों के बीच मजदूरी संबंधी विवादों के निवारण के लिये नियुक्त विवाचक या विवाचन-मंडल अथवा अन्य प्राधिकारी अभिकरण का फैसला।

wage differential **मजदूरी अंतर, मजदूरी विभेद**

एक ही प्रकार के अथवा विभिन्न प्रकार के कार्मिकों को देय वेतन दरों में अन्तर। इस अन्तर के कारण हैं श्रमिकों की आयु, शिक्षा, कौशल, सेवा-अवधि, जाति, लिंग भेद आदि।

wage dividend **मजदूरी लाभांश**

नियमित मजदूरी के अतिरिक्त श्रमिकों को उद्योग में होने वाले लाभ का कुछ अंश देना।

wage rate **मजदूरी दर**

वेतन अथवा मजदूरी की वह मात्रा जो मजदूर को प्रतिघंटा, प्रतिदिन, प्रति सप्ताह, प्रतिमाह अथवा उत्पादन की प्रति इकाई के हिसाब से दी जाती है।

warning notice **चेतावनी सूचना**

कर्मचारी के कार्य का रिकार्ड असंतोषजनक होने की स्थिति में उसे नियोक्ता द्वारा कार्य मुक्त किये जाने की चेतावनी।

white collar criminal **सफेदपोश अपराधी**

वह व्यक्ति जिसकी गणना समाज में प्रतिष्ठित लोगों में की जाती है पर जो अपने व्यावसायिक क्रियाकलापों में दंड-विधि का उल्लंघन करता है।

white collar union **सफेदपोश कर्मचारी संघ**

केवल सफेदपोश व्यवसायों जैसे लेखन, प्रशासन आदि कार्यों में लगे व्यक्तियों के व्यावसायिक संघ।

white collar worker **सफेदपोश बाबू**

वे व्यक्ति जो सफेदपोश व्यवसाय में लगे हों। इस वर्ग में श्रमिक नहीं आते।

widowhood **विधवापन, वैधव्य**

पति की मृत्यु के पश्चात् स्त्री की वह अवस्था जो पुनर्विवाह न करने के समय तक रहती है।

wishful thinking **अभिलाषाकल्पित चिंतन**

तर्क संगत तथ्यों के स्थान पर अभिलाषाओं तथा इच्छाओं द्वारा व्यक्ति की चिंतन प्रक्रिया का नियंत्रित होना।

withdrawal **विनिवर्तन**

(1) एक प्रकार की रक्षा-युक्ति जिसके द्वारा व्यक्ति किसी संघर्षपूर्ण, द्वंद्वात्मक या कुंठाजनक स्थिति से अपने आपको बौद्धिक, शारीरिक

या सांवेगिक रूप में हटा लेता है और दिवास्वप्न, तन्द्रालुता, मद्य एवं अन्य मादक और स्वापक औषधियों का सहारा लेकर अपनी समस्याओं को भूल जाना चाहता है।

(2) व्यक्ति का अकेलेपन और शक्तिहीन होने का बोध कराने वाले जगत के प्रति उदासीन या सक्रिय रूप से विध्वंसशील होना।

workers' education — **कामगार शिक्षण, श्रमिक शिक्षण**

श्रमिकों को अपने श्रम संबंधी तथा नागरिक अधिकारों एवं कर्त्तव्यों का ज्ञान कराने, श्रमिक संघ आन्दोलन को मजबूत बनाने, तथा श्रमिकों की श्रेणी से ही नेतृत्व के विकास के लिए शिक्षा देना।

work force — **श्रमिक संख्या, श्रमबल**
(=labour force)

(1) एक निश्चित समय अथवा अवधि में 14 वर्ष (किन्ही देशों में 16 वर्ष) या इससे अधिक आयु के स्त्री पुरुषों की कुल सख्या जो रोजगार में लगे हों या रोजगार के लिये उपलब्ध हों।

